मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	43.0	25.0
जमशेदपुर	44.0	25.1
डालटनगंज	43.8	26.0

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

मंगलवार 30 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 07 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 22

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

पीड़िता के बयान पर पूर्व पीएम के बेटे रेवन्ना और पोते प्रज्वल पर एफआईआर दर्ज, सैकड़ो वीडियो हो रहे वायरल

भाजपा के शीर्ष नेताओं को पता था देवेगौड़ा के पोते ने किया हजारों महिलाओ का योन शोषण

शुभम संदेश नेटवर्क। बेंगलुरु

पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा का परिवार कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गया है. देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण मामले में एफआईआर दर्ज की गई है. ये एफआईआर उनकी कुक की शिकायत पर दर्ज की गई है. कुक का दावा है कि वो रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है. ये एफआईआर होलेनरासीपुर थाने में दर्ज की गई है.

वहीं, इस पूरे मामले की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने एसआईटी गठित कर दी है. कर्नाटक महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने एसआईटी जांच की मांग की थी. तीन सदस्यों की एसआईटी की अध्यक्षता एडीजीपी बिजय कुमार सिंह कर रहे हैं. सीएम सिद्धारमैया ने एसआईटी को जल्द से जल्द जांच पूरी करने का आदेश दिया है. एचडी रेवन्ना होलेनरासीपुर से जनता दल (सेक्युलर) के विधायक हैं. वहीं, उनके बेटे प्रज्वल हासन सीट से

- **बेटा एचडी** रेवन्ना विधायक और पोता प्रज्वल लोकसभा का उम्मीदवार
- **विदेश भागा** आरोपी, कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए गठित की एसआईटी
- **पीएम मोदी** ने हासन के प्रत्याशी प्रज्वल के समर्थन में की थी चुनावी रैली

लोकसभा सांसद हैं. प्रज्वल इस बार भी हासन से चुनाव लड़ रहे हैं. 26 अप्रैल को यहां वोट डाले जा चुके हैं. वहीं, कर्नाटक महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं. दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट करवा रहे हैं.

पीड़िता ने सुनाई दर्दनाक कहानी

रेवन्ना के घर पर काम करने वाली मेड ने एफआईआर दर्ज कराई है. उसने एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल पर यौन शोषण का आरोप लगाया है. इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 354(ए) (यौन शोषण), 354(डी) (पीछा करना), 506 (धमकाना) और 509 (बोलकर या इशारों से महिला की गरिमा का अपमान करना) के तहत केस दर्ज कर लिया है. पीड़िता होलेनरासीपुर की रहने वाली है. उसका पति एचडी रेवन्ना की मिल्क डेयरी में मजदूरी करता है. दावा है कि पीड़िता एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है.

अपनी शिकायत में उसने बताया है कि 2019 में रेवन्ना के बेटे सूरज रेवन्ना की शादी के दौरान काम करने के लिए उसे बुलाया गया था. तभी से वो यहां काम कर रही थी. उसका आरोप है कि रेवन्ना उसे कमरे में बुलाते रहते थे. वहां छह और महिला कर्मचारी होती थीं. प्रज्वल रेवन्ना के घर आने पर सभी महिलाएं डर जाती थीं. घर में काम करने वाले पुरुष कर्मचारियों ने सावधान रहने को कहा था.

उसने आरोप लगाया है कि जब रेवन्ना की पत्नी नहीं होती थी, तब वो स्टोर रूम में बुलाते थे और फल देने के बहाने इधर-उधर छूते थे. वो साड़ी के पिन निकाल देते थे और यौन शोषण करते थे. एफआईआर के मुताबिक, महिलाएं जब किचेन में काम कर रही होती थीं, तब प्रज्वल आकर उन्हें पीछे से गले लगा लेते थे और उनके पेट पर मुक्का मारते थे. महिला ने दावा किया है कि प्रज्वल उनकी बेटी को वीडियो कॉल करता था और उससे फ्लर्ट करने की कोशिश करता था. जिसके बाद उसकी बेटी ने प्रज्वल का नंबर ब्लॉक कर दिया. पीड़िता का कहना है कि हाल ही में प्रज्वल रेवन्ना के कथित यौन शोषण वाले वीडियो वायरल हुए हैं, जिसे देखकर वो डर गई थी. पति भी शक करने लगा था और डर था कि अगर हमारा वीडियो भी बाहर आ गया, तो क्या करेंगे.

सैकड़ों वीडियो भी हो रहे वायरल

पिछले कुछ दिनों से हासन में सैकड़ों अश्लील वीडियो भी वायरल हो रहे थे, जिसमें कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना दिखाई दे रहे थे. इसके बाद राज्य महिला आयोग ने एसआईटी जांच की मांग की थी. वहीं, प्रज्वल ने अपने पोलिंग एजेंट पूर्णचंद्र तेजस्वी के माध्यम से आईटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराई थी. प्रज्वल ने वायर वीडियो में छेड़छाड़ करने का दावा किया है.

भाजपा के बड़े नेताओं को भी थी जानकारी

इस बीच भाजपा नेता देवराजे गौड़ा की एक चिट्ठी भी सामने आई है, जो उन्होंने पिछली साल दिसंबर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को लिखी थी. ये चिट्ठी देवराजे ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भी लिख कर जानकारी दी थी. 8 दिसंबर 2023 को लिखी इस चिट्ठी में देवराजे गौड़ा ने दावा किया था कि उनके पास एक पेनड्राइव है, जिसमें महिलाओं के यौन शोषण के करीब तीन हजार वीडियो हैं. देवराजे ने अपनी चिट्ठी में आरोप लगाया था कि प्रज्वल रेवन्ना समेत एचडी देवेगौड़ा के परिवार के कई नेताओं पर गंभीर आरोप हैं और जेडीएस के साथ हम गठबंधन में हैं. उन्होंने दावा किया था कि उनके पास एक पेनड्राइव है, जिसमें कुल 2,976 वीडियो हैं. इन वीडियोज में कुछ महिला सरकारी अफसर भी दिख रहीं हैं. इन वीडियो का इस्तेमाल सेक्सुअल एक्टिविटी में शामिल रहने के लिए महिलाओं को ब्लैकमेल करने के लिए किया जा रहा है.

प्रज्वल कैसे चला गया जर्मनी

वहीं, मामला सामने के बाद प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गया है. बताया जा रहा है कि प्रज्वल बेंगलुरु से जर्मनी चला गया है. सीएम ऑफिस की ओर से जारी बयान में भी प्रज्वल के देश से बाहर जाने की बात कही गई है. कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने मीडिया से कहा कि अगर प्रज्वल विदेश चले गए हैं, तो उन्हें वापस लाने की जिम्मेदारी एसआईटी की है. डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि मीडिया में बताया जा रहा है कि वो भाग गया है. ये अक्षम्य अपराध है. ये शर्मनाक है. वो एक सांसद और पूर्व पीएम का पोता है. वो उसी संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करता है, जहां से पूर्व प्रधानमंत्री सांसद थे. वहीं, पूर्व सीएम और प्रज्वल के चाचा कुमारस्वामी ने कहा कि अगर वो विदेश में है, तो उसे वापस लाना एसआईटी की जिम्मेदारी है. शेष पेज 07 पर...

सर्राफा

सोना (बिक्री)	67,900
चांदी (किलो)	85,000

ब्रीफ खबरें

जैक इंटरमीडिएट का रिजल्ट आज

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा इंटर का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया जाएगा. जैक सुबह 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स व आर्ट्स का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा. इंटर के 94 हजार 433 स्टूडेंट्स ने विज्ञान की परीक्षा दी थी. 25 हजार 907 कॉमर्स व 2 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे. 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की वेबसाइट jacresults.com, jac.jharkhand.gov.in और lagatar.in पर चेक कर सकते हैं. परीक्षा में करीब 4 लाख छात्र शामिल हुए थे. परीक्षाएं 6 फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं.

पीएम के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं

गुर्मत्कल (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी गांधी परिवार को गाली दे रहे हैं क्योंकि उनके पास श्रेय लेने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है. अब तो उनके सहयोगी जेडीएस के पिता-पुत्र सेक्स स्कैंडल में भी फंस गये हैं.

देश को मजबूर नहीं, मजबूत पीएम चाहिए

मधुबनी/बेगूसराय। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास अगले पांच सालों के लिए प्रधानमंत्री पद का कोई एक चेहरा नहीं होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व चाहिए. पेज 11 भी देखें

शक्ति प्रदर्शन के साथ कल्पना ने गांडेय से किया नामांकन

इंडिया सभी सीटें जीतेगा: सीएम

शुभम संदेश टीम। रांची/गिरिडीह

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू कल्पना सोरेन मुर्मू ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल नेता व मंत्री आलमगीर आलम, कल्पना सोरेन के देवर व मंत्री बंसत सोरेन, राजद नेता एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह आदि शामिल हुए. नामांकन के बाद पपरवाताड़ मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया. जिसमें गठबंधन के नेताओं के अतिरिक्त पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, हफीजुल अंसारी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, डा सरफराज अहमद, विधायक डॉ. इरफान अंसारी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक और गिरिडीह के प्रत्याशी मथुरा महतो, पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद नेता गौतम सागर राणा, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक कुमार पिंटू, सुनील श्रीवास्तव सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव के साथ-साथ झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया के प्रत्याशियों की जीत होगी. सीएम ने कहा कि झारखंड झुकने वाला नहीं है. मोदी सरकार राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. फिर भी हम अपनी योजनाएं चला कर विकास को गति दे रहे हैं. हेमंत ने झारखंड को नया रास्ता दिखाया, तो मोदी सरकार को अच्छा नहीं लगा. इन लोगों ने हमारे नेता को जेल भेज दिया. इस दौरान सभी नेताओं ने एक सुर में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली और आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को करारा जवाब देने का संकल्प लिया.

- **शिबू सोरेन,** सीएम चंपाई, बंसत सहित इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने लिया हिस्सा
- **कल्पना ने कहा :** हेमंत सोरेन को चहारदिवारी में कैद कर सकते हैं, पर उन्हें और उनकी सोच को नहीं
- **हेमंत का** डीएनए शिबू सोरेन और आदिवासी का है, आदिवासी खून का मान रखना है
- **झारखंड की** सभी 14 सीटें इंडिया गठबंधन को जीत कर दें, केंद्र की नजर में सौतेला है झारखंड
- **अबुआ** आवास, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री फुले बाई योजना सहित कई योजनाएं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने दिया

हेमंत हमारे दिल में हैं: कल्पना सोरेन

जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि आज के दिन एक जन की कमी है यहां पर, ओ जन हैं हेमंत सोरेन जी. इस अवसर पर दो तरह की भावना मेरे मन के अंदर चल रही है. एक भावना शारीरिक तौर वे जेल के अंदर हैं, जिसके मालिक हैं हेमंत सोरेन, उन्हें जेल के अंदर बंद करके रखा गया है. मगर दूसरी बात, हेमंत सोरेन की सोच को आप बंद नहीं कर पाएंगे. यहां पर एक-एक कर्मठ जन, बेटा, बेटी, बड़े, बुजुर्ग सभी हेमंत सोरेन हैं. हेमंत सोरेन की सोच को कोई रोक और बंद नहीं सकता है. चहारदिवारी तो बहुत छोटी जगह है. मेरा आग्रह है कि इस भावना और जोश को बनाए रखिएगा. आज हमारे बीच बैठे हैं. झारखंड के निर्माता, हमारे माननीय हैं. आदरणीय दिशुम गुरु शिबू सोरेन जी. मैं भाग्यशाली हूं कि की इनकी बहू हूं. बाबा का आशीर्वाद एवं हेमंत सोरेन का आशीर्वाद है. गांडेय केवल एक सीट नहीं, यह झामुमो का ताज है. गिरिडीह हमारे माननीय दिशुम गुरु जी की कर्मभूमि है. इतने आंदोलनकारी यहां रहे हैं जिन्होंने अपना जीवन और सर्वस्व न्योछावर कर दिया. हमारे पीछे मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, पिता जी और माता जी है. इसके बावजूद हमें जो जिम्मेवारी गुरुजी और हेमंत जी के द्वारा दी गयी है. मैं इस संकल्प को आगे बढाते हुए यही कहूंगी कि मुझे मौका दीजिए.

आपकी कल्पना आपके साथ खड़ी है

कल्पना ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी महिलाएं खीरा, ककड़ी बेच रही हैं. ये कड़ी मेहत कर रही हैं. इनसे मैंने सीखा है कि मुझसे अधिक तकलीफ में हमारी बहने, माताएं हैं. हमें मौका मिला, तो मुझे महसूस हुआ कि यहां पर सिंचाई और पानी की कमी है. यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी. धान कटनी के बाद बहुत सारे काम हैं. हमारे यहां काम करने के लिए. हमारे यहां जलवायु परिवर्तन हो रहा है. इसमें काम करने की जरूरत है. महिलाओं के लिए, बच्चियों के लिए महिला डिग्री कॉलेज खुलवाने का काम करूंगी. दीदियों के लिए स्वरोजगार की व्यवस्था कराना है. आपकी कल्पना यहां खड़ी है, आपकी कल्पना को पूरा करना है. हेमंत सोरेन का डीएनए ही आदिवासी हैं, क्योंकि वो गुरुजी के बेटे हैं. इस आंदोलनकारी खून का मान रखना है. आने वाले चुनाव में झारखंड से 14 की 14 सीट इंडिया गठबंधन को देना है. केंद्र सरकार की नजर में झारखंड सौतेला है. हेमंत सोरेन ने 1 लाख, 36 हजार करोड़ मांगा, तो उन्हें जेल में डाल दिया गया. हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, सावित्री फुले बाई योजना सहित कई योजनाएं दी. ये लोग कुछ करेंगे नहीं. इनलोगों को करारा जवाब देना है. शेष पेज 07 पर...

चुनावी समर 2024

दो चरण के चुनाव में ही विपक्ष का डब्बा गोल हुआ

सोलापुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दो चरणों के मतदान में विपक्षी इंडिया गठबंधन का डब्बा गोल हो गया है. लोग इस चुनाव में अगले पांच वर्ष के लिए विकास की गारंटी को चुनेंगे. दूसरी ओर वो लोग है जिन्होंने 2014 से पहले देश को आतंकवाद, भ्रष्टाचार और कुशासन के गर्त में धकेल दिया था. अपने कलंकित इतिहास के बाद भी कांग्रेस फिर से देश की सत्ता हथियाने का सपना देख रही. इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महायुद्ध चल रहा है. क्या आप देश किसी ऐसे व्यक्ति को सौंप सकते हैं, जिसका नाम तय न हो, जिसका चेहरा न मालूम हो? क्या इतना बड़ा देश आप उन्हें दे सकते हैं? ये नकली शिवसेना वाले कह रहे हैं कि उनकी पार्टी में पीएम पद के लिए कई लोग हैं और उनके एक नेता ने कहा कि हम चार पीएम बनाएं तो क्या जाता है? विपक्षी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं इसलिए वे झूठ फैला रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे. मैं चुका हूं कि अगर खुद बाबा साहब चाहें तो भी वह संविधान और आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, तो मोदी का तो सवाल ही नहीं उठता.

हमारी सरकार बनी तो देश में आर्थिक सर्वे कराएगी कांग्रेस

पाटन (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे. देश की 90% आबादी एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों की है, लेकिन आपको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों या नौकरशाही में उनका प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा. हम सत्ता में आने पर सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे. राहुल ने सत्तारूढ़ भाजपा और आरएसएस पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया. दावा किया कि मोदी सरकार आरक्षण की विरोधी है. देश में बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर है. उन्होंने ने कहा कि हिंदुस्तान में 40% धन पर केवल 1% लोगों का कब्जा है. यह सच्चाई है. फिर मोदी और भाजपा के लोग कहते हैं कि आरक्षण खत्म कर देंगे. अग्निवीर और निजीकरण जैसे काम आरक्षण को खत्म करने के तरीके हैं. मौजूदा वक्त में दो विचारधाराओं की लड़ाई है. एक ओर कांग्रेस और इंडिया है, जो संविधान को बचाने में लगे हैं. दूसरी ओर मोदी और आरएसएस हैं, जो संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं.

क्षत्रिय गुस्से में हैं, फिर भी रूपाला को लड़ा रहे अहंकारी

अहमदाबाद। गुजरात के राजकोट से भाजपा प्रत्याशी परषोत्तम रूपाला के बयान को लेकर विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा. क्षत्रिय समाज रूपाला के बयान से गुस्से में हैं. इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शक्तिसिंह गोहिल ने भी रूपाला को घेरा है. गोहिल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजकोट से भाजपा के प्रत्याशी रूपाला की ओर जो क्षत्रिय माता-बहनों के लिए अपमानजनक टिप्पणी की गई. देश भर के क्षत्रियों और आमजन में इस निम्न स्तरीय टिप्पणी के प्रति रोष था और मांग थी कि भाजपा रूपाला को प्रत्याशी न बनाए, लेकिन भाजपा सता और पैसों के नशे में चूर है, इसलिए प्रत्याशी नहीं बदला जाता है. गोहिल ने कहा कि आज देश भर में रूपाला की टिप्पणी के बाद रोष है. गुजरात में जहां कहीं भी भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं, उन्हें जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है, इसके चलते भाजपा की आईटी सेल की ओर से नया हथकंडा अपनाया गया है और राहुल गांधी के एक पुराने वीडियो को बीच से काटकर जनता के बीच फैलाया जा रहा है.

आरएसएस ही दुनिया का सबसे खतरनाक परिवार

एटा (उप्र)। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आरएसएस पर कटाक्ष करते हुए उसे दुनिया का सबसे खतरनाक परिवार करार दिया और कहा कि आरक्षण खत्म करने का मंसूबा रखने वाला यह परिवार अब चुनाव में वोट के लिए आरक्षण नहीं समाप्त करने की बात कर रहा है.यादव ने जनसभा में कहा कि भाजपा बड़ी साजिश के तहत हर क्षेत्र को निजी हाथों में बेचकर आरक्षण को खत्म करना चाहती है, मगर समाजवादी लोग उसे कामयाब नहीं होने देंगे. उन्होंने संघ परिवार पर निशाना साधते हुए किसी का नाम लिये बगैर कहा, इन्हें (भाजपा को) हमारे-आपके परिवार की तो चिंता है, लेकिन उनके साथ दुनिया का सबसे खतरनाक परिवार है, जो आरक्षण खत्म करना चाहता है. मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सरकार की बड़ी-बड़ी कंपनियां निजी हाथों में बिक जाएंगी तो आरक्षण कहां मिलेगा? इस सरकार ने हवाई जहाज और हवाई अड्डे बेच दिये, जिनमें लाखों लोगों को नौकरी मिलती थी. बताओ क्या वहां आरक्षण लागू होगा? अगर रेल बिक जाएगी तो वहां आरक्षण होगा?

इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने पर्चा वापस लिया, भाजपा में गये

एजेंसी। इंदौर

कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन पर्चा वापस ले लिया. उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और जल्द शामिल हो जाएंगे. बम सोमवार को भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ डीएम ऑफिस और अपना पर्चा वापस लिया.

लौटते वक्त वह पत्रकारों के सवालों को अनसुना कर मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठ कर रवाना हो गए. डीएम आशीष सिंह ने बम के नामांकन वापस लेने की पुष्टि की. बताया, कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन ने तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस ले लिया है. इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है. इंदौर सीट के उम्मीदवारों के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल थी. यहां 13 मई को मतदान होगा. इस बीच, प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं. गाड़ी में उनके साथ भाजपा विधायक मेंदोला नजर आए. विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा, इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम का पीएम मोदी, जेपी नड्डा, मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है. उधर, कांग्रेस ने बम को भाजपा में शामिल कराने की आलोचना की है और इसे लोकतंत्र का चीरहरण बताया.

सूरत के बाद इंदौर: क्या छीन रहा वोट का अधिकार!

सुरजीत सिंह

गुजरात के सूरत के बाद अब मध्यप्रदेश के इंदौर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में क्या हुआ? सूरत में भाजपा प्रत्याशी को छोड़ सारे प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया. भाजपा के प्रत्याशी महेश दलाल बिना चुनाव लड़े, बिना वोटिंग हुए ही जीत गए. अब, इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नामांकन वापस ले लिया. वह भी नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन, अंतिम क्षणों में. कुछ ही देर बाद भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ उनकी तसवीर सामने आ गई. खजुराहो में भी ऐसा ही कुछ करने की कोशिश हुई थी. तीनों सीटों पर हुए घटनाक्रमों ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं. ये सवाल तेजी से उभर रहे हैं कि क्या यह माना जाए कि आपके वोट का अधिकार छीना जा रहा है. वोट का अधिकार नागिरक का अधिकार है, इसे ही खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं. नागरिकों में समर्थक सभी दलों के हैं, भाजपा के, कांग्रेस के, अन्य दूसरे दलों के भी. तो क्या कुछ लोगों की मिलीभगत, पैसे व ताकत के बल पर नागरिकों के वोट डालने के अधिकार को ही खत्म किया जा सकता है! सोशल मीडिया पर यह सवाल उठ रहा है कि क्या हम नो इलेक्शन की तरफ बढ़ चले हैं!

सूरत व इंदौर की घटना से कांग्रेस पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं. आखिर कांग्रेस कैसे लोगों को टिकट बांट रही है. प्रत्याशी चुनने के मामले में कांग्रेस चयन समिति गंभीर सवालों के घेरे में आ गयी है. अब तक कांग्रेस के विधायक, सांसद व नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे थे. लेकिन अब तो पार्टी के प्रत्याशी ही नाम वापस ले रहे हैं या जानबूझ कर गलती कर नामांकन रद्द करवा ले रहे हैं. ऐसे में कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है. हालांकि कांग्रेस प्रवक्ता ने दिल्ली में प्रेस

कांफ्रेंस करके बताया कि भाजपा के शीर्ष नेता विपक्षी उम्मीदवारों को डराने-धमकाने और मामले दर्ज करवाने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जिन सज्जन ने नाम वापस लिया, उनके कुछ विश्वविद्यालय और कॉलेज चलते हैं. उन पर और उनके पिता पर एक हत्या का मामला दर्ज किया गया. जिसकी सुनवाई 10 मई को है. उन पर क्या दबाव था, पार्टी को नहीं पता. लेकिन कोई ऐसे ही नामांकन वापस नहीं लेता और भाजपा में शामिल नहीं होता. यह लोकतंत्र का चीरहरण है.

उम्मीदवार को डरा-धमका कर, उनके प्रस्तावकों को डरा-धमकाकर, उनके खिलाफ मामला दर्ज करके, जो काम भाजपा कर रही है उसे चुनाव जीतना नहीं कहते, उसे लोकतंत्र का चीरहरण कहते हैं. यह काम भाजपा के शीर्ष नेता कर रहे हैं. नाम वापस लेते ही कांग्रेस प्रत्याशी का भाजपा ज्वॉइन करने लेना ही सबकुछ स्पष्ट कर देता है. कुल मिला कर भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में भाजपा ने इस चुनाव में कांग्रेस मुक्त कर दिया है. हालांकि अभी इस बात को लेकर फैसला नहीं हुआ है कि अगर चुनाव में सिर्फ एक प्रत्याशी बचे, चुनाव ही ना हो, तो नोटा का क्या होगा ? लेकिन वैसे चुनाव में मतदाता कितनी दिलचस्पी लेंगे, जिसमें मजबूत प्रत्याशी ही बाहर हो गया हो या उसका नामांकन रद्द हो गया हो.

क्या मतदाताओं के मन में यह सवाल नहीं उठेगा कि उनके साथ धोखा हुआ है. क्या आम वोटरों सामने यह सवाल नहीं होगा कि अभी ऐसी चीजें एक-दो जगह पर हो रहें है, अगर इसे प्रोत्साहन मिला, रोका नहीं गया, तो आने वाले समय में बड़े स्तर पर मजबूत उम्मीदवार यही सब करने लगेंगे. संभव है, कुछ लोग इस तरह के पुराने उदाहरण सामने लाकर ऐसी घटनाओं को जायज ठहराने की भी कोशिश करें. लेकिन लोकतंत्र के लिए यह जरुरी है कि ऐसे मामलों में चुनाव आयोग को आगे आये और हस्तक्षेप करे.

अब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिम्मे रहेगी केंद्र और राज्य संपोषित ग्रामीण जलापूर्ति स्कीम

रांची सहित सात शहरी जलापूर्ति सेटअप शहरी निकायों को होगा हैंडओवर

कौशल आनंद। रांची

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

केंद्र सरकार के कड़े रुख के बाद अब झारखंड राज्य की सभी शहरी जलापूर्ति स्कीम और पूरा सेटअप शहरी निकायों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) के हवाले होगा. नगर विकास विभाग के अधीन कार्यरत शहरी निकायों को रांची, झमुरी तिलैया, कोडरमा, मानगो, डाल्टनगंज, गढ़वा और गुमला शहरी जलापूर्ति का पूरा सेटअप जल्द इनके हवाले कर दिया जाएगा. इसको लेकर पिछले दिनों से मुख्य सचिव एल ख्यांगते की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहमति बन गयी. रांची नगर निगम सहित अन्य शहरी निकायों को इसके लिए जल्द ही अपनी व्यवस्था पूरी करने का निर्देश दिया है, ताकि आचार संहिता खत्म होते ही उसे हैंडओवर किया जा सके. मालूम हो कि शहरी जलापूर्ति भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत पूरी तरह से शहरी निकायों को ही देखनी है. मगर झारखंड एक ऐसा राज्य है जहां पर शहरी निकाय और पेयजल विभाग दोनों मिलकर कार्य करते हैं. इसको लेकर दोनों विभागों के बीच हमेशा रस्साकस्सी चलती रहती है. पूर्व में भी इसको लेकर कई पहल हुए मगर रांची नगर निगम अपने संशाधनों का रोना रो कर इससे बचता रहा. मगर अब केंद्र सरकार का शहरी विकास मंत्रालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि शहरी जलापूर्ति का पूरा काम लॉकल बॉडी (शहरी निकाय) ही देखेंगे नहीं तो केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि रोक दी जाएगी. इसके बाद वर्तमान सरकार रेस हुई और पेयजल विभाग, नगर विकास विभाग और शहरी निकायों के साथ बैठक करके मुख्य सचिव ने सभी को इसकी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया. हस्तांतरण के बाद पेयजल विभाग अब केवल केंद्र एवं राज्य संपोषित ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं पर ही कार्य करेगा. यानी कि पेयजल विभाग शहरी जलापूर्ति से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा.

आठ शहरी जलापूर्ति का सेटअप शहरी निकायों को किया जा चुका है हैंडओवर : इससे पूर्व सरकार ने आठ शहरी जलापूर्ति का सेटअप शहरी निकायों को हैंडओवर कर दिया है. जिसमें गिरिडीह, दुमका, देवघर, आदित्यपुर, हजारीबाग, चाईबासा, चास और बोकारो शहरी जलापूर्ति शामिल हैं. शेष बची अन्य को भी जल्द से जल्द शहरी निकायों को सौंपने की तैयारी चल रही है.

अभी रांची शहरी जलापूर्ति व्यवस्था इस तरह से हो रही है संचालित, उत्पन्न होता रहता है विवाद

रांची शहरी जलापूर्ति के चार सेटअप जिसमें रुक्का, हटिया, गोंदा हिल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और बूटी वाटर सप्लाई स्कीम 1962 की है

पेयजल विभाग उपरोक्त तीनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से रॉ वाटर का ट्रीटमेंट करके उसे राजइजिंग और डिस्ट्रब्यूशन लाइन के जरिए शहर के विभिन्न जलमीनार एवं संप में भेजने का काम करता है. रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी को बूटी जलशोधन केंद्र भेजा जाता है, जिससे शहर के हिस्सों में सप्लाई होता है.

पेयजल विभाग पहले खुद से और वर्तमान में निजी एजेंसी के जरिए वाटर ट्रीटमेंट एवं जलागारों तक पानी राइजिंग एवं डिस्ट्रब्यूयशन लाइन के जरिए पानी भेजता है. निजी एजेंसी के ही जिम्मे ऑपरेशन एवं मेंटेनेस है.

ट्रीटमेंट प्लांट और बूटी जलशोधन केंद्र का काम जलमीनार तक केवल पानी पहुंचाना है.

इसके बाद जिम्मेदारी नगर निगम की शुरू हो जाती है. नगर निगम घर-घर वाटर कनेक्शन देने और वाटर टैक्स लेने का काम करता है. यह टैक्स संग्रहीत करके उसे पेयजल विभाग को देता है. मगर नगर निगम वाटर टैक्स खुद रख लेता है. यहां से पेयजल विभाग और नगर निगम के विवाद उत्पन्न होता है.

नगर निगम और पेयजल विभाग के बीच विवाद की मुख्य वजहें

पेयजल विभाग शहर के 8 लाख लोगों को पानी देने का दावा करता है. मगर नगर निगम पहले अविभाजित बिहार और अब झारखंड गठन के 24 साल बाद भी शहर के अवैध कनेक्शन पर लगाम लगाने में सफल नहीं हुआ है.

नगर निगम के अनुसार अब शहर में लीगल कनेक्शन महज 70-80 हजार ही है. यानी की बाकी कनेक्शन या तो अवैध या फिर मनमाने तरीके से पानी की चोरी हो रही है.

पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में शहर के वाटर कनेक्शन को वैध करने के लिए नियमों में सरलीकरण किया. यानी कि अब कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से पानी कनेक्शन लिया हुआ है, वह अपने घर होल्डिंग टैक्स का रसीद और पहचान पत्र देकर उसे लीगल करा सकता है. मगर इस नियम को भी नगर निगम ठीक से फ्लो नहीं करा पाया.

कुल सप्लाई का वाटर टैक्स नगर निगम वसूल नहीं कर पाता है और उसका हिसाब-किताब कभी भी ठीक ढंग न रखा और न ही विभाग को दिया.

सिंगल विंडो सिस्टम लागू होने से कंज्यूमरों को होगा फायदा

वाटर सप्लाई लोगों के लिए बहुत जरूरी चीज है. वाटर सप्लाई का सिंगल विंडो सिस्टम यानी कि एक विभाग ही जिम्मेवार हो जाएगा तो इससे कंज्यूमरों को फायदा होगा. अब कंज्यूमर और नगर निगम दोनों एक दूसरे के प्रति उत्तरदायी हो जाएंगे. डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पाइप लाइन लीकेज, वाटर कनेक्शन और वाटर टैक्स का पूर्ण उत्तरदायी अब नगर निगम होगा.

भाजपा और झामुमो का नहीं मिला साथ

ईचा खरकई डैम परियोजना के विरोध में 126 गांव आज भी कर रहे आंदोलन

प्रवीण कुमार। रांची

सिहंभूम लोकसभा क्षेत्र के दो जिले के मतदाताओं के समक्ष ईचा खड़काई डैम बड़ा मुद्दा है. इस परियोजना को रद्द करने के लिए पिछले कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन किसी भी राजनीतिक दल ने इसका समर्थन नहीं किया है. अभी भी परियोजना सुचारू रूप से चल रही है. भाजपा सरकार के समय भी यह योजना चल रही थी और वर्तमान झामुमो सरकार के दौरान भी यह योजना चल ही रही है.

इस योजना को बंद कराने को लेकर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों ने आंदोलन भी किये, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पायी है. फिलहाल चुनाव के दौरान भी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा व इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी ने भी आश्वासन दिया है कि इस बार चुनाव जीतने के बाद परियोजना को रद्द करवा दिया जाएगा. लेकिन विस्थापित लोगों को दोनों प्रत्याशियों में से किसी पर भी विश्वास नहीं है. हालांकि, पिछले कई वर्षों से केंद्र हो या राज्य, दोनों सरकारें आंदोलन को नजरअंदाज करती आ रही हैं. दोनों सरकारों के कालखंड के दौरान योजना में काम चलता रहा है. वहीं इलाके के अन्य मुद्दे में पेयजल, सिंचाई, रोजगार, पलायन, सारंडा वन क्षेत्र आदि प्रमुख मुद्दे हैं. 2024 का लोकसभा चुनाव इसलिए भी खास है, क्योंकि 2019 में मोदी सरकार होने के बाद भी भाजपा सिंहंभूम लोकसभा से चुनाव हारी थी. झामुमो विधायकों पर यह दबाव भी है कि कांग्रेस से सीट लेने के बाद जीत हासिल करे. हेमंत सोरेन के जेल में रहने के बाद पार्टी के सांगठनिक ढांच को फौलादी बनाये रखने के लिए भी जीत जरूरी है.

चुनाव के समय में राजनेता देते हैं आश्वासन, लेकिन अब तक नहीं हुई योजना रद्द

झामुमो विधायक पर सीट निकालने का दबाव

सिंहभूम लोकसभा का क्या है मुद्दा-झामुमो विधायकों पर चुनाव जीतने का क्यों है दबाव, किसकी लगेगी नैया पार, जोबा या गीता-कौन जीतेगा चुनावी दंगल

दो दशकों से होती रही है राजनीति

इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक दल दो दशको से रोटी सेंकते आये हैं. सिहंभूम संसदीय क्षेत्र के चाईबासा सदर प्रखंड, तांतनगर प्रखंड और सरायकेला जिले के राजनगर प्रखंड के 126 गांवों के चार लाख 42 हजार ग्रामीणों पर विस्थापन की तलवार लटक रही है. डैम के लिए 4423 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जा चुकी है. अभी और जमीन अधिग्रहीत की जानी है. केवल दो गांव रेंगाड़बेड़ा व कुमडीह में ही पुनर्वास हुआ है. बाकी गांवों को कोई पूछने वाला नहीं है .इन सभी 126 गांवों के लोगों को ईचा-खरकई डैम के कारण विस्थापन का नासूर हर समय एक बराबर टीस रहा है. पश्चिम सिंहभूम व सरायकेला जिला के लोग 1982 से अपने सिर पर विस्थापन की तलवार का खौफ महसूस कर रहे हैं . वहीं डैंम को लेकर पश्चिमी सिंहभूम में ईचा खरकई बांध निर्माण को रद्द करने को लेकर झामुमो कोटे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर का पूर्व का बयान की ईचा खरकई बांध निर्माण को रद्द करने के बजाय योजना की समीक्षा की जाएगा, लोग इसे आज भी याद रखे हुए हैं.

भाजपा और झामुमो की राह आसान नहीं

1985 से ईचा-खरकई डैम के मुद्दे को आधार बना कर नेता अपनी राजनीति चमका चुके हैं. इसका असर पिछले विधानसभा के दौरान भी देखने को मिला था. जब पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को विधायक निरल पुर्ती ने इसी डैम के मुद्दे के आधार पर मझगांव विधानसभा में मात दी थी .इसी प्रकार चंपाई सोरेन भी इसी डैम के मुद्दे को लेकर इस क्षेत्र से विजयी रहे थे. हेमंत सोरेन की जगह वर्तमान में चंपाई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हैं. ऐसे में राज्य सरकार के डैम को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लेने से झामुमो को भी लोगों के आक्रोश का समाना करना पड़ सकता है.

लोकसभा चुनाव में ईचा-खरकई डैम निर्णायक न बन जाए : सुकेश कुमार

शुभम संदेश के चाईबासा के चीफ रिपोर्टर सुकेश कुमार कहते हैं कि लोकसभा चुनाव में ईचा-खरकई डैम से क्षेत्र के लोगों का मिजाज बदला हुआ दिखाई दे रहा है. इस बार कोल्हान लोकसभा के लिए यह डैम निर्णायक न बन जाए. क्योंकि ईचा-खरकई डैम सोने की चिड़िया के रूप में राजनीतिक दल इस्तेमाल करते आ रहे हैं. ईचा-खरकई डैम का निर्माण स्वर्ण रेखा परियोजना के तहत 650 करोड़ रुपए से शुरुआत किया गया था, जो बाद में 6 हजार करोड़ तक पहुंच गया.

2019 में किसको मिला था कितना वोट

2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ सरायकेला विधानसभा में बढ़त मिली थी. सरायकेला में भाजपा को 140603 वोट मिले थे. वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को 77644 वोट मिले थे. शेष अन्य पांच विधानसभा सीटों में जिसमें चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर में इंडिया गठबंधन को निर्णायक बढ़त मिली थी. इस बार राजनीतिक समीकरण बदला हुआ है.

विधानसभा	भाजपा (एनडीए)	झामुमो (इंडिया गठबंधन)
सरायकेला	140603	77644
चाईबासा	37982	91678
मझगांव	29092	88418
जगन्नाथपुर	44148	57056
मनोहरपुर	52152	58264
चक्रधरपुर	55182	58485

झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाके में हथियार के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

रांची/मेदिनीनगर। झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाके में हथियार तस्करी से जुड़े तीन तस्करों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने तस्करों के पास से पांच हथियार बरामद किया है. गिरफ्तार हथियार तस्करों का कारोबार झारखंड और बिहार के कई जिलों में फैला हुआ है. पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि जिला के हरिहरगंज के इलाके में हथियार की बड़ी खेप की तस्करी होने वाली थी. इसी सूचना के आधार पर पुलिस की स्पेशल टीम ने छापेमारी करते हुए तीन हथियार के साथ दो तस्कर, जबकि दो हथियार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. बरामद हथियार आपराधिक गिरोहों को या नक्सली संगठनों को बेचा जाना था. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है.

अफसर, अंतू, प्रियरंजन, विपिन व इरशाद की कोर्ट में पेशी, भेजे गये जेल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी जेल अफसर अली की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी ने उसे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया है. अफसर अली से ईडी ने कोर्ट की अनुमति से 14 दिनों तक पूछताछ की है. इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं. इसी केस में ईडी फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को भी गिरफ्तार कर चुकी है. एजेंसी ने उससे भी कई दिनों तक पूछताछ की है. जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. ईडी ने पिछले वर्ष जब अफसर अली के ठिकाने पर छापेमारी की थी, तब वहां से कई दस्तावेज और डीड भी बरामद हुए थे. न्यायालय में पेशी के बाद अफसर अली को जेल भेज दिया गया. इसके साथ ही इसी केस के अन्य अभियुक्तों अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

एक दर्जनों जिलों में सीवियर हीट वेव की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट जारी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में तपिश भरी गर्मी और हीट वेव का दौर जारी है. हीट बेव के बजह से सड़कों पर सन्नटा पसरा हुआ है. दिन के 12 बजे से ही गर्मी का असर दिखने लगता है. मौसम केंद्र, रांची ने अपने ताजा मौसम अपडेट में राज्य के 11 जिलों में सीवियर हीट वेव चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा खूंटी, रांची, रामगढ़, पलामू और गढ़वा जिले में कहीं कहीं हीट वेव चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. गर्म उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी हवाओं की वजह से बनने वाली लू की स्थिति को देखते हुए मौसम केंद्र, रांची ने लोगों को सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी है. मौसम विभाग ने कहा है कि इस भीषण गर्मी में बिना काम के घर से बाहर न निकलें, और निकलना ही पड़े तो सिर ढंक कर बाहर निकलें. खूब पानी पीते रहें.

लोगों से सतर्क रहने की सलाह, घर में ही रहें

सरायकेला खरसावां रहा सबसे गर्म : मौसम केंद्र, रांची की ओर से जारी की गई सूचना के अनुसार पिछले 24 घंटों में झारखंड का सरायकेला खरसावां जिला सबसे गर्म रहा. वहां अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. इस दौरान सबसे कम 24.4 डिग्री तापमान गोड्डा में रिकॉर्ड हुआ. रांची का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है, जबकि जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रहा.

इन जिलों में 40 डिग्री से ऊपर रहा तापमान

झारखंड के 24 में से ज्यादातर जिलों में उच्चतम तापमान 40 के करीब रहा है. जहां 40 डिग्री से कम तापमान रहा, वहां भी लोगों को गर्मीकी तपिश अधिक रही. राज्य में बोकारो, चतरा, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, पलामू, रामगढ़, सरायकेला खरसावां, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम सिंहभूम ऐसे जिले रहे, जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा.

रांची और आसपास के इलाकों में आज कैसा रहेगा मौसम

मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल बनने की वजह से चिलचिलाती धूप से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन मौसम शुष्क रहेगा. मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

केस लंबा चलने पर जमानत याचिका दायर करने की मिली छूट

सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी पूजा सिंघल को बेल, जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता। रांची/ नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के एक मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह एक असाधारण मामला है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आईएएस की निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. शीर्ष अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से प्रवर्तन निदेशालय ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि इस मामले में सुनवाई जल्द ही पूरी की जाएगी. उसने कहा, आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार कीजिए. यह कोई सामान्य मामला नहीं बल्कि एक असाधारण मामला है. इस मामले में कुछ तो बहुत गलत है. हम इस याचिका पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं. हम उम्मीद करते हैं कि मुकदमे की सुनवाई जल्द ही पूरी होगी. बहरहाल, कोर्ट ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी. पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने बहस की वहीं ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने बहस की. ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि हिरासत की कुल अवधि में से उन्होंने ज्यादातर वक्त रांची में एक अस्पताल में बिताया है. सुप्रीम कोर्ट ने 10 फरवरी 2023 को सिंघल को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी, ताकि वह अपनी बीमार बेटी की देखभाल कर सकें. सिंघल धन शोधन के मामले के संबंध में उनसे जुड़ी संपत्तियों पर छापे मारे जाने के बाद 11 मई 2022 से हिरासत में हैं. यह मामला ग्रामीण रोजगार के लिए केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है. ईडी ने राज्य के खान विभाग की पूर्व सचिव सिंघल पर धन शोधन का आरोप लगाया है और उसके अधिकारियों ने धन शोधन के मामलों की दो अलग-अलग जांच के सिलसिले में कथित अवैध खनन के संबंध में 36 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त की थी. सिंघल के अलावा ईडी ने उनके व्यवसायी पति, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों के परिसरों पर भी छापे मारे थे.

हाईकोर्ट ने दिया गढ़वा के कांडी थाना को सील करने का आदेश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने गढ़वा जिला के काण्डी थाना को तत्काल सील करने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट में न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार (रिटायर्ड जिला जज) ने बहस की. दरअसल कांडी थाना का भवन बनने के बाद उसकी भूमि के स्वामित्व को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था. जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है. इस संबंध में अजय कुमार सिंह ने हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल की है. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि उसकी भूमि पर थाना का भवन बना दिया गया, लेकिन उसे उचित मुआवजा नहीं दिया गया. जिसपर हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि बिना मुआवजा दिए किसी की भूमि पर सरकारी निर्माण कैसे किया का सकता है.

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट | कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से 760 से अधिक प्रवृष्टियां आईं

विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, नकद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र भी मिले

संवाददाता। रांची

सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. शॉर्ट फिल्म एक घंटे में भाग्य संवारे व म्यूजिक वीडियो में चलो वोट करें को पहला पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयनेस कॉन्टेस्ट के माध्यम से मतदाताओं तक चुनाव आयोग की पहुंच बढ़ी है. कॉन्टेस्ट में रील्स, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मतदाता जागरुकता का संदेश दिया. इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी. साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा. झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है. उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया.

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है. मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है. सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करेंगे. उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की.

पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया. कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया. झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से 760 प्रविष्टियां आईं थीं. शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया. पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया.

चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था. इसमें शॉर्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद के साथ शिल्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया. वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज को 15 हजार नगद के साथ शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया.

शॉर्ट फिल्म
1.एक घंटे में भाग्य संवारे
2.बेबो
3.नट बोल्ट

म्यूजिक वीडियो
1.चलो वोट करें
2.झारखंड वोटर अवेयरनेस
3.एवरी वोट मैटर

रील्स
1.वोट फॉर नेशन
2.उठो चलो करने वोट
3.देश का महापर्व

पेंटिंग
1.सूरज कुमार
2.सौरभ प्रमाणिक
3.ऋषभ बहादुर

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

मंगलवार 30 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 07 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 22

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी

22 लाख 78 हजार 221 मतदाता अपना जनप्रतिनिधि चुन कर भेजेंगे संसद

अमित कुमार सिन्हा। धनबाद

22 लाख 78 हजार 221 मतदाता अपना जनप्रतिनिधि चुन कर दिल्ली संसद भेजेंगे. इसके लिए सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिसूचना जारी कर दी. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम और 21 वीडियो सर्विलांस टीम कार्यरत हैं. दो एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर आईआरएस आनंद कुमार एवं आईआरएस निखिल गोयल धनबाद आ चुके हैं. जो तीन एक्सपेंडिचर विधानसभा (धनबाद, झरिया और बाघमारा) की निगरानी करेंगे . उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई को दोपहर तीन बजे तक है. नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा. सात मई को सुबह ग्यारह बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी. वहीं 9 मई को दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी. साथ ही बताया गया कि धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है. वहीं चार जून 2024 को मतगणना तथा छह जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. पत्रकार वार्ता में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद थे.

खास बातें

- निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयार
- 63 एसएसटी, 21 एफएसटी, 21 वीएसटी रहेगी अलर्ट मोड में

एसएसआर 24 में जुड़े 82628 नए मतदाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है. धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है. इसमें शहरी क्षेत्र में 1177 और ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है. पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 92 हजार 976, महिला 10 लाख 85 हजार 165 व 80 थर्ड जेंडर मतदाता है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एसएसआर 24 में 27 अक्टूबर 2023 से 27 अप्रैल 2024 तक 82628 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है. वहीं 40949 का नाम डिलीट किया गया है. साथ ही बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में 1313 भवन में 2378 मतदान केंद्र है. इसमें शहरी क्षेत्र में 918 व ग्रामीण क्षेत्र में 1183 मतदान केंद्र है. कुल मतदाताओं की संख्या 2046473 है. इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 हजार 318, महिला 9 लाख 74 हजार 106 व 49 थर्ड जेंडर वोटर्स है. धनबाद जिले में 172 पर्दानशीन व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 19 बूथ है. जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है. वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एक-एक यूनिक बूथ बनाए गए हैं. इस बार लोकसभा चुनाव में धनबाद जिले में 18 से 19 वर्ष के 24192 पुरुष, 29483 महिला तथा 2 थर्ड जेंडर को लेकर 53677 फर्स्ट टाइम वोटर्स है. 15178 तथा 12675 महिलाओं को लेकर 27853 पीडब्ल्यूडी वोटर्स, 3412 पुरुष व 3372 महिलाओं सहित 6784 मतदाता 85 वर्ष अधिक उम्र के है.

पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से हो रही निगरानी

नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे. वहीं कलेक्ट्रेट मेन गेट तक तीन वाहनों को आने की अनुमति रहेगी. वहीं स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए अधिकतम 10 प्रस्तावक की अनुमति रहेगी. आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है. दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है.

12 इंटर स्टेट चेकपोस्ट, अब तक 1 करोड़ 18 लाख की सामग्री जब्त

बताया गया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी है. उत्पाद विभाग ने अब तक 7 लाख 76 हजार 797 रुपए की 3113 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है. जबकि 6 लाख 63 हजार रुपए से अधिक का महुआ जावा जब्त किया है. पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए 12 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा जामताड़ा, गिरिडीह व बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं. अब तक 75 लाख 48 हजार 850 रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की रिकवरी की गई है. जबकि एक करोड़ 18 लाख से अधिक रुपए का अवैध सामान पकड़े गए हैं.

27 आर्म्स लाइसेंस रद्द, 59 के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा

एसएसपी ने बताया कि 1241 लाइसेंसी आर्म्स धारकों में 906 ने अपने हथियार जमा कराए हैं. 251 हथियार को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की है. वहीं 27 के आर्म्स लाइसेंस रद्द किए हैं. उन्होंने बताया कि जिनका 10 साल में आपराधिक इतिहास रहा है वैसे 4886 लोगों को चिह्नित कर 3192 का सत्यापन किया गया है. 1445 पर प्रीवेंटिव एक्शन लिया है. 336 लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया है. 59 लोगों के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा की है. 264 लोगों पर सर्विलांस प्रोसिडिंग की है. वैसे 3243 लोग जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं पर 107 की कार्रवाई तथा 805 के विरुद्ध 108, 109, 110 के तहत कार्रवाई की है.

मुनीडीह इंदू कंपनी के खदान की री-ओपनिंग का मामला

ढुल्लू समेत 100 पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

संवाददाता। पुटकी

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है. इस बार मुनीडीह की आउट सोर्सिंग इंदू कंपनी में खदान के उद्घाटन करने में उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है. पुटकी थाने में दर्ज मुकदमे में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ उनके 100 अज्ञात समर्थकों को भी अभियुक्त बनाया गया है. इसके साथ कंपनी भी नामजद हुई है. पुटकी थाना कांड संख्या 48/24 के तहत भादवि की धारा 188, 143, 126 के तहत मुकदमा कायम किया गया है. उक्त कार्यक्रम के लिए एसडीओ से अनुमति नहीं ली गई थी.

बताते चलें कि धनबाद उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने खदान में उद्घाटन करने की सूचना पर एफएसटी-ग्रुप वन के दंडाधिकारी सह सिंदरी बीआईटी कालेज के प्रोफेसर अजय उरांव को मामले की जांच व अग्रेतर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था. जांच पड़ताल के बाद अजय उरांव ने मामले की शिकायत मुनीडीह ओपी में की थी. 29 अप्रैल को रात साढ़े बारह बजे उक्त मुकदमा दर्ज किया गया. एफआइआर में कहा गया है कि मुनीडीह की ईंदू कंपनी तीन माह से बंद थी. इसे 27 अप्रैल को फिर से चालू किया गया. इसी कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और उनके लगभग 100 समर्थक शास्त्री नगर गेट नंबर पांच पर पहुंचे. यहां खदान का उद्घाटन किया गया. इस कार्यक्रम के लिए सक्षम पदाधिकारी से अनुमति भी नहीं ली गई थी. यह मामला आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का है. इसके तहत मजिस्ट्रेट ने मुनीडीह ओपी में लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की बात कही. इसके बाद पुटकी थाने में उपरोक्त एफआइआर दर्ज हुई.

- रात 12.30 बजे दर्ज हुई प्राथमिकी
- इंदू कंपनी भी नामजद – भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू 100 समर्थकों के पहुंचे थे, किया था उद्घाटन

ढुल्लू महतो, अनुपमा समेत 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

धनबाद । लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सोमवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एवं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह समेत कुल 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं. मालूम हो कि ढुल्लू महतो 30 अप्रैल को एवं अनुपमा सिंह एक मई को नामांकन करेंगी. दोनों के नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया जाना है. इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है. सोमवार सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा. नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है. बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद रहे.

नामांकन के दिन ढुल्लू महतो की हो गिरफ्तारी: झामुमो

धनबाद। झामुमो जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी पर 50 मुकदमे दर्ज हैं. साथ ही विगत महीने तेतुलमुड़ी कोलडंप कांड में एवं व्यवसाई कृष्णा अग्रवाल धमकी मामले में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामजद हैं. जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो लोकसभा चुनाव में धनबाद सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे. झामुमो यें मांग करती है कि जिला प्रशासन भाजपा प्रत्याशी पर उक्त मामले पर कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करे. समीर ने कहा कि ये बात सभी जानते हैं एक आम व्यक्ति पर अगर इस प्रकार का आरोप होता और उसके ऊपर नामजद प्राथमिकी दर्ज होती, तो पुलिस प्रशासन त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तार कर लेती. वहीं इस मामले पर वरिष्ठ अधिवक्ता सह धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव देवीशरण सिन्हा ने कहा कि यदि किसी मामले में कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया है, तो ही नामांकन के समय प्रत्याशी की गिरफ्तारी होगी.

एक सप्ताह में दूसरी प्राथमिकी

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ इस एक सप्ताह के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की दूसरी प्राथमिकी दर्ज हुई है. इससे पूर्व बीते मंगलवार को धनसार थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया था. यह मुकदमा पतरा कुल्ही फुटबाल मैदान में बिना अनुमति के चुनावी सभा करने से जुड़ा है. इस मामले में भाजपा प्रत्याशी समेत आधा दर्जन आयोजनकर्ता को नामजद आरोपी बनाया गया है. आयोजनकर्ताओं में सोना रजक, मनोज चौहान, विनोद चौहान, संजय चौहान और बंटी सिंह नामजद बनाए गए हैं.

हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

मामले की अगली सुनवाई 6 मई को

विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली

लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए अगले सोमवार की तिथि निर्धारित की है. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. उनकी ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की. दरअसल हेमंत सोरेन ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में क्रिमिनल एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है. अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि उनकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. फैसला सुरक्षित रखने के बाद करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी हाईकोर्ट ने अब तक अपना फैसला नहीं सुनाया है.

जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है. जिसपर 1 मई को सुनवाई होनी है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं. बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. वही इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की भी गिरफ्तारी हो चुकी है.

झारखंड में आज से कक्षा 8 तक सभी स्कूल बंद, आदेश जारी

संवाददाता। रांची

भीषण गर्मी को देखते हुये शिक्षा विभाग ने झारखंड के कक्षा आठवीं तक के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों को मंगलवार से अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया है. भीषण गर्मी और लू से बच्चे बीमार न पड़ें इसको लेकर विभाग ने यह निर्णय लिया है. भीषण गर्मी के कारण लगातार बच्चे बीमार पड़ रहे थे. स्कूलों में बच्चों की संख्या भी लगातार घट रही थी, वहीं अभिभावक भी छुट्टी देने की मांग कर रहे थे. बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े इसे लेकर विभाग ने स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया. सोमवार की शाम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी. हालांकि आवासीय स्कूल में यह आदेश लागू नहीं होगा. वहां पूर्व की तरह ही कक्षाएं संचालित होंगी.

हालांकि स्कूल के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को स्कूल जाना होगा. उनपर यह आदेश लागू नहीं होगा. शिक्षकों/शिक्षकेत्तर कर्मियों को मिलने वाली गर्मी की छुट्टी को लेकर अलग से आदेश जारी किया जायेगा. शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी प्रतिदिन स्कूल अपने निर्धारित समय पर जाएंगे और विद्यालय में उपस्थित होकर निम्न कार्य करना सुनिश्चित करेंगे : कक्षा 1 से 7 तक के वार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल रिर्पोट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन इंट्री करने का कार्य पूर्ण करेंगे. यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत इंट्री का कार्य पूर्ण करेंगे. विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की कैटलागिंग करते हुए इसे संचारित करना सुनिश्चित करेंगे. विद्यालय के सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि को अपडेट करेंगे. शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए आने वाले विद्यार्थियों का नामांकन का कार्य करेंगे.

राजनीति | लोहरदगा और राजमहल पर इंडिया गठबंधन को अपनों से पार पाना नहीं होगा आसान

चमरा ठोकेंगे ताल, मिला चुनाव चिन्ह, लोबिन 7 को करेंगे नामांकन

कौशल आनंद। रांची

नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को भी झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा ने अपना नाम वापस नहीं लिया. स्क्रूटनी के बाद चमरा लिंडा को बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बल्लेबाज चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है. यानी की चमरा लिंडा लोहरदगा में ताल ठोंकेंगे. इतना ही नहीं झामुमो के एक अन्य विधायक लोबिन हेंब्रम भी राजमहल सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सात मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे. यानी अब साफ हो गया कि इंडिया गठबंधन को इन दो सीटों पर अपनों से पार पाना आसान नहीं होगा. पार्टी के द्वारा बहुत प्रयास किया गया कि ये दोनों को मना लिया जाएं, मगर अंततः चमरा लिंडा ने नामांकन दाखिल किया और सोमवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि तक डटे रहे. अब चमरा लिंडा पर पार्टी कारवाई करेगी. मामला पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के पास विचाराधीन है. अब देखना होगा कि इन्हें पार्टी से निलंबित किया जाता है या फिर निष्कासन.

चमरा लिंडा पर झामुमो करेगा कार्रवाई मामला पहुंचा गुरुजी शिबू सोरेन के पास

लोबिन भी अड़े, हर हाल में लड़ेंगे चुनाव

झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजमहल संसदीय सीट से सात मई को नामांकन करेंगे. उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में लगातार तीसरी बार विजय हांसदा को मौका देने से नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का निर्णय किया था. विजय हांसदा के नाम का ऐलान होने के दूसरे ही दिन लोबिन हेंब्रम ने राजमहल में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरने का ऐलान कर दिया था. लोबिन हेंब्रम का तर्क है कि जनता में मौजूदा सांसद के प्रति नाराजगी है. उन्होंने पार्टी को आगाह किया था.

यशस्विनी सहाय छह को करेंगी नामांकन

रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को नामांकन दाखिल करेंगी. इस मौके पर गठबंधन में शामिल कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दल के नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे.

एक साल से राशन नहीं मिला, ग्रामीण नाराज

किरीबुरु। सारंडा के कुम्बिया गांव में ग्रामीणों की विशेष बैठक मुंडा सोमा चाम्पिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. इस दौरान मुंडा सोमा चाम्पिया, गोमा चाम्पिया, गंगाराम चेरवा, सुखराम सुरीन, सेलाय सुरीन आदि ने बताया कि झारखंड सरकार ने पिछले लगभग एक वर्ष से हम ग्रामीणों को सरकारी राशन देना बंद कर दिया है. इसके खिलाफ कई बार शिकायत की गयी, लेकिन कोई अधिकारी सुनता ही नहीं है. जब सरकार हम गरीबों का राशन खा सकती है, तो वह आगे और बुरा हाल करेगी. उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार व लूट की सारी सीमाएं पार हो हैं. हमारे गांव में दोदारी जलापूर्ति योजना का पानी आज तक नहीं पहुंचा. कई बार आंदोलन हुआ, लेकिन कोई सुनने व जांच करने वाला नहीं है.

दीवार गिरने से अबुआ आवास के लाभुक महिला की हुई मौत

संवाददाता। चंदवा (लातेहार)

थाना क्षेत्र के कामता गांव के परसाही टोला में एक महिला निर्मला देवी (55) पति इंदर राय की मौत दीवार के मलबे में दब कर हो गयी. जानकारी के अनुसार उक्त परिवार 20-25 वर्ष पूर्व हाजीपुर के मल्हार (पटना) से आ कर यहां मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे.

निर्मला देवी को जिला प्रशासन के द्वारा अबुआ आवास आवंटित किया गया था. उसने अबुआ आवास का निर्माण कराने के लिए अपने अपने पुराने आवास को तोड़ दिया था. लेकिन दीवार खड़ी थी. सोमवार को वह अबुआ आवास निर्माण में दीवार जोड़ाई के लिए सिमेंट-बालू का मसाला बना रही थी. इसी बीच तकरीबन 11:30 बजे तोड़ी गई मकान की शेष दीवार महिला के उपर गिर गयी. वह दीवार के मलबे में दब गयी. सिर में गहरी चोट आने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य अयूब खान उसके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया. निर्मला देवी के पति इंदर राय ने बताया कि उसकी पत्नी विगत एक सप्ताह से अबुआ आवास का निर्माण मजदूरों के साथ मिलकर खुद से करवा रही थी.

ब्रीफ खबरें

गांजा बेचने वाले दो तस्कर भेजे गए जेल

गुमला । चैनपुर थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गांजा के दो तस्करों को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार चैनपुर बस स्टैंड में एक पान के दुकान और इलेक्ट्रानिक दुकान में गांजा बेचे जाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके सत्यापन करते हुए पुलिस ने रविवार की देर रात पान गुमटी से दिनेश कुमार और इलेक्ट्रॉनिक दुकान से अनूप साहू को गिरफ्तार किया है.अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद चैनपुर पुलिस ने छापामारी करते हुए अवैध गांजा के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है. अनूप साहु के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से 170 ग्राम गांजा बरामद किया गया .

चेकिंग अभियान में पकड़े गए दो दर्जन वाहन

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. वहीं डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर भी यातायात प्रभारी के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. डालटनगंज शहर के छः मुहान चौक पर सोमवार को चेकिंग अभियान में कई वाहन पकड़े गए. दो पहिया वाहन के कुछ गाड़ियां के चालक बगैर हेलमेट और ट्रिपल लोड थे उनके वाहनो को जब्त कर शहर थाना में भेजा गया. वहीं एक कार चालक जो शराब पीकर गाड़ी चला रहा था उसकी गाड़ी को भी जब्त किया गया.

सड़क हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौत

लातेहार। सड़क हादसे में सोमवार की सुबह दो लागों की मौत हो गयी. घटना जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल गांव के पास घटी. मृतकों की पहचान चतरा निवासी रितिक कुमार व बरकठ्ठा (हजारीबाग) निवासी लवनाथ सिंह के रूप में की गयी है. लवनाथ सिंह सिंगरौली के कोलियरी में कार्यरत थे और वे एक कार से सिंगरौली से हजारीबाग जा रहे थे. मेराल गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित हो कर एक पेड़ से जा टकराई. दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गये और कार मे सवार उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया. यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.

दो प्रखंडों के बीएलओ को बांटा गया छाता

सिमडेगा। सिमडेगा जिले के कुरडेग और केरसई प्रखंड के बीडीओ ने सभी बीएलओ को वोटर स्लिप बांटने के क्रम में धूप से बचाव और निर्वाचन के लिए मतदाता को जागरूक करते हुए निर्वाचन की तिथि समय की सूचना प्रिंट कराकर एक -एक छाता दिया गया.लोगों ने इस बार मतदान प्रतिशत का लक्ष्य पार करने के लिए हर प्रयास किए जा रहे हैं. लोगों ने अब घर- घर जाकर लोगों को मतदाता सूचना पर्ची के साथ शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं.बताया जा रहा है कि इस बार 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय दिया गया है.

जेएनवी प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र सम्मानित

लातेहार। सदर प्रखंड के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, हुंडरु में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रों को एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया. प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी एवं चांदनी कुमारी में सफलता प्राप्त की है. जबकि उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में कुलदीप उरांव एवं सुशील उरांव ने सफलता प्राप्त किया है. उन्होने कहा कि इन छात्र व छात्राओं की इस उपलिब्ध पर पूरा विद्यालय हर्षित है.

लातेहार में गहराया पेयजल संकट, बाजारों में पसरा सन्नाटा, लोग घरों में हुए कैद

पारा पहुंचा 42 के पार, इंसान तो क्या बेजुबान पशु भी बेहाल

आशीष टैगोर। लातेहार

जैसे-जैसे सियासी पारा चढ़ता जा रहा है वैसे वैसे गरमी भी बढ़ती जा रही है. लातेहार में गरमी में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है. आसमान से आग बरस रहा है. धरती झूलस रही है. नदी व तालाबों का पानी सूख गया है. कुएं का जल स्तर भी काफी नीचे चला गया है. शहर के चापाकल हांफने लगे हैं. कई बार पंप करने के बाद पानी निकल रहा है. लोग अब सिर्फ सुबह और शाम ही बाजारों में निकल पा रहे हैं. इंसान तो क्या बेजुबान पशु भी बेहाल हैं. अप्रैल में यह हाल है तो मई में क्या होगा, यह सोंच कर लोग परेशान हैं.

सूख गयी है लातेहार की लाइफ लाइन औरंगा नदी : लातेहार शहर और रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बीच बहने वाली और शहर की वाटर लाइफ लाइन माने जाने वाली औरंगा नदी सूख चुकी है. हां, कहीं-कहीं पानी की हल्की धार अवश्य दिखायी पड़ रही है. यहां बेजुबान मवेशियों को अपनी प्यास बुझाते देखा जा रहा है.

क्या कहते हैं चिकित्सक

सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इन दिनों काफी गर्मी पड़ रही है. ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. इन दिनों लू लगने की संभावना अधिक रहती है. ऐसे में बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलना चाहिए. जब भी घर से बाहर निकलें धूप से बचने के लिए सिर व चेहरे पर गमछा लपेट लें या फिर छाता ले कर निकलें. खाली पेट बाहर कभी नहीं निकलें. गर्मी में हमेशा सादा भोजन करना चाहिए. मसालेदार भोजन से बचना चाहिए. ठंडे फलों व हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए.

बढ़ गयी है खीरा व तरबूज की मांग

बढ़ती गरमी के साथ ही खीरा, ककड़ी और तरबूज की मांग बढ़ गयी है. शहर के हर एक चौक चौराहे खीरा, ककड़ी और तरबूज की दुकानें सज गयी है. शहर के पोस्ट आफिस व बालिका उच्च विद्यालय के पास काफी संख्या में खीरा, ककड़ी और तरबूजा बेचने वाले छोटे- बड़े व्यापारी बैठते हैं. बाजार में अभी खीरा 20 से 30 रुपये, ककड़ी 30 से 40 रुपये और तरबूजा 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहे हैं. इसके अलावा सतू के शर्बत की भी डिमांड बढ़ गयी है. 20 से 25 रूपये प्रति गिलास सतू के शर्बत बिक रहे हैं.

सड़कों में पसरी है वीरानी

पड़ रही प्रचंड गर्मी और धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुहाल हो गया है. सुबह के नौ-दस बजते न बजते गरम हवाएं चलने चल रही है. यही कारण है कि शहर की सड़कें सुबह के दस बजे के बाद वीरान हो जा रही है. हालांकि दुकानें खुली रहती है लेकिन उसमें ग्राहक नदारद रहते हैं. बहुत जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं. शहर के प्रमुख थाना चौक, बाइपास चौक, धर्मपुर मोड़ व नवरंग चौक आदि रिहायशी इलाकों में भी दोपहर में वीरानी छायी रहती है.

पलामू पुलिस को दोहरी सफलता, घटना को अंजाम देने की तैयारी थी

सुल्तानी घाटी के पास से हथियार के साथ दो धराये

संवाददाता। मेदिनीनगर

छतरपुर थाना पुलिस ने रविवार को सुल्तानी घाटी से धोबीडीह जानेवाले रास्ते से दो व्यक्तियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गहोरा निवासी सुभाष कुमार यादव(22) पिता अजय यादव व छोटू कुमार यादव (19) पिता संगम यादव शामिल हैं. इस संबंध में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सुलतानी घाटी से धोबीडीह जाने वाले रास्ते में दो व्यक्ति खड़े हैं और किसी अपराध की घटना को अंजाम देने की तैयारी में लगे हुए हैं. उन्होंने बताया कि सूचना के बाद छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में गठित छापामारी दल स्थल पर पहुंची. वहां सड़क के किनारे एक बाइक के साथ दो व्यक्ति खड़े जो पुलिस को अपने नजदीक आता देख बाइक को छोड़कर भागने लगे. लेकिन पुलिस बल ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया. एसपी श्रीमती रिमेशन ने बताया कि तलाशी के दौरान दोनों के कमर से एक-एक देसी कट्टा एवं दोनों के पेंट के पॉकेट से एक-एक मोबाईल बरामद हुआ. पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है. छापामारी दल में छत्तरपुर एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुअनि राहुल कुमार, सुशील उरांव, निखिल कुमार चौरसिया व घनश्याम मिश्रा, पुलिस जवान सच्चीदा कुमार पासवान, निरज कुजुर व सुभाष कुमार शामिल थे.

दो पिस्टल व एक गोली के साथ युवक गिरफ्तार

गुमला । पालकोट थाना की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के डोंगा पहाड़ गांव से एक युवक को एक पिस्टल व एक देशी कट्टे और एक जीवित कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में गिरफ्तारी की जानकारी देते के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया. थाना प्रभारी मो जहांगीर के अनुसार डोंगा पहाड़ निवासी विक्रम चीक बड़ाईक के पास एक पिस्टल व एक देशी कट्टा होने तथा किसी घटना को अंजाम देने की बना रहे योजना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सूचना के सत्यापन के लिए थाना

प्रभारी मो जहांगीर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने विक्रम बड़ाईक के घर की घेराबंदी की और तलाशी आरंभ किया. विक्रम चिक बड़ाईक के बिस्तर के नीचे से एक पिस्टल, मैग्जीन में एक कारतूस लगा हुआ था व एक देशी कट्टा बरामद किया गया . पूछताछ में विक्रम ने बताया कि अवैध हथियार उसके पास काफी दिन से है.

देसी कट्टा व रिवाल्वर के साथ हथियार तस्कर गिरफ्तार

मेदिनीनगर। हरिहरगंज थाना पुलिस ने भगत तेन्दुआ ओवर ब्रीज के पास से एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके पास से एक देशी रिवाल्वर जिसकी लम्बाई करीब 12 अंगुल, एक सिंगल शॉट का देशी कट्टा, जिसका लम्बाई करीब 14 अंगुल, एक सिंगल शॉट का देशी कट्टा जिसकी लम्बाई करीब 16 अंगुल है के साथ आरोपी के पास से रियलमी कम्पनी का एक एंड्राएड मोबाइल जब्त किया है. इस संबंध में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भगत तेन्दुआ ओवर ब्रीज के पास एक व्यक्ति कई तरह के हथियार रखे हुए है जिसे बेचने के लिए किसी ग्राहक को बुलाया है. सूचना के बाद गठित छापामारी दल ने स्थल पर पहुंचकर एक व्यक्ति को खड़ा पाया. तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार समेत कई सामान बरामद किए गए.

एकल विद्यालयों में शिक्षक बहाल करने की मांग की

लातेहार। विद्यालयों मे शिक्षकों की पदस्थापना करने की मांग को ले कर विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा गया है. ज्ञापन में अर्थशास्त्री प्रो ज्यां द्रेज, सहायता केंद्र मनिका जेम्स हेरेंज व पचाठी सिंह, झारखंड ज्ञान विज्ञान समिति के विश्वनाथ सिंह, सहायता केद्र गारू के सोमवती देवी व राजू उरांव तथा शोधकर्ता व परन अमितावा ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है. कुल 6900 सरकारी स्कूलों में एक अकेला शिक्षक है. इनमे से तकरीबन 6400 स्कूल प्राथमिक विद्यालय हैं. इन विद्यालयों में अधिकांश बच्चे दलित और आदिवासी परिवारों से आते हैं. झारखंड के 30 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय एकल शिक्षक विद्यालय हैं. पिछले साल कई धरनों के बावजूद इन स्कूलों में अभी तक शिक्षक नियुक्त नहीं किये गये हैं.

विशुनपुरा बीडीओ के निधन पर शोक सभा का आयोजन

गढ़वा। विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा (झाप्रसे) का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान डीसी शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया. डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है.

रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव, लोगों को हत्या की आशंका

संवाददाता। हुसैनाबाद/ पलामू

मोहम्मदगंज कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी पर युवक का शव मिला. इसकी सूचना ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज पुलिस को दी. सूचना पाकर थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देश पर एएसआई बिपिन ठाकुर घटनास्थल पहुँचे. उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया. युवक की पहचान माली गांव निवासी नितेश कुमार उम्र 26 वर्ष, पिता राजेश्वर पासवान के रूप में हुई है. मृत युवक का घर घटनास्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. वही स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है. हालांकि घटना किस कारण हुई, इस पर कोई खुल कर कुछ नही बोल रहा है.मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने बताया कि नितेश कुमार रविवार की रात 10 बजे खाना खाकर बाहर निकला था. इसके कुछ देर बाद उसका फोन ऑफ बताने लगा. रात एक बजे तक काफी खोजबीन किया गया लेकिन कुछ पता नही चल सका. अहले सुबह करीब 5 बजे रेलवे ट्रैक के पास शव होने की सूचना मिली. इसे देख कर उनके होश उड़ गए.

चोरी के 12 दिन बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं

बरवाडीह (लातेहार)। थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर 12 दिन पूर्व एक चोरी की वारदात हुई थी. लेकिन इन 12 दिनों में पुलिस चोरों का अब तक कोई सुराग पता नहीं लगा पायी है. जबकि यहां पुलिस विभाग के डीएसपी, प्रशिक्षु आईपीएस व इंस्पेक्टर का भी मुख्यालय है. रात्रि प्रहरी के द्वारा पूरी त चौकीदारी किये जाने का दावा भी किया जाता है. बावजूद इसके बाजार से सटे आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने बिरेंद्र उर्फ बबलू किराना स्टोर के बंद घर से चार लाख 30 हजार नगद सहित कीमती जेवरातों की चोरी तीन-तीन ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई. बता दें कि 18 अप्रैल को बिरेंद्र सपरिवार अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गए थे. जब सुबह वे वापस घर आये तो देखा कि उनके घर का ताला तोड़ दिया गया है. तत्काल पुलिस को सूचना दिया और पुलिस के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई. तफ्तीश के दौरान पुलिस कुछ अपराधिक तत्व के लोगो को पूछताछ के लिए अपने हिरासत में लिया था.

पलामू में झुलसा देने वाली गर्मी पारा पहुंचा 43.8 डिग्री के पार

जैनेंद्र कुमार। मेदिनीनगर

पलामू जिले में इन दिनों गर्मी चरम पर है. अपने पुराने सभी रिकार्ड को तोड़ने के करीब पहुंच रहा गर्मी के इस मौसम में जनजीवन बेहाल है. मेदिनीनगर में सोमवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो इस वर्ष का सबसे अधिकतम तापमान है. इससे पूर्व 21 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था. आज ही के दिन साल 2022 में अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था. सोमवार को न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है. रविवार को जहां न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस था, वह सोमवार को बढ़कर 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया. शनिवार को सुबह की आद्रता 40 प्रतिशत व शाम की आद्रता 20 प्रतिशत दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ेगी. इधर गर्मी के बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट भी बढ़ गया है..अधिकांश चापानल जवाब देने लगे हैं. नगर निगम द्वारा टैंकर से की जा रही पेयजलापूर्ति भी अपर्याप्त है. ऐसे में लोग साइकिल से पानी ढोने व पानी की खरीद करने को मजबूर हैं.

न्यूज अपडेट

प्राचीन देवी मंडप का वार्षिकोत्सव 4 मई से

लातेहार। शहर के थाना चौक के तेली मुहल्ला में अविस्थत प्राचीन देवी मंडप का दूसरा वार्षिकोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम आगामी चार मई से प्रारंभ होगा. आयोजन की तैयारी एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने को ले कर मंदिर समिति की एक बैठक रामधनी प्रसाद साहु की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. बैठक में अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया. समिति का अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ मंटू को बनाया गया.

बीसीए सत्र 2022-25 के फिजिक्स विषय में 76 विद्यार्थी फेल

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग एक बार फिर कटघरे में खड़ा है . एनपीयू के वोकेशनल कोर्स सत्र 2022-25 के प्रथम वर्ष की परीक्षा अक्टूबर महीने में हुई थी और उसका रिजल्ट अभी दो दिन पूर्व आया है. इतने समय के बाद भी परीक्षा परिणाम में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के बीसीए के 76 बच्चों को फिजिक्स के विषय में फेल कर दिया गया है. इधर परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गयी है जिसके कारण हमारा रिजल्ट फेल किया गया है. छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व में सोमवार को छात्रों ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का घेराव कर नारेबाजी की.

ग्राहक पंचायत समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

लातेहार। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत समिति, झारखंड प्रांत के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र उपायुक्त, लातेहार को सोमवार को सौपा गया. समिति की ओर से सौपें गये मांग पत्र में डा चंदन कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में दूध में मिलावट की जा रही है और धड़ल्ले से जंक फूड बेचा जा रहा है. इस पर रोक लगना चाहिए. लोग इसका सेवन कर बीमार पड़ रहे हैं. लोगों स्वास्थ्य खराब हो रहा है और आने वाले समय यह लोगों के लिए आफत बन जाएगा. आगे कहा गया कि लातेहार जिले में भी दूध का उत्पादन और मांग में भारी अंतर है. मांग को पूरा करने के लिए दूध व्यापारी दूध में मिलावट करते है.

बच्चों को नियमित स्कूल भेजें : मंजू देवी

लातेहार। उत्क्रमित उच्च विद्यालय,करकट की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मंजू देवी ने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील अभिभावकों से की.अध्यक्ष मंजू देवी, सदस्य रीता देवी, माला देवी, विद्यालय के सहायक अध्यापक अतुल कुमार व अध्यापिका मीना देवी ने शिक्षक टोला टैगिंग प्रयास कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र विद्यालय नहीं आने वाले बच्चो के घर- घर का भ्रमण किया . बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया. अभिभावक रंजू देवी ने कहा की गरीबी के कारण बच्चे महुआ चुनने सुबह चले जाते है.

डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने साक्षी व विकास को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। पांकी रोड रेड़मा स्थित द कराटे एकेडमी में आज बेल्ट ग्रेडिंग समारोह आयोजित किया गया. समारोह में मुख्य अतिथिऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र सौंपा. मौके पर डा. सिद्धार्थ ने कहा कि इन बच्चों ने कराटे को सिर्फ अपना जुनून ही नहीं बनाया बल्कि इसे अपने जीवन जीने के तरीके के रूप में भी अपनाया है जो कि आज कल की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है. इन बच्चों की प्रतिभा ने हमें दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया. विशिष्ट अतिथि डॉ अमित ने कहा कि द कराटे एकेडमी के खिलाड़ी बहुत ही होनहार है. एकेडमी के संचालक सुमित बर्मन ने कहा कि इस वर्ष कराटे एकेडमी से दो बच्चे ब्लैक बेल्ट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं. साक्षी वर्मा 2018 में नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता भी रही है दूसरा विकास कुमार ने 2023 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर राज्य को मेडल दिलाया है. उन्हें भी इस वर्ष ब्लैक बेल्ट की डिग्री प्राप्त हुई है. मौके पर पलामू कबड्डी एसोसिएशन के सचिव दीपक तिवारी, पुष्पम कुमार आदि मौजूद थे.

अंडर-16 क्रिकेट: देवघर ने रांची को 16 रन से हराया

गुमला। गुमला के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में देवघर की टीम ने रांची को 16 रन से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है. सोमवार को टॉस जीतकर देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.1 ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 113 रन में सिमट गई. देवघर की ओर से यश सिन्हा ने 47 व प्रतिक कुमार ने 41 रनों की पारी खेली. गेंदबाजी करते हुए रांची की ओर से काजी मोहम्मद व तौहिद ने तीन -तीन और समीर कुमार ने दो विकेट लिए. जवाबी पारी खेलने उतरी रांची की शुरुआत अच्छी रही. तौहिद व आदित्य लाल ने 68 रन बनाए. इसके बावजूद पूरी टीम ने सौ का आंकड़ा नहीं छू सका. देवघर के यश सिन्हा ने 10 ओवरो में तीस रन देकर छह विकेट चटकाए. अजय यादव ने 7.5 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए . बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए पूरे मैच में आकर्षण का केंद्र रहे यश सिन्हा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार पांच हजार नगर व ट्रॉफी प्रदान किया गया.

परशुराम जयंती पर जलाएं हर घर व मंदिर में दीप : देवेंद्र

मेदिनीनगर। अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जयंती को लेकर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पलामू ने एक बार फिर तैयारी शुरू कर दी है. पिछले दशक से परशुराम जयंती मनाने की परंपरा को नया स्वरूप देने को लेकर परशुराम वंशजों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी व संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी व विषय प्रवेश प्रवक्ता संजय मिश्रा ने कराया. कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कमेटी विस्तार के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि पलामू जिला की कमान दूसरी बार पूर्वडीहा निवासी विकास दूबे को सौंपी गई है. नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को प्रदेश संरक्षक भागवत मिश्रा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं मातृशक्ति के रूप में प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अधिवक्ता सुधा पाण्डेय ने हाथों में फरसा सौंपा. भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विकास दूबे को पगड़ीपोशी कर जिलाध्यक्ष घोषित किया गया.

जज्बे को सलाम | एक हाथ से दस किलो का हथौड़ा चलाते हैं अलाउद्दीन खान

हौसले बुलंद हों तो दिव्यांगता नहीं बन सकती राह की रोड़ा

मयंक विश्वकर्मा ।

बरवाडीह(लातेहार)

अगर हौसले बुलंद हों तो दिव्यांगता आपकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है. कई लोगों ने साबित करके दिखाया है कि दिव्यांगता महज एक मानसिकता है, जिससे आगे पाने के लिए पूरा जहां है. बरवाडीह में भी एक ऐसे शख्स हैं जिन्होंने दिव्यांगता को किनारे करके न केवल कामयाबी से लक्ष्य हासिल किया बल्कि दूसरों को सीख देने का काम किया है. हम बात कर रहे है प्रखंड के छेंचा पंचायत के निवासी अलाउद्दीन खान की.

अलाउद्दीन ने 18 वर्ष पहले 11 हजार बिजली के तार के चपेट में आने से अपना दाहिना हाथ खो दिया था. तकरीबन पांच साल वे अपने घर में ही बैठे रहे. लेकिन जब घर में खाने-पीने के लाले पड़ने लगे तो उन्होने कुछ करने का ठाना. इसके बाद वे काम की तलाश में निकल पड़े. लेकिन एक हाथ नही होने के कारण उन्हें कहीं काम नही मिल रहा था. लेकिन उन्होंने हिम्मत नही हारी. आखिरकार उन्हें एक वेल्डिंग दुकान में काम मिला. वेल्डिंग की दुकान जहां सिर्फ लोहा का ही काम होता है. अच्छे भले लोग जो अपने दोनो हाथों से भी काम करने में थक जाते है. उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और काम करते रहे. तकरीबन आठ साल काम करने के बाद अब उनके लिए एक ही हाथ से वेल्डिंग करना, हथौड़ा चलाना व लोहा उठना सब हल्का लगने लगा. आज अलाउद्दीन बरवाडीह में एक अच्छे-खासे वेल्डर मिस्त्री माने जाते है. अभी बरवाडीह पावर सब स्टेशन के समीप रवि कुमार गुप्ता के जय मां काली वर्क शॉप में बकायदा मिस्त्री के रूप में काम करते है और महीने में अच्छे-खासे पैसा कमाते है.अलाउद्दीन ने कहा कि अगर वे अपनी दिव्यांगता को ले कर बैठ जाते तो जीवन में कभी सफल नहीं हो पाते. उन्होने अपनी दिव्यांगता को कभी अभिशाप नहीं समझा.

खास बातें

- प्रखंड की छेंचा पंचायत के निवासी हैं अलाउद्दीन खान
- वेल्डिंग करना, हथौड़ा चलाना व लोहा उठाना हल्का लगने लगा
- अलाउद्दीन बरवाडीह में एक वेल्डर मिस्त्री माने जाते हैं

मुख्य निवार्चन पदाधिकारी के. रवि ने पुरस्कार प्रदान किया

झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में रवि कांत भगत को मिला तीसरा पुरस्कार

संवाददाता। लातेहार

आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनस कांटेस्ट का आयोजन 29 अप्रैल को निर्वाचन भवन में किया गया. इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से 20 म्यूजिक वीडिओ एलबम अलबम शामिल थे. प्रतियोगिता में लातेहार जिले के लोक कलाकार रवि कांत भगत को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ. झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि ने रविकांत भगत को नकद पुरस्कार सहित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए रविकांत भगत ने बताया कि उसने वोटर अवेर्नेस को ले कर एक नागपुरी गीत तैयार किया था. गीत के बोल थे हमीन हेकि भारत वासी, हमीन हेकि जिम्मेदार नागरिक, चला सभे करब मतदान, ई है संविधान के वरदान, देश के बेहतरी चुनब सरकार. उन्होंने बताया कि इस गीत को खुद उन्होंने लिखा और गाया है. जबकि संगीत सुकुल उरांव ने दिया है. एलबम में दिनेश देवा, विजय प्रभाकर, रिंकु उरांव, लवकेश उरांव, अंकिता बेक, बालकरण उरांव व सबिता उरांव ने अभिनय किया है. जबकि कैमरा एवं एडीटिंग रांची के रवि मुंडा ने किया है. रविकांत ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और लोगों को अपने घरों से निकल कर मतदान अवश्य करना चाहिए.

6 मई तक सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कर सकते है नामांकन

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए सोमवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. उम्मीदवार जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय से नामांकन पत्र लेकर सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा कर सकते है. नामांकन के लिए आखिरी तारीख 6 मई है. इसके बाद 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकते है.

मतदान केंद्रों पर रहेंगे चार वोलेंटियर : सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि गर्मी और धूप को देखते हुए मतदान केंद्रों में शेड बनाया जायेगा जहां चार वोलेंटियर मौजूद रहेंगे जो मतदाताओं को पानी पिलाएंगे और दिव्यांग वोटरों को बूथ तक पहुंचाएंगे. इसके अलावा वृद्ध मतदाताओं को वाहनों से बूथ तक भी पहुंचाया जाएगा. बहुत सारे वृद्ध मतदाताओं का कहना था कि यह चुनाव का पर्व है और वह भी यह पर्व बूथ पर मनाना चाहते हैं. इसलिए उनके लिए यह इंतजाम किया जा रहा है. शहरी इलाके के सभी बूथों पर व्हीलचेयर रहेगी. ताकि दिव्यांगों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो.

एक्सपेंडेचर आब्जर्वर रखेंगे खर्चों पर नजर : उपायुक्त ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि खर्चों की जांच के लिए एक्सपेंडेचर आब्जर्वर एस गुप्ता शहर पहुंच चुके है. उन्होंने बताया कि जिले में दो एक्सपेंडिचर आब्जर्वर रहेंगे. एक एक्सपेंडेचर ऑब्जर्वर जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी और जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र देखेंगे.

अब तक 1178 आर्म्स जमा कराए गए

प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि चुनाव के पूर्व जिले के कुल 1178 आर्म्स को जमा कराया जा चुका है. जिन्होंने भी आर्म्स जमा नही किया है उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी. इसके अलावा कई अपराधियों पर सीसीए लगाया जा चुका है और कई पर सीसीए लगाने की अनुशंसा की जा चुकी है. वहीं अब तक कुल 68,08,466 रुपयों को जब्त किया गया है, इनमें से बहरागोड़ा में 3लाख 47 हजार 269 रुपए, घाटशिला में 5 लाख 12 हजार 294 रुपए, पोटका में 15 लाख 45 हजार 856 रुपए, जुगसलाई में 20 लाख 11 हज़ार 832 रुपए, जमशेदपुर पश्चिम में 18 लाख 72 हजार 169 रुपए और जमशेदपुर पश्चिम में 5 लाख 19 हजार 046 ज़ब्त किए गए हैं.

जिले में कुल 18,62,364 वोटर्स

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 24 अप्रैल तक कुल 18,62,364 वोटर्स है जो वोट करेंगे. इसमें से 9,34,251 पुरुष वोटर्स और 9,12,122 महिला वोटर्स शामिल है. इसके अलावा 132 ट्रांसजेंडर वोटर्स भी शामिल है.

घाटशिला में कार व बाइक में टक्कर, दो लोग घायल

घाटशिला। थाना क्षेत्र के ठाकुरबाडी गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर सोमवार की दोपहर एक कार की चपेट में आने से महिला समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ मीरा मुर्मू ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. चिकित्सक डॉ. मीरा मुर्मू ने बताया कि महिला के सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी है जबकि युवक के पैर तथा चेहरे पर कई गहरा जख्म हैं. घायल महिला फुलमनी सबर ने बताया कि गांव के युवक रोबेन मन्ना के साथ अपने घर बासाडेरा गांव बाइक से जा रही थी. पीछे से आ रहा कार जोरदार टक्कर मार दिया जिससे हम दोनों गिर पड़े.

न्यूज अपडेट

पीएम मोदी की सभा को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

आदित्यपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारी और 3 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाईबासा में आयोजित होनेवाली जनसभा को लेकर भाजपाइयों ने आदित्यपुर में बैठक कर रणनीति बनाई है. बैठक में आज राजनगर में होनेवाली बाबूलाल मरांडी के सभा को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा संख्या में कैसे आदित्यपुर से कार्यकर्ता पहुंचे इसपर भी विचार विमर्श हुआ. बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष बिरेन्द्र सिंह ने किया. जिसमें संगठन जिला प्रभारी सुबोध कुमार गुड्डू, पूर्व भाजपा प्रत्याशी गणेश महाली, पूर्व डिप्टी मेयर बॉबी सिंह, वरिष्ठ नेता ललन तिवारी, ललन शुक्ला मौजूद रहे.

सांसद ने दाहीगोडा में चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

घाटशिला। भारतीय जनता पार्टी का चुनावी कार्यालय सोमवार को सांसद सह जमशेदपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विद्युत भरण महतो ने दाहीगोड़ा में फीता काटकर उद्घाटन किया. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए घाटशिला विधानसभा प्रभारी नंद जी प्रसाद ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार 8 लाख से अधिक मतों से विद्युत वरण महतो की जीत होगी. सिर्फ कार्यकर्ता को 25 दिन और 12 घंटा समय देने का संकल्प ले तो यह संभव होगा. सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता का हृदय से साधुवाद है. उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यहां की जनता भारी मतों से विजई बनाएगी. जिला अध्यक्ष चंडी चरण साहू ने कहा कि इस बार सांसद विद्युत वरण महतो की हैट्रिक है आज तक जमशेदपुर लोकसभा से किसी ने भी हैट्रिक नहीं की है .

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

घाटशिला । अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक सोमवार को एक होटल में प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से आगामी 10 मई को परशुराम जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर श्रीश्री परशुराम जी की जयंती मनाने पर चर्चा हुई. बैठक में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विभिन्न कार्यों का दायित्व निर्धारित किया गया . सभी ने मिलकर के धूमधाम से परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया.बैठक में गोपाल कृष्ण बनर्जी, पंडित श्रवण शर्मा, संजय तिवारी, विकास कुमार पांडा, विकास शुक्ला, अशोक महापात्र, शंकर प्रसाद आचार्य, ओम प्रकाश अवस्थी, प्रकाश शर्मा, देवराज मुखर्जी आदि उपस्थित थे.

दधि उत्सव के साथ हरिनाम संकीर्तन का समापन

घाटशिला। प्रखंड के भादुआ पंचायत अन्तर्गत चेकाम में दधि उत्सव के साथ अष्टम प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन सोमवार को हुआ. इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थी. श्रीमती मुर्मू ने महिलाओं संग अबीर गुलाल लगाकर दधि उत्सव मनाया. इससे पहले श्रीमती मुर्मू ने मत्था टेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की. उन्होंने कहा कि लगातार कीर्तन का दौर चल रहा है. इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है. संकीर्तन में राधा गोविंद संकीर्तन सम्प्रदाय पुरुलिया, बालिका संकीर्तन सम्प्रदाय कालापाथर, अमर संघ बालिका संकीर्तन सम्प्रदाय केंदापाड़ा व दीनबंधु संकीर्तन सम्प्रदाय चेकाम ने भाग लिया. इस मौके पर आरती पाल, रत्नावती पाल, मिजु मन्ना, गौरांग पाल, बुद्धेश्वर पाल, हलधर पाल, अमल कुमार पाल, दुर्गा प्रसाद दंडपाट समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

पूर्व जिप गीता मुर्मू ने समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन

घाटशिला। बहरागोड़ा प्रखंड की पूर्व जिला परिषद सदस्य गीता मुर्मू एवं घाटशिला की पूर्व जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा कर्मकार ने सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा. गीता मुर्मू एवं पूर्णिमा कर्मकार को सांसद विद्युत बल महतो ने माला एवं पार्टी का पटा देकर पार्टी में स्वागत किया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि जिस तरह से नारी शक्ति भाजपा में शामिल हुई है.मौके के पर गीता मुर्मू ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुई हूं. मुझे पूरी उम्मीद है कि भाजपा में रहकर ही जनता की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है.

कमलदेव गिरि का मनाया गया जन्मोत्सव, दी श्रद्धांजलि

चक्रधरपुर। गिरिराज सेना के संरक्षक सह हिन्दूवादी युवा नेता कमलदेव गिरि का जन्मोत्सव सोमवार को मनाया गया. इस अवसर पर चक्रधरपुर शहर के शौंडिक धर्मशाला परिसर में कमलदेव गिरि के परिवार व गिरिराज सेना के सदस्यों ने स्व. कमलदेव गिरि के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया. मौके पर मौजूद कमलदेव गिरि के बड़े भाई उमाशंकर गिरि ने कहा कि छोटे भाई कमलदेव गिरि जिस विचार को लेकर चल रहे थे उस विचार को हमेशा जीवित रखा जाएगा. कमलदेव गिरि भले ही सशरीर नहीं है, लेकिन वह अपने चाहने वालों के दिल और मन में निवास करता है. हिम्मत बनकर वह हमारे साथ है. छोटे भाई कमलदेव गिरि द्वारा गठित गिरिराज सेना के सभी सदस्य स्वयं में कमलदेव गिरि है. मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने कमलदेव गिरि को याद किया.

एकल ग्रामोत्थान संसाधन केन्द्र महिला समिति का पुर्नगठन

चक्रधरपुर। करंजो स्थित एकल ग्रामोत्थान संसाधन केन्द्र के महिला समिति की बैठक चक्रधरपुर के कुसूमकुंज स्थित पिट स्टॉप होटल में हुई.बैठक के दौरान आगामी वर्ष के कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई.महिला समिति के दो वर्ष पूर्ण होने पर सर्वसहमति से समिति का पुर्नगठन कर सभी को दायित्व सौंपा गया.जहां अध्यक्ष नीतू साहु, उपाध्यक्ष विमला प्रसाद, सचिव आशा भगेरिया, सह सचिव मीना भगेरिया,कोषाध्यक्ष कंचन छाबड़ा, सह कोषाध्यक्ष डिप्पी कौर, मीडिया प्रभारी राखी साव,डब्ल्यूईसी प्रभारी एस पुष्पलता, अनीता भगेरिया, मोनिका साव, सुषमा साव, सुनीता भगेरिया को बनाया गया.

पेयजल संकट से जूझ रहे हैं छोटा कुलिया के ग्रामीण

बहरागोड़ा । बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ब्रामनकुंडी पंचायत अंतर्गत छोटा कुलिया गांव में निर्मित सोलर जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब है.जिसके कारण ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. उक्त गांव में लगभग 80 घर हैं. जिसमें करीब 400 लोग निवास करते हैं . पूरे ग्रामीण जलमीनार की खराबी हो जाने से पास के कुंआ से पानी निकालकर पीते हैं. वहीं प्रचंड गर्मी में सोलर जलमीनार की खराब हो जाने से ग्रामीण जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की मांग कर रहे हैं. ग्रामीणों रेखा राणी नायेक,शिबानी खंडपात्र, सबिता खंडपात्र,करण खंडपात्र,हेमबाला खंडपात्र,बबिता नायेक,लता नायेक,सपन नायेक,मंटू नायेक आदि ने सोलर जलमीनार की खराब होने की सूचना पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह को दिया है.

ब्रीफ खबरें

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

घाटशिला । जगन्नाथपुर स्थित फुटबॉल स्टेडियम के समीप सोमवार को अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से हेसलडीह गांव के 27 वर्षीय वचन हांसदा नामक युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना ग्रामीणों ने मृतक के पिता सानू राम हांसदा को दी. दुर्घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को मिलने के बाद घाटशिला जीआरपी थाना प्रभारी क तिवारी समाजसेवी कालीराम शर्मा मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में बनकटी पंचायत के हेसलडीह गांव निवासी पतित हांसदा ने बताया कि मृतक का घर के बगल में रेलवे ट्रैक है. अक्सर गांव के लोग ट्रैक के आसपास बैठते हैं. वचन भी शायद ट्रैक के किनारे खड़ा था अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई होगी.

मेन्टेनेंस आफिस का ताला तोड़ कर की चोरी

किरीबुरु। सेल, मेघाहातुबुरु के सिविल विभाग के अधीन संचालित मेंटेनेंस आफिस का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने समानों की चोरी की. 15 दिनों के अंदर चोरों ने इस कार्यालय में तीसरी बार ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है. सूत्रों अनुसार चोर लोहे व अन्य मेटल के समानों की चोरी की है. इस कार्यालय के विभिन्न कमरों के कई ताला को तोडा.गया है. चोरी की बढ़ती घटना से सेल प्रबंधन व शहरवासी परेशान हैं. सेल प्रबंधन भी चोरी की घटनाओं की शिकायत थाना में दर्ज कराने से हमेशा से कतराते रहती है. क्योंकि सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हें न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ता है. इसी का निरंतर लाभ चोर उठा रहे हैं.

सर्पदंश से इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की मौत

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एन एच 18 किनारे अवस्थित बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र बिट्टू यादव (17) विगत गुरुवार शाम को क्रिकेट खेलते वक्त बॉल लाने के दौरान किसी जहरीला सांप काट लिया था.जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. वहीं छात्र का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए पीआरएम मेडिकल कॉलेज बरीपदा रेफर कर दिया गया. तत्पश्चात 108 एंबुलेंस द्वारा पीआरएम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया. जहां से फिर उच्च चिकित्सा के लिए एससीबी मेडिकल कॉलेज कटक रेफर कर दिया गया.वहीं रविवार शाम को इलाज के दौरान उड़ीसा के कटक अस्पताल में ही उसकी मृत्यु हो गई.

राजनगर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में हुई सभा

चाईबासा में इस बार खिलेगा कमल :गीता कोड़ा

संवाददाता। आदित्यपुर

सोमवार को राजनगर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया. जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस क्षेत्र के लिए उन्हें विकास में बाधक करार दिया. उन्होंने सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में मतदान को लेकर सभा की. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री के निर्देश पर तपिश और भीषण गर्मी में पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है. स्थानीय होने के बावजूद मुख्यमंत्री का गृह जिला आज भी विकास से कोसों दूर है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में कई बेहतरीन योजनाओं की सौगात पूरे देश को दी है. पूरे सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में 78 हजार बेघर लोगों को रहने के लिए पीएम आवास दिया गया. 20 हजार 508 लोगों को उज्जवला गैस योजना का लाभ मिला. 5 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड देकर स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई है. नल जल योजना से घरों तक पीने का स्वच्छ पानी दिया जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के इन योजनाओं पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ग्रहण लगाने तुली है.

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल की गारंटी के चलते पूरा विश्वास है कि सिंहभूम से एक कमल जरूर खिल कर दिल्ली जाएगी. गीता कोड़ा ने कहा कि झामुमो की सरकार ने आदिवासियों को ठगने का काम किया है. उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य से वंचित रखा है. अब वक्त आ गया है कि 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान कर मुंहतोड़ जवाब दें. जनसभा में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा पार्टी का दामन थामा, जिनमें से अधिकांश झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, जेबी तुबिद, लोकसभा प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, गणेश महाली, लोकसभा संयोजक विनोद श्रीवास्तव, सह संयोजक अमित सिंह आदि मौजूद रहे.

अधिकार को बचाना है तो जोबा को जिताना है : दीपक

चाईबासा। इंडिया महागठबंधन झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनसंपर्क अभियान के तहत जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंची. मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा शामिल हुए. इस दौरान जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बड़ानंदा, पोखरपी, पोटोबेड़ा, जेटेया जगासाई आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की. कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाना बचाए रखना है तो जोबा माझी को जिताना जरूरी है. एक तरफ आंदोलनकारी परिवार से जुड़ी जल, जंगल और जमीन की बचाने में संघर्षरत जोबा मांझी और दूसरी तरफ 4 हजार करोड़ माईनिंग घोटाले में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा जैसे धोखेबाज के बीच चुनावी मुकाबला है. अब फैसला जनता के हाथ में है, कि किसे चुनना है. मंत्री ने कहा कि भाजपा पार्टी यहां के आदिवासी मूलवासियों के हक, अधिकार को खत्म करने का काम कर रही है. देश का संविधान खतरे में है. भाजपा की सरकार देश की संविधान को बदलना चाहती है. अगर संविधान बदला तो यहां के आदिवासी मूलवासियों के हक, अधिकार व अस्तित्व समाप्त हो जाएगी. ऐसे तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है. इंडिया महागठबंधन इस भाजपा के साजिश को नाकाम कर देगी.

सारंडा में साल का फूल खिलेगा, ना कि कमल फूल : मंगल सिंह

संवाददाता। किरीबुरु

सारंडा में साल का फूल खिलता है, ना कि कमल का फूल खिलेगा. प्रधानमंत्री मोदी देश वासियों से राम नाम जपवा रहे हैं लेकिन सारा माल अपना व आडानी के नाम करवा रहे हैं. उक्त बातें पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने जेएमएमयू कार्यालय में सिंहभूम संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा माझी के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुये कहा. उन्होंने कहा कि सारंडा की वन व खनिज संपदाओं को भाजपा सरकार लूटने की तैयारी में है. वह चाहती है कि यहाँ की भाजपा प्रत्याशी को जीताकर यहाँ की खदानों, जंगलों व जमीन को आडानी, अंबानी के हाथों सौंप लूटा जाये. ऐसा होने नहीं देना है. अगर आज हम चूक गये तो आने वाला समय काफी खराब होगा.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाईबासा आयेंगे और अपने आपको चाईबासा व चायवाला में समानता दिखाकर आपको बरगलाने की कोशिश करेंगे, लेकिन इसमें फंसना नहीं है. आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में मात्र पंद्रह दिन कडी.मेहनत कर एक एक मतदाता को अपने साथ जोडें. हर एक वोटर बूथ पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट जोबा माझी के तीर-धनुष निशान पर दें.

उप मुखिया सुमन मुंडू ने कहा कि ओल सीझता भी है और कोल बुझता भी है. अब हमें कोई बरगला नहीं सकता है. इस दौरान झामुमो नेता इजहार राही, लक्ष्मी नारायाण लागुरी, फिरोज अहमद, अल्बर्ट मुंडा, रोयाराम चाम्पिया, मुखिया पार्वती किडो, मुखिया लिपि मुंडा, उप मुखिया शमशाद आलम, उप मुखिया सुमन मुंडू, पूर्व प्रमुख जीरेन सिंकु, पूर्व मुखिया आलोक तोपनो, वीर सिंह मुंडा, सुरेश टुट्टी, शांतियल भेंगरा, माधव चन्द्र कोडा, धनीराम लकडा, शेख मुख्तार, एन एन घटवारी, पूर्ण चन्द्र माझी, इमिल तोपनो, अशोक मालुवा, भूषण टूटी आदि दर्जनों मौजूद थे.

सतनाला डैम में नहा रहा कदमा का युवक डूबा, मौत

संवाददाता। सरायकेला-खरसावां

जिले के कपाली ओपी अंतर्गत डोबो के सतनाला डैम में नहाने के दौरान कदमा निवासी राहुल मंडल (21) की डूबने से मौत हो गई. घटना रविवार देर शाम की है. मृतक राहुल मंडल मूल रूप से बागबेड़ा का रहने वाला था. फिलहाल वह कदमा के भाटिया बस्ती में किराए के मकान में रहकर पेंटिंग का काम कर रहा था. सोमवार सुबह राहुल का शव डैम में देखा गया. इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

एक वर्ष पूर्व ही हुई थी शादी : राहुल के साथी शिवम दीप ने बताया कि राहुल बागबेड़ा का रहने वाला पर उसने एक वर्ष पूर्व ही प्रेम विवाह किया था. इसके बाद कदमा के भाटिया बस्ती में किराए के मकान में रहने लगा. उसकी पत्नी भी पांच माह की गर्भवती है. वह अपने तीन दोस्तों के साथ रविवार शाम को डैम गया था. यहां सभी ने मौज मस्ती की और फिर डैम में नहाने चले गए. नहाने के दौरान ही राहुल अचानक लापता हो गया. काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिला. इसके बाद दोस्तों ने इसकी सूचना राहुल की पत्नी और पुलिस को दी.

सुबह मिला राहुल का शव : चना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल की तलाश में जुट गई, पर अंधेरा होने की वजह से राहुल का पता नहीं चल पाया. सुबह राहुल मंडल का शव डैम में नजर आया. पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को डैम से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस सभी दोस्तों से पूछताछ कर रही है.

नदी में डूब रहीं चार लड़कियों को उसकी मां ने बचाया

नोवामुंडी। नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के ठाकुरा गांव स्थित कारों नदी पिकनिक स्थल में चार नाबालिग लड़कियां नहाते हुए अचानक से डूबने लगे. वही नदी किनारे खड़े उसकी मां ने यह देख तुरंत ही लड़कियों के बाल पड़कर खींचकर बाहर निकाला. तुरंत ही चारों नाबालिग लड़कियों को गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने उसकी इलाज कर खतरे से बाहर बताया. घटना के संबंध में उसके परिवार के लोगों ने बताया कि हमलोग गुवा कैलाश नगर में रहते हैं. घर में किसी काम को लेकर छोटे भाई के बच्चें घर आए हुए थे. दोपहर 1:00 बजे मेरी बेटी और छोटे भाई की तीन बेटी अपनी मां के साथ नहाने के लिए ठाकुरा गांव स्थित कारों नदी पिकनिक स्पॉट पर गया था. और नहाने के दौरान यह घटना घट गई. किसी तरह उसकी मां ने चारों बच्चियों को बचाया. जिसमें से दो लड़कियों की हालत खराब थी. तुरंत ही लोगों की मदद से चारों लड़कियों कों अस्पताल में भर्ती कराया गया.

अब कानूनी लड़ाई के लिए संघ तैयार: बीर सिंह बुड़िउली

संवाददाता। चाईबासा

सदर प्रखंड के तुईबिर पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम बरकुंडिया में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान की बैठक सोमवार को संपन्न हुई. बैठक में संघ द्वारा चलाए जा रहे जनांदोलन और जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई. झारखंड उच्च न्यायालय में बहुचर्चित ईचा डैम (स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना) रद्द करने हेतु अपना पक्ष मजबूती से रखने के लिए इंटरलोक्यूटरी आवेदन दाखिल कर कानूनी लड़ाई के लिए कदम बड़ा चुकी है. मालूम हो कि संतोष कुमार सोनी, इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह खाद आपूर्ति विभाग के मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष ने ईचा डैम का निर्माण कार्य पुनः चालू करने के लिए जनहित याचिका दायर किया था. जिसकी सुनवाई 29 अप्रैल 2024 को हुई. संघ की कार्यकारिणी समिति को मजबूती प्रदान करते हुए विधि सलाहकार सुरेश चंद्र सोय को सचिव, कोषाध्यक्ष गुलिया कालुंडिया और सह कोषाध्यक्ष बिरसा गोडसोरा को बनाया गया. बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र बुड़ीउली, हरीश चंद्र अल्डा, रेयांश सामड, श्याम कुदादा, योगेश कालुंडिया, गुलिया कालुंडिया, सलीका बारी, सुनील सामड, मानकी आल्डा, शंकर पूर्ती, संजय बोदरा, राजेंद्र बोयपाई, रोयाराम लागुरी, जय प्रकाश बुड़ीऊली, और ग्रामीण शामिल थे.

प्रतियोगिता सेल, किरीबुरु प्रबंधन के तत्वाधान में आयोजित अंतर विभागीय इंडोर गेम्स

टेनिस प्रतियोगिता में माइनिंग ने जीता खिताब

संवाददाता। किरीबुरु

सेल, किरीबुरु प्रबंधन के तत्वाधान में आयोजित अंतर विभागीय इंडोर गेम्स टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबले में माइनिंग ने जनरल रेड को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. माइनिंग की तरफ से सूरज कुमार लाल, विश्वजीत मुखर्जी, संजीत मिश्रा, दीवाकर पासवान एवं ईशान सिंह कठोते शामिल थे. जबकि जनरल रेड से टी एस बनर्जी, आलोक रंजन, उदय भान सिंह राठौर, सुमित झा एवं कुमार धीरेन्द्र शामिल थे.

कैरम में गणपत एवं जाहिद की जोड़ी का कमाल

कैरम प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में क्रसिंग प्लांट के खिलाड़ी गणपत शर्मा एवं जाहिद इकबाल की जोड़ी ने इलेक्ट्रिकल के खिलाड़ी राजीव मोहन्ता एवं करण केराई की जोड़ी को पराजित कर खिताब जीता.

इंडोर प्रतियोगिता में विविध खेलों का आयोजन

इस इंडोर प्रतियोगिता में चेस, टेबल टेनिस एवं कैरम का आयोजन हो रहा है. इसमें सेल किरीबुरु खदान की माइनिंग, लोडिंग, प्लांट, सर्विसेस-मेकैनिकल, इलेक्ट्रिकल, क्रासिंग प्लांट, जनरल रेड, जनरल ब्लू एवं जनरल ग्रीन आदि टीमों के दर्जनों खिलाड़ी भाग लिये .इस दौरान उदय भान सिंह राठौर, टी बनर्जी, आलोक रंजन, प्रदीप जयसवाल, शशी भूषण, अरविन्द कुमार, विद्युत सरकार, सुमित कुमार, सुरेश पान, जगमोहन सामड, ईशान कठोते, सुनील पासवान, संजीत मिश्रा, सूरज लाल, आदित्य बिहारी, सत्यम सिंह आदि मौजूद थे.

चेस में अरविन्द शर्मा का जलवा

चेस में अरविन्द शर्मा ने विकास पांडेय (दोनों माइनिंग) को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. तीसरे स्थान पर क्रसिंग प्लांट के खिलाड़ी बच्चन राज रहे. बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम एस एस साहा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक ए के पटनायक, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे आदि ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत किये.

लाखों नकद समेत महंगी शराब ले उड़े चोर

मानगो और साकची के शराब दुकान में चोरी

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर में चोरों ने एक ही रात में दो शराब दुकानों को अपना निशाना बनाया. चोरों ने मानगो चौक स्थित कंपोजिट शराब दुकान और साकची सागर होटल के पास स्थित शराब दुकान में चोरी की. मानगो में चोरों ने दुकान की छत पर लगे एस्बेस्टस को काटकर दुकान के अंदर से कैश बॉक्स और महंगी शराब की चोरी कर ली. दुकान के प्रभारी ने बताया कि रविवार रात 10 बजे उन्होंने नकद मिलान करने के बाद दुकान बंद किया और अपने घर चले गए. सोमवार सुबह जब दुकान खोला तो पाया कि दुकान के उपर लगा एस्बेस्टस टूटा हुआ है और कैश बॉक्स गायब है. प्रभारी के अनुसार दुकान में लगभग 2 से 2.50 लाख रुपये नकद होगा वहीं कई महंगी शराब भी गायब है.

साकची में भी ताला तोड़कर की चोरी

इधर, चोरों ने साकची स्थित शराब दुकान में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. सुबह जब दुकान के प्रभारी भोला प्रसाद दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दुकान में लगा ताला गायब है .उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और उत्पाद विभाग को दी. भोला ने बताया कि दुकान में रखा 2.70 लाख रुपये नकद और शराब की चोरी हुई है. दोनों मामलों में थानों में लिखित शिकायत दी गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी पटेल बोले-भाजपा चंदा दो, धंधा लो पार्टी

संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर

संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल चुनावी मैदान में हैं. वे एक मई को नामांकन करेंगे. इससे पहले सोमवार को रामगढ़ के एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है. जेपी ने कहा कि जिस गरीबी हटाओ और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने भाजपा को सत्ता सौंप थी, आज वही जानता आर्थिक तंगी से आत्महत्या कर रही है. किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है. देश के संसाधनों को मित्रों में बांटा जा रहा है. जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा बोलती थी वही पार्टी पूरे देश में घोटाले के आरोपी नेताओं को अपने वाशिंग मशीन में साफ कर रही है. सुप्रीम कोर्ट ने यदि हस्तक्षेप नहीं किया होता तो इलेक्टोरल बॉन्ड भी जनता के बीच नहीं आता. हजारीबाग के उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने भी साढे चार करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे. जनता के बीच पूरी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है. भाजपा चंदा दो और धंधा लो, चंदा दो, टिकट लो की पार्टी बन गई है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेएमएम वरीय नेता फागू बेसरा, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, राजद के वरीय नेता रमेश यादव, भाकपा माले के नेता देवकीनंदन बेदिया सहित कई लोग शामिल थे.

सत्ता का दुरुपयोग कर रही भाजपा: अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भी भाजपा पर पावर का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि वह एक विधायक हैं लेकिन पावर के मिसयूज की शिकार भी हो रही हैं. यही वजह है कि हमेशा विपरीत परिस्थितियों में ही उन्होंने चुनाव की जंग जीती है. पार्टी ने बहुत अच्छा प्रत्याशी जनता को दिया है. हजारीबाग के पिछले सांसद को बहुत शक्तियां मिली थीं लेकिन विस्थापितों की ना तो समस्या दूर हुई और ना ही बिजली, पानी, सड़क, ट्रेन, एयरपोर्ट, स्कूल, हॉस्पिटल जैसे मूलभूत संसाधनों में कोई बदलाव आया.

हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष ने पार्टी के समर्थन में मांगा वोट

जायसवाल ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान

संवाददाता। चौपारण

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन मांगा. अभियान की शुरुआत सिंघरावां मोड़ से हुयी, जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व स्थानीय मुखिया बिरेंद्र रजक की अगुवाई में स्वागत किया गया. वहीं बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ों बाइक के साथ स्वागत किया गया. डेबो पंचायत के चक, नवादा, डेबो, करमा, वृंदा व रामपुर में गर्मी के बावजूद कार्यकर्ताओं ने मनीष का स्वागत किया.

देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित है : मनीष

जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथों में है. मोदी की जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है. आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखती है. तीसरी बार मोदी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं हैं जो भारत की तस्वीर बदल देगा.

आपका उत्साह भाजपा की जीत की गारंटी है : मनोज

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है. प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष की जीत की गारंटी बन रहा है. एक सवाल के जवाब में यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है. मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि किसी में दम नहीं है जो आरक्षण को समाप्त कर दे.

ब्रीफ खबरें

एनटीपीसी खनन क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम

केरेडारी। अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार की ओर से प्रखंड क्षेत्र में 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सोमवार को एनटीपीसी खनन क्षेत्र के खनन कर्मियों के साथ ऋतिक चट्टी, बरियातू कॉल, खनन परियोजना में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया.

केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं स्थगित

हजारीबाग। भीषण गर्मी व लू को देखते हुए सभी सरकारी/गैर सरकारी सहायता प्राप्त/ गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) सहित एवं सभी निजी विद्यालयों की केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित की गई है.

विभावि में लिटरेरी फेस्टिवल आयोजित

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्विद्यालय के स्नाकोत्तर अंग्रेजी विभाग की ओर से लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन आर्ट्स ब्लॉक के राधा कृष्णन हॉल में मंगलवार को किया जा रहा है. यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ होगा. इसमें ओपन माइक कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, एक्सटेंपोर कंपटीशन एवं डांस कंपटीशन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा. कंपटीशन जीतने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ती पत्र भी प्रदान किया जाएगा. इस कार्यक्रम में अच्छी संख्या में छात्र एवं छात्राएं भाग ले रही हैं. इस तरह का कार्यक्रम किसी विभाग द्वारा पहली बार किया जा रहा है.

अवैध स्प्रिट सहित अन्य पदार्थ जब्त

हजारीबाग। सोमवार को चौपारण थाना पुलिस ने पडरिया, बैरियाटांड में बीरेंद्र यादव के घर पर छापेमारी की. घर एवं घर के अंदर बने तहखाने की तलाशी ली गई. तलाशी के क्रम में अवैध स्प्रिट के 27 जार (प्रत्येक जार 35 लीटर क्षमता), विभिन्न शराब कंपनियों के 3500 पीस स्टीकर, करीब 1900 पीस ढक्कन, 110 खाली बोतलें, अवैध होलोग्राम तीन बंडल, तीन लीटर कैरेमल सहित अवैध विदेशी शराब 2.760 लीटर बरामद की गयी. इस संबंध में वीरेंद्र कुमार यादव एवं अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है.

कोई बोरिंग पर कर रहा कब्जा, तो कोई चापाकल को बताता है अपना

पेयजल पर दबंगों का कब्जा त्राहिमाम कर रहे आम लोग

खास बातें

- दर्जनों बिरहोर परिवार भी पानी के बिना हो रहे परेशान
- पानी मांगने पर लोगों के साथ दबंग करते हैं मारपीट

प्रमोद उपाध्याय/रंजना कुमारी

गर्मी की शुरुआत में ही गांव से लेकर शहर तक लोग पानी के बिना त्राहिमाम कर रहे हैं. वहीं इस संकट के वक्त गांव के कुछ दबंग चापाकल और नल जल योजना में की गयी बोरिंग पर कब्जा कर रहे हैं. ऐसे में आम लोगों को पेयजल प्राप्त करने में काफी समस्या हो रही है. यहां तक कि दर्जनों बिरहोर परिवार पानी के बिना परेशान हैं. वे बोरिंग स्थल पर ही जाकर पानी भर रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा प्रत्येक घर में नल जल योजना के तहत नल लगाया गया है. लेकिन दबंग पानी का कनेक्शन काट कर केवल खुद पेयजल का इस्तेमाल कर रहे हैं. यहां तक कि पानी मांगने पर वे मारपीट भी कर रहे हैं. बताते चलें कि हजारीबाग जिले में पिछले तीन साल से नल जल योजना पर काम हो रहा है, लेकिन पूरी नहीं हो पायी है. ठेकेदार फरार हो चुके हैं. अगर कहीं बोरिंग हुयी भी है तो उसे पर गांव के कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है. ये लोग आम लोगों को पानी नहीं दे रहे हैं. यहां तक कि बिरहोर परिवार को भी बोरिंग के पानी से पीने से वंचित कर दिया गया है.

एक दिन पानी चला, दूसरे दिन बोरिंग पर दबंग ने स्थापित कर लिया कब्जा

केस संख्या-1

इस संबंध में बड़कागांव प्रखंड की कांडतरी पंचायत के सदबहीया गांव के बिरहोर भुवनेश्वर प्रसाद, मुन्ना बिरहोर, राजेश बिरहोर, इटावा बिरहोर, चरका बिरहोर और मंगल महत्व ने बताया कि चार माह पहले यहां सदबहीया सरकारी स्कूल के पास जागेश्वर प्रजापति की जमीन पर पानी का टावर लगाया गया था. वहां से बिरहोर परिवार एवं अन्य लोगों के लिये नल लगाया गया. एक दिन पानी चला और दूसरे दिन से जमीन मालिक ने उस बोरिंग पर कब्जा कर लिया. पूछे जाने पर कहा कि यह मेरी जमीन में है, हम किसी को पानी नहीं देंगे. बिरहोर परिवार अगर चाहते हैं तो वह बोरिंग के पास आकर पानी ले जाए और वह पूरा पानी अपने घर ले गया. दोनों भाई पानी का इस्तेमाल करते हैं और गांव वालों को पानी पीने नहीं देते हैं.

पानी मांगने पर दबंग व्यक्ति ने की मारपीट, आधा दर्जन घायल

केस संख्या-2

जिले के बरही थाना क्षेत्र के तिलैया डैम स्थित बगिया गांव में सोमवार को पानी मांगने पर दबंग व्यक्ति ने लोगों के साथ जमकर मारपीट कर दी. इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए. सभी का इलाज हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. इस संबंध में घायल के परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने सरकारी चापाकल पर कब्जा कर लिया है. हम लोग पानी लेने गए तो वह अपने सहयोगी के साथ मारपीट करने लगा, जिसमें समीना खातून, गुलअफशा परवीन, शगुफ्ता परवीन, शोएब अंसारी, बशरथ अंसारी, सबूल खातून बुरी तरह से घायल हो गई हैं.

नल जल योजना बेकार : मुखिया

इस संबंध में कांडतरी के मुखिया परनाथ प्रसाद ने पूछे जाने पर कहा कि मेरी जानकारी में यह मामला नहीं है. जांच के बाद पता चल पाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की नल जल योजना बेकार है. किसी में पानी नहीं तो किसी में पाइप फटा हुआ है. गांव में आम सभा कर इसकी शिकायत उपायुक्त से करेंगे.

जायसवाल व पटेल कल करेंगे नामांकन

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल 1 मई को नामांकन करेंगे. दोनों प्रत्याशियों का नामांकन समाहारणालय में उपायुक्त नैंसी सहाय के कार्यालय होगा. भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में हजारों की संख्या में लोगों को शामिल होने की बात कह रहे हैं. नामांकन के दिन सभा और रैली में का भी आयोजन किया जाना है. नामांकन स्थल पर आने वाले उम्मीदवारों के काफिले में शामिल वाहन और कार्यकर्ता समाहरणालय स्थल से 100 मीटर की दूरी पर रहेंगे.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रहेंगे मौजूद : कांग्रेस प्रत्याशी की चुनावी सभा जिला स्कूल मैदान में होगी. सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, रमेश्वर उरांव, सत्यानंद भोगता, इरफान अंसारी समेत कई मंत्री और विधायक के अलावा भाकपा माले, माससस, सीपीएम, आप पार्टी के नेता शामिल होंगे. जिला स्कूल मैदान से शहर में रोड शो का आयोजन किया जाएगा.

भाजपा के दिग्गज होंगे शामिल : भाजपा प्रत्याशी के नामांकन सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत भाजपा के कई राज्यसभा सांसद, विधायक और केंद्रीय नेता शामिल होंगे. भाजपा प्रत्याशी की संकल्प सभा कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में होगी. इसमें भाजपा के केंद्रीय व राज्य स्तरीय नेता संबोधित करेंगे. नामांकन के दिन रोड शो भी किया जायेगा.

ब्राउन शुगर बेचने आया चतरा का आरोपी दबोचा

हजारीबाग। पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचने आए चतरा के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिले के कोर्रा थाना पुलिस ने सियारी चौक के नजदीक से आरोपी को पकड़ा है. गिरफ्तार आरोपी चतरा जिले के पथलगड्डा थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी लक्ष्मण कुमार है. आरोपी के पास से 17 ग्राम ब्राउन शुगर, बाइक सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है.पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से एक व्यक्ति बाइक से कोर्रा थाना क्षेत्र के सियारी चौक के समीप ब्राउन शुगर की बिक्री करने के उद्देश्य से आ रहा है. सूचना पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. छापेमारी दल सियारी चौक के समीप गुप्त रूप से निगरानी रखने लगा. इसी क्रम में आरोपी लक्ष्मण कुमार को पकड़ा गया. उसके पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक में रखे 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया.

रामगढ़ घाटी में पलटा टेलर सात किलोमीटर लंबा जाम

संवाददाता। रामगढ़

रविवार की रात रामगढ़ घाटी में एक टेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए पलट गया. इस हादसे में टेलर पर लोड पाइप सड़क पर बिखर गये, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर करीब सात किलोमीटर तक जाम लग गया.

रांची पटना मुख्य मार्ग (एनएच 33) पर आवागमन रुक गया. घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. पुलिस को लगभग तीन किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा. पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद एक ओर से (वन वे) आवागमन चालू कराया. इस घटना में टेलर के ड्राइवर व खलासी घायल हो गये. पुलिस 2 हाइड्रा मंगा कर सड़क पर बिखरे लोहे के पाइप से बने सामान हटाने में जुट गयी है.

चौपारण पुलिस की पशु तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

10 गाय व 5 गोवंश के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार, ट्रक जब्त

संवाददाता। चौपारण

चौपारण के रास्ते गोवंश पशु तस्करी के अवैध कारोबार की रविवार रात्रि में पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गयी कि गया (बिहार) की ओर से एक ट्रक में गोवंशीय पशुओं को लोडकर तिरपाल से ढंककर बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है. थाना प्रभारी दीपक सिंह छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंच कर वाहनों की सघन जांच करने लगे. एक सफेद रंग का ट्रक तिरपाल ढंका हुआ आता दिखाई दिया, जिसके वाहन रोकने का इशारा किया तो वाहन चालक वाहन चेकपोस्ट से करीब 50 गज पीछे ही ट्रक रोक दिया. ट्रक से चार व्यक्ति - सेख सुजाउद्दीन (30), मुरसलीम (35), राजकुमार (50), मंगल (37) को गिरफ्तार किया. वाहन से 10 गाय एवं पांच गाय के बछड़ों को बरामद किया गया है.

विद्यार्थियों को परीक्षाओं की तैयारियों की दी जानकारी

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के रवींद्रनाथ टैगोर कला भवन के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित सभा में राजनीति विज्ञान विभाग के चतुर्थ एवं द्वितीय समसत्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए. सैबाल बासु यूपीएससी, जेपीएससी एवं बीपीएससी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित जानकारी दे रहे थे. उन्होंने कंपलसरी एवं वैकल्पिक विषयों के चयन तथा प्रीलिम्स और मेंस के तैयारी के संबंध में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. कामयाबी के पीछे कल्पना एवं अवलोकन की शक्ति के महत्व को उन्होंने रेखांकित किया. विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ करियर काउंसलर की बिंदुओं पर प्रतिक्रियाएं दीं.

बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया हत्याकांड में स्थानीय ने अदालत ने सुनाया फैसला

साहिल को आजीवन कारावास

संवाददाता। रामगढ़

पतरातू प्रखंड के बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्याकांड में साहिल उर्फ सिद्दीकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे की अदालत ने किया सजा सुनाई. अदालत ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं एक अन्य धारा के तहत आरोपी को सात वर्ष सजा व दस हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है. दोनों सजा साथ-साथ चलेगी. न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देने से पूर्व जांच अधिकारी सहित सभी गवाहों की गवाही और लोक अभियोजक परमानंद यादव के बयान के आधार पर दोषी पाया था.

पैसे के लेनदेन के कारण हुई थी मुखिया की हत्या: जानकारी के अनुसार पैसे की लेनदेन के कारण पतरातू प्रखंड स्थित बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्या 9 जनवरी 2022 को हुई थी. मामले का दोषी साहिल ठेकेदारी का काम करता था. पंचायत में हुए शौचालय निर्माण के बकाया पैसे और कमीशन को लेकर उसकी मुखिया महेश बेदिया से अनबन चल रही थी. वह बार-बार हिसाब के लिए मुखिया को मिलने बुला रहा था, लेकिन वे नहीं आ रहे थे. घटना के दो दिन पूर्व इसी बात को लेकर दोनों के बीच झड़प भी हुई थी. 9 जनवरी 2022 को मुखिया अपनी बाइक मरम्मत करवाने भदानीनगर पहुंचे तो साहिल को मौका मिल गया. उसने सुनियोजित तरीके से मुखिया महेश बेदिया की हत्या कर शव को सौंदा डी स्थित सीसीएल की पोखरिया में फेंक दिया था.

'लोकतांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी'

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग ने मतदान जागरूकता फैलाने के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया. जिसमें स्नातक एवं स्नाकोत्तर के छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि नागरिकों को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी मिलती रहे और अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रेषित होते रहे. वहीं विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है. देश में सरकार का चयन मतदान की प्रक्रिया की वजह से ही होता है.

पहल आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, डॉ. मुनीष बोले

विद्यार्थियों का समावेशी विकास विश्वविद्यालय की प्राथमिकता

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को युवा और राजनीतिक नेताओं के समर्थन और आलोचना के बीच संघर्ष पर वाद-विवाद एवं शिक्षा और समाजः विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रयोजन्मूलक शिक्षा के बीच संबंध विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. बता दें कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी जा रही हैं. इसी के तहत सोमवार को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे. वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ. रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई. इकुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है. विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है. यही वजह है कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं.

विजेताओं को 16 मई को किया जाएगा पुरस्कृत

बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 1 मई को गायन, 2 मई को नृत्य, 3 मई को फैशन शो और 4 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा. वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सेक आबिद, सर्वजीत कुमार, मनीष कुमार, सार्थक कुमार, समर्थ कुमार, अनुज कुमार पाण्डेय, राज सौरभ, सुरभी नायक, श्रृति सिंह, कुंदन कुमार यादव, प्रेमचंद कुमार, राहुल कुमार यादव, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, रौशन कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं जबकि निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में ओम सिंह (बीबीए), तृशा कुमारी (बीए हिंदी), डॉली कुमारी (बीए भूगोल), प्रियंका कुमारी (बीए भूगोल), अंकित कुमार (एमएससी भौतिकी), सहिस्ता परवीन (बीए राजनीति विज्ञान), जेपी सिंह (सीएस एंड आईटी), अनु प्रतिभा (एमएससी, गणित), रिया कुमारी (बीए भूगोल) आदि शामिल हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति, डॉ. अरविंद, डॉ. रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

पिस्तौल दिखा पांच लाख का जेवर लूटा

संवाददाता। हजारीबाग

कोरा थाना क्षेत्र के कन्हरी रोड स्थित श्वेता ज्वेलर्स में अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर लगभग पांच लाख का जेवर लूट लिया. यह दुकान अभय सोनी की है. इस संबंध में संचालक ने बताया कि रविवार रात लगभग 9:00 बजे दुकान बंद करने के दौरान एक मोटरसाइकिल से तीन नकाबपोशों हथियार के साथ दुकान में घुसकर कनपटी पर पिस्टल लगा दी और लगभग पांच लाख रुपये का जेवर लूट लिया. उन्होंने यह भी कहा कि तीनों अपराधियों के पास पिस्टल थी. यह भी कहा कि यह इलाका 8:09 बजे सुनसान हो जाता है. पेट्रोलिंग की गाड़ी कभी नहीं आती है और जब घटना की सूचना कोर्रा पुलिस को देते हैं तो वह जांच कम और उल्टा सवाल ज्यादा करती है. वह पांच लाख का सामान दुकान में क्यों रखे हैं. इसका भी हिसाब मांगती है. हमारी दुकान में चोरी नहीं, बल्कि डकैती हुई है. हम छोटे दुकानदार हैं और सिक्योरिटी गार्ड नहीं रख सकते. अब या तो दुकान बंद करनी होगी या फिर हथियार लेकर दुकानदारी करनी होगी. उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी एसपी आवास की 100 मीटर दूर पर अलंकार जेवर दुकानदार के संचालक से पिस्तौल दिखाकर तीन अपराधियों ने 15 लाख का जेवर लूट लिया था. वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोरा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई. बताया कि सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है. जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

खास बातें

- हथियारबंद तीन नकाबपोशों ने दिया घटना को अंजाम
- पुलिस जांच कम सवाल ज्यादा करती है : संचालक

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष शाम से दशम चन्द्र है. पिता से लाभ होगा. साथ ही कोई बड़ा कार्य होगा. यह समय का लाभ देगा. समय अनुकूल रहेगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा.

वृषभ ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. कोई बड़ा कार्य होगा. धर्म में मन लगेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें.

मिथुन किसी विदेशी निवेश से लाभ का योग है. अचानक खर्च होगा. सत्संग का लाभ मिलेगा. आत्मशांति रहेगी. यात्रा संभव है. व्यापार ठीक चलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. दूसरों की जवाबदारी न लें. थकान रह सकती है.

कर्क जीवनसाथी के सहयोग से कोई शुभ कार्य होगा. किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें. जोखिम एवं जमानत के कार्य टालें. व्यापार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा.

सिंह माता से वैचारिक मतभेद हो सकता है. ऋण लेने से बचें. साथ ही रोग से भी बचें. शारीरिक कष्ट संभव है. जल्दबाजी से हानि होगी. जोखिम एवं जमानत के कार्य टालें. समय अनुकूल नहीं है. जल और फल का दान करें.

कन्या समस्या का हल सहज ही प्राप्त नहीं होगा. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. भाग्य अनुकूल है. व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. शत्रुओं का पराभव होगा. किसी व्यक्ति की बातों में न आएं.

तुला किसी महिला से कोई विवाद हो सकता है. माता से मनमुटाव भी हो सकता है. पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

वृश्चिक भाई के साथ कहीं घूमने का योग है. समय अनुकूल है. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई नई कार्य मे जल्दबाजी से बचें.

धनु कल सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें. कारोबार ठीक चलेगा. भाग्य अनुकूल है. समय का लाभ लें. मिठाई का दान बच्चों के बीच करें.

मकर किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी. आत्मसम्मान बना रहेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अन्न और जल पक्षी को दें.

कुंभ विदेश से जुड़े लोगों के लिए समय उत्तम है. कहीं खर्च को लेकर मन खिन्न होगा. पर आपके प्रभाव से धन प्राप्ति सुगम होगी. समय अनुकूल है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा.

मीन समय बहुत ही अनुकूल है. आय का मार्ग खुलेगा. किसी गलत निर्णय से बचना चाहिए. आय के लिए दिन अच्छा है. दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. अन्न दान करें.

जंगल में लगी आग बुझाने में लगे ग्रामीण

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मटिहाना पंचायत अंतर्गत रंगामटिया गांव के समीप सोमवार को श्याम वन विभाग की जमीन में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया. जिससे ईकूलिपटास, बांस व काजू, जैसे कई पेड़ पौधे मुरझा गए. साथ ही अन्य जंगली पौधे भी जल कर राख हो गए. आग लगने से वन्य प्राणी में भगदड़ मच गई. वहीं कुछ वन्य प्राणी आग में स्वाहा हो गए. साथ ही 200 एकड़ में लगे काजू के लदे फल आग के चपेट में आने से नष्ट हो गये. काजू बगान की रखवाली करने वाले वन सुरक्षा समिति के लोग अपने स्तर से आग बुझाने का काफी प्रयास किये लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका. इससे काफी नुकसान हुआ. आग बुझाने के लिए ग्रामीण तथा वनकर्मी जुटे हुए हैं, ताकि बचे हुए भूभाग पर वन सुरक्षित रह सके.

जमुआ में गांजा व रुपये के साथ एक गिरफ्तार

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ पुलिस ने रविवार देर शाम जमुआ थाना क्षेत्र मिर्जागंज बाजार में सुरेन्द्र साव के मकान से पचपन सौ ग्राम गांजा के साथ 18,18,700 रुपये बरामद किये. खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जमुआ पुलिस को सूचना मिली कि जमुआ थाना क्षेत्र के मिर्जागंज के सुरेन्द्र साव अपने घर में अवैध रूप से गांजा रख कर चोरी छिपे बिक्री कर रहा है. यह सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई. एसपी के आदेशानुसार मेरे नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. तत्पश्चात विशेष टीम द्वारा एफसटी टीम के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से सुरेंद्र के घर में छापामारी किया गया.

जल संकट का समाधान करे नगर निगम

आदित्यपुर। सोमवार को वार्ड 30 के एलआईजी क्वार्टर का एक प्रतिनिधिमंडल पानी की समस्या को लेकर नमो फैंस के संरक्षक व भाजपा नेता सतीश शर्मा के नेतृत्व में आदित्यपुर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अभिषेक कुमार सिंह से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने लिखित आवेदन देते हुए बताया कि पिछले कई सालो से हम सभी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. गर्मी आते ही निजी बोरिंग का लेयर नीचे चले जाने के कारण पानी की समस्या और बढ़ जाती है. घर के आसपास पानी का कोई विकल्प नहीं होने के कारण पानी के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं. साथ ही पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान रहता है. पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक डीप बोरिंग करवाने की मांग की. साथ ही जब तक बोरिंग लगाने की प्रक्रिया पूरी नहीं होती तब तक विकल्प के रूप में टैंकर से पानी उपलब्ध कराई जाय.

इस गिरोह के अपराधियों के द्वारा कोल परियोजना में लगे वाहनों में आगजनी, हत्या और कारोबारियों से रंगदारी मांगना जारी है

अमन साहू गिरोह पर हुई सबसे ज्यादा कार्रवाई, लेकिन कम नहीं हुआ उत्पात

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में सात बड़े आपराधिक गिरोह सक्रिय है. इन आपराधिक गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह के खिलाफ झारखंड पुलिस ने सबसे अधिक कार्रवाई की है. इसके बाद भी अमन साहू गिरोह का उत्पात कम नहीं हुआ है. पिछले साल भर की बात की जाए तो राज्य के अलग-अलग जिलों में इस आपराधिक गिरोह से जुड़े करीब 30 से अधिक अपराधियों को को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. इसके बावजूद भी इस गिरोह के अपराधियों के द्वारा कोल परियोजना में लगे वाहनों में आगजनी, हत्या और कारोबारियो से रंगदारी मांग पुलिस को चुनौती देने का काम किया जा रहा है.

अमन साहू गिरोह का सुनील मीणा कॉल कर देता है धमकी : अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहनेवाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया. सुनील कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा. झारखंड पुलिस की एटीएस ने सुनील का पासपोर्ट रद्द करा दिया है. वह एटीएस के डीएसपी और एसआई साहू को गोली मारने से जुड़े मामले में वांछित है. राजस्थान पुलिस और दिल्ली स्पेशल सेल की जांच में यह बात सामने आयी है कि सुनील मीणा पासपोर्ट रद्द होने के बाद डंकी रूट के जरिये सिंगापुर, ईरान, मैक्सिको होते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका में दाखिल हो चुका है. वह वहीं से अमन साहू गैंग के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से रिक्रूटमेंट का काम कर रहा है. साथ ही मयंक सिंह के साथ बैठकर झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ के कोल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से रंगदारी वसूली का पिच तैयार कर झारखंड के पलामू सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू के गैंग का प्रभाव बढ़ा रहा है.

अमन साहू गिरोह पर हुई सबसे ज्यादा कार्रवाई, लेकिन कम नहीं हुआ उत्पात

झारखंड पुलिस के लिए चुनौती है सात मोस्ट एक्टिव अपराधी गिरोह

अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ व हजारीबाग

विकास तिवारी गिरोह	:	रामगढ़
सुजीत सिन्हा गिरोह	:	लातेहार और पलामू
अखिलेश सिंह गिरोह	:	जमशेदपुर व सरायकेला
सुधीर दुबे गिरोह	:	जमशेदपुर व सरायकेला
डब्लू सिंह गिरोह	:	पलामू

हाल के दिनों में अमन साहू गिरोह से जुड़े कौन-कौन अपराधी गिरफ्तार हुए

राजा अंसारी	चंदन साव
जगत साहू	बॉबी साव
राहुल दुबे	वारिस अंसारी
प्रमोद सिंह	सोनू कुमार
कल्लू	----
अमजद खान	----

अमन साहू गिरोह ने बर्बरीक कंपनी को धमकी दी थी

06 अप्रैल 2024	: अमन साहू गिरोह ने बर्बरीक कंपनी को दी धमकी, झारखंड में नहीं करने दिया जायेगा काम.
21 मार्च 2024	: रांची के जमीन कारोबारी से गैंगस्टर अमन साहू के नाम पर पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गई है.
01 दिसंबर 2023	: रामगढ़ के कुजू में ट्रांसपोर्ट कार्यालय के बाहर फायरिंग.
07 जुलाई 2023	: रांची के अरगोड़ा में अमन साहू गिरोह के अपराधी ने कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारी थी.
09 जुलाई 2023	: लातेहार में रहने वाले ट्रांसपोर्टर अमित सिंह से रंगदारी मांगी थी.
09 मई 2023	: हजारीबाग के बड़कागांव स्थित ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर शरत कुमार की अमन साहू गिरोह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.
27 मार्च 2023	: देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित राय एंड कंपनी चौक के समीप हरदेव कंस्ट्रक्शन के कार्यालय में फायरिंग हुई थी.
18 फरवरी 2023	: शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य कर रही साईं कृपा कंपनी के साइट पर अमन साहू के गिरोह ने गोलीबारी की थी.

पलामू में अब तक आचार संहिता उल्लंघन के चार मामले दर्ज हो चुके हैं

वृद्ध लोगों के लिए होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है : डीसी

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू संसदीय सीट से चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद सोमवार को शाम में समाहरणालय सभागार में पलामू डीसी शशि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की. प्रेस वार्ता में पलामू डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में कूल 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता हैं. वही कूल 2447 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. वही वृद्ध लोगों के लिए होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम जीएलए कॉलेज में बनाया गया है. डीसी रंजन ने बताया कि सभी मतदाता एपिक कार्ड के अलावा पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेंशन कार्ड से भी मतदान कर सकेंगे. अगर किसी मतदाता को कोई परेशानी होती है तो वे एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं. मतदान करने का समय 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है. शाम 5 बजे के बाद पर्ची के माध्यम से मतदाता मतदान कर सकेंगे. उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जाएगा. उन्होंने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने तथा दूसरे लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की. एसपी ने कहा कि मतदान के दौरान सभी बूथों पर जवानों को तैनात किया जाएगा. महिला बूथ पर महिला पुलिसकर्मी तैनात होंगी. बताया कि हुसैनाबाद से दो और चैनपुर से एक और लेस्लीगंज से एक आचार संहिता का मामला दर्ज हुआ है.

पलामू सीट से सीपीआई उम्मीदवार ने नामांकन लिया वापस

मेदिनीनगर। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अभय कुमार भुइया ने पलामू लोकसभा सीट से अपना नाम वापस ले लिया है. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया, किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, नसीम राइन ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा है कि पार्टी के महासचिव के हस्ताक्षर से पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से अभय को उम्मीदवार बनाया गया था और नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो एवं राज्य सचिव महेंद्र पाठक भी उपस्थित थे.

राइट टू रिकॉल पार्टी के उम्मीदवार ने किया पहला नामांकन

जमशेदपुर। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर राइट टू रिकॉल पार्टी के उम्मीदवार महेश कुमार ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया है. महेश कुमार ने पहला पर्चा दाखिल किया है. इससे पहले उन्होंने नामांकन पत्र खरीदा. नामांकन के पहले दिन महेश ने उपायुक्त अनन्य कुमार मित्तल को पर्चा देकर नामांकन दाखिल किया है. इसके साथ ही नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया है. महेश कुमार के साथ उनके प्रस्तावक भी थे. मौके पर महेश ने कहा कि उनकी पार्टी पहली बार 2019 में सत्ता में आई है. उनकी पार्टी का मकसद लोगों को अवेयर करना है. इसके पूर्व साल 2019 लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने चुनाव लड़ा था और इस साल भी मैदान में है. वहीं भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो मंगलवार को अपना नामांकन करेंगे.

लोहरदगा से हैं चुनाव मैदान में 15 उम्मीदवार

गुमला। लोक सभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अब कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस नहीं लिया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को नामांकन प्रक्रिया पूरा होने के बाद चुनाव मैदान में शामिल उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित किया. उपायुक्त ने कहा कि 15 उम्मीदवारों में से चार उम्मीदवार राष्ट्रीय पार्टी से हैं. बहुजन समाज पार्टी के गिरजानंद उरांव को चुनाव चिह्न हाथी, भाजपा के समीर उरांव को कमल फूल, कांग्रेस पार्टी के सुखदेव भगत को हाथ, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के बिहारी भगत को फलों से भरा टोकरी, भागीदारी पार्टी के मनी मुंडा को एयरकंडीशनर और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महेंद्र उरांव को बाल हंसिया दिया गया है. वहीं लोकहित अधिकार पार्टी के रामचंद्र भगत को सेब, अर्जुन टोप्पो को केतली, अर्पण देव भगत को कैंची, चमरा लिंडा को बल्लेबाज, पवन तिग्गा को फूलगोभी, मरियानूस तिग्गा को हॉकी और बॉल, रंजीत भगत को फुटबॉल खिलाड़ी, सनिया उरांव को अलमारी और स्टेफन किंडो को आरी चुनाव चिह्न दिया गया है.

खूंटी सीट से किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया है नाम वापस

खूंटी। खूंटी सुरक्षित लोकसभा सीट के लिए सोमवार को नाम वापसी के निर्धारित समय सुबह तीन बजे तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया. इस प्रकार स्क्रूटनी के बाद सात प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं. यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दी.

वे नाम वापसी के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के बाद समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे. उपायुक्त ने बताया कि निर्धारित समय तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिए जाने के बाद चुनाव मैदान में रह गए तीन राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों सहित सभी सातों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया. जो प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं उनके नाम और आवंटित चुनाव चिह्न इस प्रकार है अर्जुन मुंडा भाजपा चुनाव चिह्न कमल, कालीचरण मुंडा इंडियन नेशनल कांग्रेस चुनाव चिह्न हाथ, सावित्री देवी बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिह्न हाथी, अर्पणा हंस झारखंड पार्टी चुनाव चिह्न फलों से भरी टोकरी, बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी चुनाव चिह्न हॉकी एंड बॉल, पास्टर संजय कुमार तिर्की निर्दलीय चुनाव चिह्न एयर कंडीशनर तथा बसंत कुमार लोंगा चुनाव चिह्न अलमीरा. उपायुक्त ने बताया कि चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की संख्या तय हो जाने के बाद बैलेट पेपर प्रिंटिंग सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं. उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर लगभग सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जा जा रहे हैं.

पेज एक का शेष

भाजपा के शीर्ष नेताओं को पता था देवगौड़ा के पोते ने हजारों महिलाओं का किया यौन शोषण

पिता रेवन्ना का क्या कहना है : इस पूरे मामले पर एचडी रेवन्ना का कहना है कि ये सब एक साजिश है. उन्होंने कहा कि वो डर कर भागने वालों में से नहीं है. उन्होंने माना कि जो वीडियो वायरल हो रहे हैं, वो 4-5 साल पुराने हैं. उन्होंने इन वीडियो के साथ छेड़छाड़ या गड़बड़ी होने की बात नहीं कही. उन्होंने कहा कि ये उनके खिलाफ एक साजिश है और वो इस बारे में जानते हैं. प्रज्वल के विदेश जाने पर एचडी रेवन्ना ने कहा कि वो वैसे भी विदेश जाने वाला था, उसे नहीं पता था कि उसके खिलाफ एफआईआर होने वाली है. हालांकि रेवन्ना ने अपने और बेटे के ऊपर लगे आरोपों का किसी तरह से खंडन नहीं किया है.

बाप-बेटे को पार्टी से निकालने की मांग : सारा मामला सामने आने के बाद अब जेडीएस में भी पिता-बेटे को पार्टी से निकालने की मांग तेज हो गई है. बेंगलुरु से जेडीएस विधायक समृद्धि मंजूनाथ ने फेसबुक पर पोस्ट लिख कर दोनों को पार्टी से निकालने की मांग की है. उन्होंने लिखा कि जिनकी वजह से जनता के सामने पार्टी का सिर झुका है, उन्हें पार्टी से निकाल देना चाहिए. उन्होंने कहा कि एचडी देवेगौड़ा और कुमारस्वामी को सही फैसला लेना है और यही सही समय है. उन्होंने कहा कि पार्टी का भविष्य अब आपके फैसले पर निर्भर है.

कर्नाटक के मंत्री बोले- प्रज्वल के देश छोड़ने में भाजपा ने मदद की : इस बीच, कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा- अगर प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गया है, तो भाजपा ने भागने में उसकी मदद भाजपा ने की है. भाजपा-जेडीएस को प्रज्वल के बारे में सब पता था. प्रियंक ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं को रेवन्ना के यौन शोषण के मामले के बारे में लेटर मिले थे. इसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया.

प्रियंका गांधी ने पीएम से सवाल पूछा : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- जिस नेता के कंधे पर हाथ रख कर पीएम मोदी फोटो खिंचवाते हैं. जिस नेता का चुनाव प्रचार करने 10 दिन पहले खुद जाते हैं मंच पर उसकी तारीफ करते हैं. आज कर्नाटक का वह नेता देश से फरार है. उसके जघन्य अपराधों के बारे में सुनकर ही दिल दहल जाता है. सैकड़ों महिलाओं का जीवन जिसने तहस-नहस कर डाला. मोदी जी क्या अब भी आप चुप रहेंगे?

इंडिया सभी सीटें जीतेगा: सीएम

बसंत बोले- हम लोग चोर हैं, ढुल्लू महतो महाराज हैं : सभा मे प्रणाम संगठन के सुनील यादव और उनकी पत्नी प्रमुख बेंगाबाद मीणा देवी के साथ भाजपा नेता सह बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. बसंत सोरेन ने कहा कि हक के लिए जिसने भी आवाज उठाई उस आदिवासी मूलवासी अल्पसंख्यक को माओवादी और उग्रवादी का संज्ञा मिली है. आकलन करने का समय है. कहा कि हेमंत सोरेन पर लगाया गया हर इल्जाम कबूल है, क्योंकि हम आदिवासी हैं. आदिवासी चोर हैं. लेकिन धनबाद का बीजेपी का प्रत्याशी ढुल्लू महतो महाराज है. हेमंत सोरेन चोर है. राज्य रहेगा तो हम रहेंगे. मजबूरी में ही कल्पना जी घर से बाहर आयीं. उन्हें वोट देकर विजयी बनायें.

चाईबासा में किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस: उपायुक्त

शैलेश सिंह। किरीबुरु

चाईबासा जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त और एसपी ने नामांकन वापसी एवं अन्य के संदर्भ में प्रेस ब्रीफिंग की. बताया कि 29 अप्रैल को अपराह्न 3:00 तक किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नाम वापसी नहीं किया गया है. नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या 21 है. विधिमान्यता नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या 14, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 14 है. निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में गीता कोड़ा-भारतीय जनता पार्टी, जोबा माझी- झारखंड मुक्ति मोर्चा, परदेशीलाल मुंडा- बहुजन समाज पार्टी, कृष्ण मार्डी- झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान), चित्रसेन सिंकू - झारखंड पार्टी, पानमनि सिंह - सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट), बीर सिंह देवगम- राइट टू रिकॉल पार्टी, विश्व विजय मार्डी- अंबेडकरराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सुधा रानी बेसरा- पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (डेमोक्रेटिक), आशा कुमारी रूण्डा- निर्दलीय, दामोदर सिंह हांसदा- निर्दलीय, दुर्गा लाल मुर्मू- निर्दलीय, माधव चंद्र कुंकल- निर्दलीय, संग्राम माडी- निर्दलीय अभ्यर्थी क्रमशः शामिल हैं. बताया कि 10 सिंहभूम (अजजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी हैं.

एक्सएलआरआई के प्रोफेसर डॉ शांतनु किए गए सम्मानित

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

एक्सएलआरआई के प्रोफेसर डॉ शांतनु सरकार को एएसीएसबी इंटरनेशनल ने सम्मानित किया गया है. उन्हें लेबर रिलेशन व लेबर बिजनेस एथिक्स के क्षेत्र में प्रभावपूर्ण शोध के लिए यह सम्मान दिया गया है. डॉ शांतनु सरकार एक्सएलआरआई में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रोफेसर हैं. दुनिया की सबसे बड़ी बिजनेस एजुकेशन संगठन एएसीएसबी इंटरनेशनल ने उन्हें 2024 का इन्फ्लुएंशल लीडर का खिताब दिया है. गौरतलब है कि एएसीएसबी इंटरनेशनल में दुनिया के करीब 1000 से अधिक मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूल एक्रिडेटेड हैं. डॉ शांतनु सरकार द्वारा दर्जनों विषयों पर रिसर्च किये गये हैं. उनके रिसर्च पेपर दुनिया के कई अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं. जिसमें मुख्य रूप से मुख्य रूप से उभरते इकोनॉमी सेक्टर में क्रॉस कल्चरल इश्यू, मजदूर आंदोलन, ट्रेड एंड लेबर पॉलिसी जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं.

जागरुकता साइकिल से भारत भ्रमण कर रहे यूपी के मोनु गुप्ता पहुंचे चक्रधरपुर

रास्ते में लोग खाने का सामान देकर सहयोग करते हैं

शंभू कुमार। चक्रधरपुर

पर्यावरण बचाने का संदेश लेकर उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर निवासी मोनु गुप्ता साइकिल पर भारत भ्रमण कर रहे हैं. साइकिल पर भारत भ्रमण के दौरान वे चक्रधरपुर पहुंचे. जहां उन्होंने लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए पेड़-पौधा लगाने, पॉलिथिन का उपयोग न करने, नदी-झरना को स्वच्छ रखने, जंगल कटने से बचाने इत्यादि के लिए जागरूक किया. चक्रधरपुर पहुंचने पर मोनु गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि बिगड़ते पर्यावरण को लेकर उनके मन में साइकिल से भारत भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का विचार आया. इसके बाद वे 22 जनवरी को साइकिल लेकर मिर्जापुर से निकल पड़े. इस दौरान उन्होंने उत्तरप्रदेश के अयोध्या, प्रयागराज, गोरखपुर के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर, सारठा, पटना, इत्यादि का भ्रमण करते हुए चाईबासा से चक्रधरपुर पहुंचे. उन्होंने कहा कि साइकिल से ही बंदगांव होते हुए वे रांची जाएंगे, जहां से अपनी अगली यात्रा प्रारंभ करेंगे. मोनु गुप्ता ने बताया कि रास्ते में मिलने वाले लोग उन्हें खाने-पीने का सामान देकर सहयोग करते हैं, जबकि रात्रि विश्राम किसी पेट्रोल पंप में वह कर दूसरे दिन अपनी यात्रा के निकल लेते हैं. उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि रोजाना 70 से 80 किमी वह साइकिल से यात्रा करें. उन्होंने बताया कि पहले वह महाराष्ट्र में एसी सर्विस का काम करते थे, कुछ सालों पहले छोड़कर अपने राज्य उत्तरप्रदेश चले गये. कहा कि पर्यावरण बचाने का संदेश लोगों को देने के साथ-साथ वे साइकिल से ही भारत भ्रमण कर रहे हैं. एक महीने बाद वे पुनः अपने राज्य चले जाएंगे. उसके बाद पुनः वहां से दूसरे राज्य के लिए यात्रा प्रारंभ की जाएगी.

अपनी साइकिल के साथ मोनु गुप्ता

भारत भ्रमण

- 22 जनवरी को साइकिल लेकर मिर्जापुर से निकले हैं
- साइकिल से ही बंदगांव होते हुए अब रांची जाएंगे

युवाओं के लिए फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ

संवाददाता। आदित्यपुर

सोमवार को आदित्यपुर के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा. आज टाटा स्टील फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेज के द्वारा आदित्यपुर टू के आजाद मैदान में अंडर 14 युवाओं के ट्रेनिंग, अभ्यास और प्रतियोगिता के लिए फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ बहुत ही उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ. यहां युवाओं एवं युवतियों को टीम बनाकर अभ्यास, प्रशिक्षण और समर कैंप आदि का आयोजन किया जाएगा. ट्रेनिंग सेंटर में आदित्यपुर टू के बस्तियों से भारी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया. लड़कों और लड़कियों को मिलाकर लगभग 40 युवाओं ने आज के उद्घाटन समारोह में भाग लिया. आजाद मैदान में सुबह और शाम खेल अभ्यास होगा. यह अभ्यास और प्रशिक्षण ट्रेन्ड कोच भूगलू मार्डी के नेतृत्व में होगा. इस फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ रवींद्र नाथ चौबे और मालती देवी के द्वारा किया गया. इस अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया.

नाम परिवर्तन

मैं **परमेश्वर वर्मा**, निवासी मुरला पहाड़, थाना- हेहल, जिला रांची यह एफिडेविट क्रमांक 615/26.04.2024 के तहत यह घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे का नाम त्रुटिवश स्कूल सर्टिफिकेट में **जय कुमार वर्मा** दर्ज हो गया है. उसे सुधार कर **रसित कुमार वर्मा** दर्ज कराना है. इस हेतू मैं यह एफिडेविट कर रहा हूं. मेरे बेटे का नाम आधार संख्या 7120 7751 2614 के अनुसार रसित कुमार वर्मा है. **जय कुमार वर्मा** और **रसित कुमार वर्मा** एक ही व्यक्ति के नाम हैं. रसित कुमार वर्मा का जन्म दिनांक 20.05.2016 को हुआ.
आज से **जय कुमार वर्मा, रसित कुमार वर्मा** के नाम ही जाने जाएंगे.

जल संकट की गंभीरता

देश के कई भागों में ग्रीष्म ऋतु से पहले ही जल संकट की खबरें आना चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करती हैं. ऐसे में केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं. आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं. रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है, जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है. यह गिरावट सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है, जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव बताया जा रहा है. दरअसल, लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है, जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं. दरअसल, भारत के पूर्वी व दक्षिणी क्षेत्रों के लोग इस संकट का सामना कर रहे हैं. वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है. इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है. देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है, जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है. जिसका असर तात्कालिक चिंताओं से आगे दूर तक नजर आता है. हमें स्वीकारना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला कही जाने वाले कृषि क्षेत्र को फिलहाल कई बड़ी जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसका विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के रहमोकरम पर है. ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है. ऐसे में मौसम विभाग का सामान्य मानसून का पूर्वानुमान आशा तो जगाता है, लेकिन किसी तरह के किंतु-परंतु समस्या पैदा कर सकते हैं. ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है. जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिए पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है. इसी तरह कृषि पद्धतियों में सुधार के साथ फसल विविधीकरण से पानी की खपत को कम करने के प्रयास होने चाहिए. ताकि सूखे के प्रभाव को कम करने के प्रयास हो सकें. इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है. साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने को प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है. निस्संदेह, आसन्न जल संकट के खतरों को महसूस करते हुए और आने वाली पीढ़ियों के लिए भविष्य सुरक्षित करने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है.

> जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिए पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है. इसी तरह कृषि पद्धतियों में सुधार के साथ फसल विविधीकरण से पानी की खपत को कम करने के प्रयास होने चाहिए.

सुभाषित

चिन्तनीया हि विपदां आदावेव प्रतिक्रिया।
न कूपखननं युक्तं प्रदीप्त वान्हिना गृहे॥

जिस प्रकार से घर में आग लग जाने पर कुआं खोदना आरम्भ करना युक्तिपूर्ण (सही) कार्य नहीं है, उसी प्रकार विपत्ति के आ जाने पर चिन्तित होना भी उपयुक्त कार्य नहीं है. किसी भी प्रकार की विपत्ति से निबटने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए और आवश्यक उपाय सोच लेना चाहिए.

सत्ता में आते ही कमजोर होने लगता है सत्ताधिकारी

चुनाव आयोग को जितना अधिकार भारतीय संविधान देता है, उसका उपयोग नहीं करते हुए चुनाव आयोग केवल अपनी कुर्सी बचाने के फिराक में रहता है. आजादी के बाद जितने चुनाव आयुक्त हुए उनमें पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन और टीएन शेषन को ही जनता आज भी याद करती है, शेष को कोई याद नहीं करता. ठीक है, इतिहास में नाम दर्ज कराया नहीं जाता, बल्कि इनके कृत्य को इतिहास जीवित रखता है और उन्हें समाज सदैव सम्मान की नजर से देखता है.

• देश-काल

निशिकांत ठाकुर

आपको याद होगा 14 सितंबर 2013 जब भारतीय जनता पार्टी की गोवा में आयोजित बैठक में तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया था. भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह की इस घोषणा के बाद पार्टी के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी ने एतराज जताया था और पार्टी अध्यक्ष को संबोधित करते हुए पत्र भी लिखा था. फिर गुजरात को विकास के एक मॉडल के रूप में तथा नरेंद्र मोदी को विकास पुरुष के रूप में पेश करते हुए कहा गया कि यदि उनकी सरकार बनी तो भारत को जापान के तर्ज पर विकसित किया जाएगा और विकास पुरुष के रूप में नरेंद्र मोदी याद किए जाएंगे. अत्यधिक उमंग और उत्साह से देश की जनता ने नयी किरण की आस में दिल खोलकर भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को विकास पुरुष के नाम पर मतदान किया. फिर भाजपा की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने. पूरी दुनिया में ऐसा होता है कि जो पार्टी सत्तारूढ़ होती है, वह अधिक समय तक शासन नहीं कर सकती. वह लाख कोशिश, लाख उपाय करें सदा शासन में नहीं रह सकती, क्योंकि जो भी वह करे तो भूलें होने वाली हैं, कुछ तो चूक होने वाली है. समाज की इतनी समस्याएं ही हैं कि सबका समाधान नहीं हो सकता. जो हल नहीं होगी, विरोधी पार्टी उन्हीं की ओर इशारा करती रहेगी कि इसका क्या? इस संबंध में क्या? देश पचास वर्ष, सौ वर्ष पीछे चला गया. धीरे-धीरे सब विरोधी की बातें सुनने लगेंगे कि बात तो ठीक ही कह रहा है. विरोधी का बल बढ़ जाता है. जैसे ही विरोधी सत्ता में आया, उसके बाद उसका बल टूटना शुरू हो जाता है. सत्ताधिकारी सत्ता में आते ही कमजोर होने लगता है. गैर-सत्ताधिकारी सत्ता से बाहर रहकर बलशाली होने लगता है. इसलिए दुनिया में राजनीतिज्ञों का एक खेल चलता रहता है. जनता मूर्ख बनती रहती है और यह क्या, सभी राजनीतिज्ञ तो एक जैसे ही होते हैं. सबने पिछले वर्षों में यही तो महसूस किया. आजकल प्रधानमंत्री का जयपुर में दिया भाषण देश में मंथन का विषय बना हुआ है. प्रधानमंत्री ने जयपुर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 18 वर्ष पहले दिए गए भाषण के लिए कहा कि कांग्रेस अपने शासनकाल में घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों को आपकी संपत्ति दे देगी. इस पर देश के कई विश्लेषक और मीडिया में दिए गए बयान की सत्यता की जांच करने वालों ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री का भाषण जिसका उल्लेख नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, बिल्कुल असत्य है और देश के 18 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय का अपमान है. दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 9 दिसंबर 2006 को बतौर प्रधानमंत्री नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल के अपने भाषण में कहा था कि "…..हमें नई योजनाओं को लाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों और मुसलमानों का भी उत्थान हो सके--विकास हो सके". चूंकि प्रधानमंत्री के सभी भाषणों का रिकॉर्ड रखा जाता है, इसलिए यदि उनके लिए प्रधानमंत्री ही उसे झुठलाना चाहें तो नहीं झुठलाया जा सकता है. यह तो झूठ की पराकाष्ठा हो गई.विश्लेषकों का मानना है कि केवल पहले चरण के मतदान के बाद दिया गया उनका भाषण हार की बौखलाहट को ही दिखाता है. फिलहाल, विपक्ष ने प्रधानमंत्री के इस भाषण को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना है और इसके लिए चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है. विपक्ष यह भी कहता है कि क्या चुनाव आयोग प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की हिम्मत दिखा पाएगा?

दूसरी ओर विपक्ष भी पीछे हटने वाला नजर नहीं आता है. रांची में इंडिया गठबंधन के कार्यक्रम में वर्तमान सरकार को तानाशाह कहा और उन्हें सत्ता से बाहर करने का संकल्प लिया है. वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं, प्रधानमंत्री ने देश को बेरोजगारी का केंद्र बना दिया. राहुल गांधी ने भागलपुर की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अदानी-अंबानी सहित 22 उद्योगपतियों के पास जितनी संपत्ति है, उतनी संपत्ति सत्तर करोड़ हिंदुस्तानियों के पास नहीं है. मोदी केवल अदानी-अंबानी को पूरा धन दे रहे हैं. एयरपोर्ट, पोत, बिजली, सोलर प्लांट, डिफेंस अदानी को पकड़ा दिया है. 22 से पच्चीस उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया. इतने पैसों से 25 बार किसानों का कर्ज माफ हो जाता. जितना पैसा उद्योगपतियों को दिया गया, हम उतना पैसा गरीबों को देंगे, किसानों को उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाएंगे.

आजादी के बाद से देश में अब तक लोकसभा-विधान सभा के कई चुनाव हुए, लेकिन शब्दों का जो तीर एक दूसरे दलों पर इस चुनाव में चलाया जा रहा है, वैसा इसके पहले न कभी देखा गया और न ही कभी सुना गया. यह ठीक है कि हमारा देश पूरी तरह शिक्षित नहीं हो सका है, लेकिन जो हमारे राजनेता हैं, उनके भी बोल ऐसे बिगड़ जाएंगे ऐसा कभी सोचा नहीं गया था. सत्ता पर काबिज होने के लिए कोई स्तरहीन बात करेगा, समाज को हिंदू-मुसलमान के बीच बंटेगा, यह समाज के लिए बड़ा ही गंभीर प्रश्न आ खड़ा हुआ है. सच तो यह है कि अभी चुनाव में जिसे इन सब मुद्दों पर अंकुश लगाने का भार डाला गया है, उन्होंने ही अपने को इतना कमजोर बना लिया है कि किसी चुनाव आयुक्त की इतनी हिम्मत नहीं कि वह सत्तारूढ़ और प्रधानमंत्री या सत्तारूढ़ के बिगड़े बोल पर अंकुश लगाने का आदेश जारी करे या उनके खिलाफ कार्रवाई करे? यह ठीक है कि ऊंचाई पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है, इसका यह अर्थ नहीं होता कि कोई वास्तविकता की अनदेखी करके समाज के आत्मबल को कम कर दे. चुनाव आयोग को जितना अधिकार भारतीय संविधान देता है, उसका उपयोग नहीं करते हुए चुनाव आयोग केवल अपनी कुर्सी बचाने के फिराक में रहता है. आजादी के बाद जितने चुनाव आयुक्त हुए उनमें पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन और टीएन शेषन को ही जनता आज भी याद करती है, शेष को कोई याद नहीं करता. ठीक है, इतिहास में नाम दर्ज कराया नहीं जाता, बल्कि इनके कृत्य को इतिहास जीवित रखता है और उन्हें समाज सदैव सम्मान की नजर से देखता है. अब प्रश्न यह है कि आज के वर्तमान चुनाव आयुक्त को इतिहास सम्मानित देश निर्माता या चुनाव आयुक्त के रूप में याद रखेगा?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ

सदाचार का आधार

हमारे भीतर सभी सद्‍गुण भय से ही स्थायित्व पाते हैं. भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होने का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते हैं और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते है. आस्तिकों को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा और सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज मे प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरीत परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है, क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपने अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा? इसी आशय से मैंने कहा था, "नास्तिकी-सदाचार के तो पैर ही नहीं होते" उसके पास दृढ़ता से खड़े रहने का नैतिक बल ही नहीं होता. किस भरोसे खड़ा रहेगा? भला वह क्यों मोल लेगा भावी के भरोसे निश्चित कष्ट, प्रतीक्षा और अनावश्यक तनाव? तत्क्षण प्रतिशोध ही उनके लिए न्यायमार्ग होता है. और प्रतिशोध किसी भी दृष्टि से सदाचार नहीं है. सदाचरण सदैव, घोर परिश्रम, सहनशीलता और धैर्य की मांग करते है. अधिकांश बार उपकार का बदला अपकार से भी मिलता है. कई बार सदाचारियों की गणना कायरों में गिनी जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है. उसे पाखण्डी ही समझा जाता है. कभी कभी तो उसे शान्ति के बदले मिलती कीर्ती का भी हनन कर दिया जाता है. इतना सब होने के बाद, अनास्थावान् का सदाचारों पर टिके रहना तलवार की धार पर चलनें के समान होता है. सदाचारों का लाभ तो मिले या न मिले, जीवन को क्यों लोहे के चने चबाने जैसे दुष्कर कार्य में व्यर्थ करना.

भारतीय राजनीति में सूरत मॉडल की हकीकत

• सियासत

डॉ. दीपक पाचपोर

एक ओर तो तमाम सर्वे बतला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने खुद के बल पर 370 और अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के साथ 400 सीटें जीतने का जो लक्ष्य रखा है, वह हासिल करने योग्य बिलकुल नहीं है, वहीं दूसरी तरफ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के सारे नेता और स्टार प्रचारक जिस प्रकार से कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन पर हमलावर हैं, वह भी कमर के नीचे वार करते हुए, उससे भी साफ है कि स्वयं भाजपा जान चुकी है कि यह लक्ष्य पाना नामुमकिन है. लेकिन गुजरात के सूरत में जो हुआ है, अगर भाजपा उसी तरीके से चुनाव लड़ने जा रही है तो कहा जा सकता है कि वह 400 तो क्या 4000 सीटें भी पा सकती है, जैसा कि जुबान फिसलने के कारण जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मोदी की मौजूदगी में ही एक सभा में बोल पड़े थे. वैसे सूरत लोकसभा सीट पर जो सियासी तमाशा हुआ है, वह देश के संसदीय इतिहास का अभूतपूर्व मामला है. यह इस बात का भी संकेत है कि भारत की राजनीति किस ओर जा रही है और आने वाले दिनों में देश का सूरत-ए-हाल क्या होगा. चेतावनी की घंटी इसी को कहते हैं. इस घटना से यह पता चलता है कि भाजपा 400 पार जाने के लिए कितनी उतावली है और उससे यह भी समझा जा सकता है कि उसे रोका जाना क्यों आवश्यक है. सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया. कारण है, उनका निर्विरोध निर्वाचन. कहने को तो उनके खिलाफ कांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे. इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे. यहां तक कि कांग्रेस ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी खड़ा किया था, पर दोनों के नामांकन खारिज कर दिये गये और 8 उम्मीदवारों ने एक के बाद एक निर्वाचन अधिकारी से यह कहकर अपने नामांकन वापस ले लिये कि उनके नामांकन प्रपत्रों पर जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं. अब ये सारे प्रत्याशी लापता हैं. सोमवार ही नामांकन वापसी की अंतिम तारीख थी. इस सियासी किस्से में कई लोचे हैं. सवाल तो यह है कि जब नामांकन पत्र पर निर्वाचन अधिकारी यानी डीएम के ही समक्ष दस्तखत होते हैं और प्रस्तावकों की भी भौतिक उपस्थिति में दस्तखत करने होते हैं तो उनके नकली होने का सवाल ही कहां पैदा होता है. आनन-फानन में सर्टिफिकेट देने का मतलब है कि मामले की फाइल अब बन्द हो गई है. जिसे जाना है वह कोर्ट जाये. मजेदार बात तो यह है कि कुंभानी के प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का भी आरोप भाजपा उम्मीदवार की ओर से लगाया गया था. इन प्रस्तावकों में कुंभानी के बहनोई, भतीजा एवं कारोबारी पार्टनर शामिल थे. वैसे यह भी कहा जा रहा है कि रिश्तेदारों को प्रस्तावक इसीलिये बनाया गया था, ताकि परचा ही खारिज हो जाये. कुंभानी द्वारा भाजपा से हाथ मिला लिये जाने की भी बात कही जा रही है और यह भी बताया जा रहा है कि इसकी योजना सूरत के एक बड़े होटल में बनाई गई. गुजरात विकास के मॉडल की बात तो काफी पहले से सुनते आये हैं, लेकिन 'राजनीति का गुजरात मॉडल' भी लोगों के सामने आ गया है, जो सबकी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त होना चाहिए. मुकेश दलाल ने अपने पहले संदेश में कहा है- 'पहला कमल नरेन्द्र मोदी के चरणों में समर्पित है. मोदी के 400 के लक्ष्य को पाने के लिये मेरी जीत पहला कदम है.' वे यह भी कहते हैं कि 'कांग्रेस के नामांकन पत्र रद्द हुए और शेष उम्मीदवारों ने मोदी के विकसित भारत की कल्पना को साथ देने के लिये अपने नामांकन वापस लिये हैं. बस, इतनी सी बात है!' वैसे गुजरात के राजनैतिक मॉडल की बानगी कुछ दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में देखने को मिल गई थी, जहां कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी का गठबन्धन था. यहां उनके संयुक्त प्रत्याशी का जीतना तय था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने 8 कांग्रेस प्रत्याशियों के वोट खुद ही खराब कर खारिज करा दिये. मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, जहां अदालत ने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' कहते हुए दोषी अधिकारी को सजा देने की ज़रूरत बतलाई.

> गुजरात विकास के मॉडल की बात तो काफी पहले से सुनते आये हैं, लेकिन 'राजनीति का गुजरात मॉडल' भी लोगों के सामने आ गया है, जो सबकी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त होना चाहिए. मुकेश दलाल ने अपने पहले संदेश में कहा है– 'पहला कमल नरेन्द्र मोदी के चरणों में समर्पित है. मोदी के 400 के लक्ष्य को पाने के लिये मेरी जीत पहला कदम है.'

चुनावों में आचार संहिता की रक्षा कौन करेगा?

• जिम्मेदारी

नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की चुनावी रैली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 2006 के एक बयान को गलत तरीके से उद्धृत करते हुए देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमानों पर जो तीखा हमला बोला, उसने चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता की सारी हदें पार कर दीं. प्रधानमंत्री के कद के व्यक्ति द्वारा एक महत्वपूर्ण मुद्दे की अभद्र और गलत प्रस्तुति पर चुनाव आयोग द्वारा प्रधानमंत्री को कुछ दिनों के लिए चुनाव अभियान से रोकने के संदर्भ में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है. अभी हाल ही में चुनाव आयोग ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को भाजपा उम्मीदवार पूर्व फिल्म अभिनेत्री हेमामालिनी के खिलाफ द्वेषपूर्ण अनुचित टिप्पणियों के कारण 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया था. चुनाव आयोग का कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई करना उचित है. लेकिन प्रधानमंत्री, जो भारत के 142 करोड़ लोगों के संरक्षक हैं और सभी धार्मिक समूहों की पूरी आबादी की ओर से इस देश का प्रशासन करते हैं, ने रविवार की रैली में कहा कि पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा था कि देश की सम्पत्ति पर मुसलमानों की पहली प्राथमिकता है. कांग्रेस सत्ता में आने पर घुसपैठियों और अधिक बच्चे पैदा करने वालों को संपत्ति बांट देगी. उनके इस लक्षित समूह की ओर इशारा स्पष्ट था. भारतीय प्रधानमंत्री को चुनावी रैली में कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करने का पूरा अधिकार है. पार्टी की बैठकों में कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी नेताओं पर दोष मढ़ने से किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी. लेकिन रविवार को उन्होंने जो किया वह अभूतपूर्व था. मुस्लिम समुदाय को चिह्नित करना और बहुसंख्यक समुदाय के बीच यह डर पैदा करना कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गुट 'घुसपैठियों' के बीच सोना, चांदी सहित संपत्ति का पुनर्वितरण करेगा, उनकी कट्टरता की पराकाष्ठा थी, जो निश्चित रूप से पहले चरण के चुनावों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बाद उनकी घबड़ाहट वाली प्रतिक्रिया का प्रतिबिंब थी. उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्षी पार्टी के घोषणापत्र की ओर इशारा किया. 'कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह गंभीर है. उसने कहा है कि अगर कांग्रेस सरकार बनाती है, तो सभी की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जायेगा, वह माताओं और बहनों के सोने का हिसाब लगायेगी और फिर उसका वितरण करेगी. वे आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे,' उन्होंने कहा यह जोड़ते हुए कि कांग्रेस अब 'शहरी नक्सलियों की चपेट में' है.

> तथ्य यह है कि भाजपा के मीडिया सेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए सरकार को अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के प्रवर्तक के रूप में दिखाने के लिए 2006 की राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में एक विकृत वीडियो प्रसारित किया था. उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्वयं इसका प्रतिवाद कर विवाद को दूर किया था.

प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि 'जब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में थी तो उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है.' इसका मतलब है कि वे इस संपत्ति को इकट्ठा करेंगे और इसे घुसपैठियों तथा उन लोगों के बीच वितरित करेंगे, जिनके अधिक बच्चे हैं. क्या आपकी मेहनत की कमाई घुसपैठियों को दी जायेगी? क्या आपको यह स्वीकार्य है? कांग्रेस का घोषणापत्र यह कह रहा है.' तथ्य यह है कि भाजपा के मीडिया सेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए सरकार को अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के प्रवर्तक के रूप में दिखाने के लिए 2006 की राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में एक विकृत वीडियो प्रसारित किया था. उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्वयं इसका प्रतिवाद कर विवाद को दूर किया था. अब 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2006 के उसी विवाद को पूरे ज्ञान के साथ उठाया कि उनके संस्करण को विकृत किया गया था. उनके लिए, चुनावी युद्ध में, कुछ भी उचित या अनुचित नहीं है, देश के सामाजिक ताने-बाने में जो भी व्यवधान हो, उसे जीतना ही होगा. दिसंबर 2006 में, डॉ. मनमोहन सिंह ने एनडीसी में अपने भाषण में कहा, 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं स्पष्ट हैः कृषि, सिंचाई और जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश और सामान्य सार्वजनिक निवेश की आवश्यकताएं.' अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घटक योजनाओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता होगी. विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भी सशक्त बनाने के लिए विकास के फल में समान रूप से साझा करने की आवश्यकता है. संसाधनों पर उनका पहला दावा होना चाहिए.

मीडिया में अन्यत्र

एसएफबी के लिए स्वागत योग्य नए नियम

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह उन मौजूदा 'लघु वित्त बैंक' या एसएफबी के लिए नए नियम जारी किए, जो खुद को नियमित यानी 'यूनिवर्सल' बैंक में बदलने की इच्छा रखते हैं. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या कोई मौजूदा एसएफबी तुरंत इस प्रक्रिया का लाभ उठा पाएगा या नहीं, लेकिन यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि इसके माध्यम से स्पष्ट नीतियां पेश की गई हैं, जिसका लक्ष्य काफी लंबे समय से तय है. इस बदलाव से गुजरने पर एसएफबी को निश्चित रूप से कुछ लाभ मिलेगा. उदाहरण के तौर पर वे प्राथमिकता वाले क्षेत्र को ऋण देने के अपने स्तर को कम कर सकते हैं. इससे उनकी पूंजी की आवश्यकता कम होगी और ज्यादा मुनाफा बनाने का मौका मिलेगा. हालांकि इसके लिए आरबीआई के पात्रता नियम अपेक्षाकृत ज्यादा सख्त हैं और कई एसएफबी इसके पात्र नहीं हो पाएंगे. इसके लिए जरूरी है कि लघु वित्त बैंक सूचीबद्ध हों और वे पांच वर्षों से संचालित हो रहे हों. इसके साथ ही उन्हें नियामक की नियमित जांच प्रक्रिया में भी सफल होना होगा. इसके अलावा इन एसएफबी को पिछले दो वर्षों में शुद्ध लाभ दर्ज करना चाहिए और इनकी हैसियत कम से कम 1,000 करोड़ रुपये तक होनी चाहिए. एयू एसएफबी को छोड़कर बाकी सभी मौजूदा एसएफबी की हैसियत अभी 1,000 करोड़ रुपये से कम है. एयू एसएफबी के फिनकेयर एसएफबी के साथ विलय किए जाने की घोषणा अक्टूबर 2023 में की गई थी और इससे दक्षिण भारत में इसके लिए नए क्षेत्र खुल जाएंगे. हालांकि व्यापक प्रक्रिया एक अच्छी खबर के संकेत दे रही है. इस पूरी कवायद का अंतिम लक्ष्य, स्पष्ट नियामक लक्ष्यों के साथ बैंकिंग क्षेत्र में अधिक प्रतिस्पर्धा बनाने से जुड़ा होना चाहिए. एसएफबी श्रेणी की घोषणा 2014 में की गई थी और ज्यादातर एसएफबी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनएफबीसी) से ही तैयार किए गए थे. अब उनके पास यूनिवर्सल बैंकिंग के लिए एक रास्ता बनता दिख रहा है. निश्चित तौर पर उनके पास सुरक्षा, विश्वसनीयता और नियामकीय निरीक्षण की एक स्पष्ट सीढ़ी है, जिसका पालन करके वित्तीय योजनाओं से जुड़ा क्षेत्र एक नियमित बैंक बन सकता है. बैंकिंग नियामक के लिए वास्तव में बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए. शोध से पता चला है कि भारत में 1998 से शुरू हुए बैंक सुदृढ़ीकरण के दौर में मौद्रिक नीति की प्रसार क्षमता में अच्छी-खासी गिरावट आई है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सच/सही

सच तो यह है कि उसने ऐसा किया, लेकिन उसका ऐसा करना किसी भी हालत में सही नहीं है. इस वाक्य में प्रयोग में आये दो शब्द सच और सही पर गौर करें. इन दोनों शब्दों का प्रयोग हर हिंदी भाषी चौबीस घंटे में कई बार करता है. दोनों शब्द अर्थ के दृष्टिकोण से एक दूसरे के बहुत ही निकट हैं. इतना कि लोग सच को सही और सही को सच समझ लेते हैं, लेकिन सच तो यह है कि सच और सही दोनों शब्दों में काफी अंतर है. सच का पर्याय सत्य है. सच तद्भव विशेषण शब्द है. वहीं सही शब्द क्रिया विशेषण. सच अटल होता है और सही वह है, जो किसी की धारणा के अनुसार किसी को लगता है. एक व्यक्ति को सही लगनेवाली बात दूसरे को गलत भी लग सकती है, लेकिन सच हर हाल में अपना अर्थ बनाये रखता है. सूरज सुबह उगता है, यह सच है. वहीं कोई बच्चा अपने माता पिता के बोलने के बाद भी सो कर जल्दी नहीं उठता तो वह सच होकर भी सही नहीं है. इसी प्रकार यह भी जरूरी नहीं है कि जो सही हो, वह सच भी हो. सच प्रामाणिक होता है, लेकिन सही प्रामाणिकता के प्रक्रिया में. सच किसी का वजूद है तो सही कोई क्रिया. यह कोई आवश्यक नहीं है कि जो सच है, वह सदैव सही ही हो और जो सही है, वह सच ही हो. उदाहरण के लिए चोरों ने चोरी की यह घटना तो सत्य है, लेकिन चोरी सही नहीं है. जब कोई दुर्घटना होती है तो तुरंत भीड़ बड़ी गाड़ी के चालक को पीटने लगती है. यह सच है, लेकिन सही नहीं है. कई निर्णय भीड़ द्वारा ले लिए जाते हैं. वे भीड़ के अनुसार सही होते हैं, लेकिन सच से दूर होते हैं. सच और सही में सबसे बड़ा अंतर यह है कि सच सार्वकालिक होता है, जबकि सही समय और काल के अनुरूप बदलता रहता है. सच में आदर्श होता है. सही में विवेक होता है.

ईश्वर ने हमें क्यों नहीं दी दुम!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेंद्र वर्मा

दुम एक ऐसी चीज़ है, जो अधिकतर प्राणियों में पाई जाती है. इसे पूंछ या पुच्छ भी कहते हैं. शायद इसलिए कि यह पशुओं के पीछे की ओर (पुच्छ) रहती है. बन्दर, कुत्ता, बिल्ली इत्यादि सभी पशुओं के पूंछ, या कहें, दुम होती है. किसी की छोटी होती है तो किसी के बड़ी होती है. हाथी एक बहुत बड़ा जानवर है, लेकिन उसकी पूंछ उसके शरीर की अपेक्षा से बहुत छोटी होती है. लंगूर उसके मुकाबले एक छोटा जानवर है, लेकिन अपेक्षा-कृत उसकी पूंछ बड़ी लम्बी होती है. जानवर की लम्बाई-चौडाई से उसकी पूंछ का कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं होता. किसी की पूंछ सीधी होती है तो किसी की सीधी नहीं होती. किसी की दुम के आखिर में बड़े बड़े बाल होते हैं तो किसी के नहीं होते. कहते हैं कि कुत्ते की दुम, जब तक वह पागल ही न हो जाए, हमेशा टेंढ़ी ही रहती है. आदमी की पूंछ नहीं होती. वैज्ञानिकों का कहना है कि हो सकता है कभी इंसान की भी पूंछ रही हो, किन्तु विकास-क्रम में वह विलुप्त हो गई. अनुपयोग के कारण ऐसा हो जाना संभव है. आदमी ने अपनी पूंछ का उपयोग ही नहीं किया और इसलिए वह भी उसका साथ निभा नहीं पाई. भले ही इंसान के एक अदद पूंछ न हो, लेकिन वह पूंछ के सारे काम बाकायदा करता है. उसने अपनी दुम के कार्यों को अन्यान्य इन्द्रियों को वितरित कर दिया है. कुत्ता जब खुश होता है, अपनी दुम हिलाने लगता है. आदमी खीसें निपोरता है. कुत्ता चापलूसी करते वक्त भी अपनी दुम हिलाता है. आदमी ज़बान हिलाता है. लगता है आदमी की दुम उसके मुंह और ज़बान में समा गई है. अपनी खीसें निपोर कर और ज़बान का इस्तेमाल कर वह दुम की क्षतिपूर्ति करता है. आदमी की दुम भले ही नष्ट हो गई हो, लेकिन अपनी पूंछ के न रहने का दर्द उसे अभी तक सालता है. वह गाहे-बगाहे उसकी याद करता रहता है. अपनी वार्ता में वह दुम संबंधी गालियां बकता है – उल्लू की दुम, कुत्ते की दुम इत्यादि. कुत्ते और गधे की तो आत्म-कथाएं तक लिखी गई हैं, लेकिन इनकी पूंछ के बारे में अभी तक नहीं लिखा गया. मुझे 'आशा ही नहीं पूरा विश्वास है' कि कभी न कभी दुम के दिन भी फिरेंगे और साहित्यकार उसे भी अपनी लेखनी से सम्मान देने में कोताही नहीं बरतेंगे. वैसे यह काम बहुत-कुछ शुरू तो अब हो ही गया है. कई कविगण 'दुम-दार दोहे' तो रचने ही लगे हैं. दुम बड़ी चीज़ है. जिसके दुम नहीं उसकी कोई पूछ नहीं. न जाने कितने लोग नेताओं के दुमछल्ले बने फिरते हैं. जितना बड़ा नेता उसके उतने ही पिछलग्गू. हर नेता अपनी दुम से जाना जाता है.

गैजेट्स रिव्यू

आज लॉन्च होंगे ऐपल के हेडफोन और इयर बड्स

सिंगल चार्ज पर 50 घंटे तक चलेगा हेडफोन

आज ऐपल का धांसू फीचर्स वाले हेडफोन और ईयर बड्स लॉन्च होंगे. ऐपल के नए ऑडियो प्रोडक्ट्स बीट्स सोलो 4 और बीट्स सोलो बड्स की लॉन्चिंग को लेकर यूजर्स में काफी उत्सुकता है और इनका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. लॉन्च से पहले इन प्रोडक्ट की तस्वीरें और प्रोमो वीडियो इंटरनेट पर लीक हो गए हैं. इस लीक में ऐपल बीट्स के इन नए प्रोडक्ट्स के खास स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा हो गया है. नए ऑडियो प्रोडक्ट्स में आपको दमदार साउंड और जबर्दस्त बैटरी लाइफ के साथ कई धांसू फीचर मिलेंगे. घर बैठे यूजर्स सिनेमा हॉल जैसा साउंड फील करेंगे. ऐसे में अब यूजर्स की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है.

बीट्स सोलो 4

तकनीक के दिग्गजों की माने तो कंपनी बीट्स सोलो 4 में पर्सनलाइज्ड स्पाशियल ऑडियो और डाइनैमिक हेड ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी ऑफर करने वाली है. इस शानदार कॉम्बिनेशन से यूजर्स को घर बैठे ही थिएटर जैसा साउंड एक्सपीरियंस मिलेगा. यह यूजर्स के सिर के मूवमेंट के हिसाब से 360 डिग्री का साउंडस्पेक ऑफर करता है. आराम व सुविधा के लिए इसमें शानदार कुशन का उपयोग किया गया है जिससे घंटों उपयोग के बाद भी कानों पर अतिरिक्त दवाब नहीं पड़ता है. बीट्स सोलो 4 बैटरी भी बहुत दमदार है. कंपनी का दावा है कि यह बैटरी एक बार चार्ज कराने पर 50 घंटे तक नॉन स्टॉप चल सकती है. महज 10 मिनट तक चार्ज कर पूरे 5 घंटे तक का प्लेबैक टाइम मिलता है. रंगों के मामले में ये विकल्प मिलेंगे- मैट ब्लैक, स्लेट ब्लू और क्लाउड पिंक. कनेक्टिविटी के लिए इसमें ब्लूटूथ के अलावा 3.5 एमएम हेडफोन जैक भी दिया गया है. इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब साढ़े सोलह हजार रुपए होगी. 2 मई से इसे बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा.

बीट्स सोलो बड्स

ड्यूल लेयर ट्रांसड्यूसर वाले ये बड्स शानदार ऑडिया का अनुभव कराएंगे. यह ऑडियो डिस्टॉर्शन्स को काफी कम करता है और डीटेल साउंड देता है. इसमें बिल्ट-इन माइक्रोफोन का फीचर भी है. यह क्लियर कॉलिंग के लिए नॉइज रिडक्शन देता है. कनेक्टिविटी के लिए इसमें आपको क्लास 1 ब्लूटूथ सपोर्ट मिलेगा. इन बड्स को आईओएस के साथ ही ऐंड्रॉयड डिवाइस के साथ भी पेयर किया जा सकता है. इन बड्स को एक बार चार्ज पर 18 घंटे तक म्यूजिक सुन सकते हैं. इनके चार्जिंग केस में यूएसबी-सी पोर्ट दिया गया है. इनकी कीमत करीब 6,700 रुपये हो सकती है.

खत्म हुआ इंतजार, आज लॉन्च होगा

शियोमी का यह नया धांसू स्मार्ट फोन

शियोमी के भारत में जिस नए स्मार्ट फोन की लॉन्चिंग की इतने दिनों से चर्चा थी, वह आज यानी 30 अप्रैल को लॉन्च होगी. यह रेड मी नोट 13 प्रो प्लस फाइव जी का चैम्पियन एडिशन है. इसको लेकर कंपनी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्टर शेयर किया है, जिसमें स्मार्टफोन का बैक पैनल आसानी से देखा जा सकता है. इसमें ब्लू कलर के साथ गोल्डन बैजिंग का इस्तेमाल किया है. हालांकि इस नए नवेले एडिशन में डिजाइन के अलावा स्पेशिफिकेशन में बदलाव होगा या नहीं, उसके बारे में ऑफिशियल कोई डिटेल्स शेयर नहीं की गई है. आइए इस नए फोन के बारे में कुछ खास बातें जानें-

ब्लू और गोल्डन कलर का डिजाइन

कुछ समय पहले ही शियोमी ने रेड मी नोट 13 प्रो प्लस फाइव जी के स्पेशल एडिशन की लॉन्चिंग को लेकर ऐलान किया था कि 30 अप्रैल को भारत में इसके नए एडिशन की लॉन्चिंग होगी. इस एडिशन का नाम रेड मी नोट 13 प्रो प्लस फाइव जी वर्ल्ड चैम्पियंस एडिशन होगा. कंपनी ने इस एडिशन को अर्गेंटाइन फुटबॉल एसोशिएशन (एफए) पार्टनरशिप के तहत तैयार किया है. कंपनी ने पोस्ट शेयर करके एक इमेज भी शेयर की है, जिसमें स्मार्टफोन का बैक पैनल दिखाया है. इस टीजर में ब्लू और गोल्डन कलर से तैयार किया गया डिजाइन दिखाया है. साथ ही बैक पैनल पर मौजूद कैमरा मॉड्यूल और एलईडी फ्लैश लाइट को शोकेस किया है.

ये हैं खास फीचर्स

बता दें कि रेडमी नोट 13 प्रो प्लस में जिसे कंपनी ने इसी साल की शुरुआत में लॉन्च किया था, में कई शानदार फीचर्स हैं. यह मोबाइल फोन 120 हट्र्ज कर्व्ड एएमओएलईडी डिस्प्ले के साथ आता है. इसमें मीडिया टेक डायमेंसिटी 7200 अल्ट्रा चिपसेट का इस्तेमाल किया है. इसका कैमरा सेटअप भी शानदार है. इसमें 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा है, जो कई बेहतरीन पिक्चर क्लिक करने में मदद करता है. इसमें 120 वाट का फास्ट चार्जर दिया है. रेडमी के इस स्मार्टफोन में आईपी 68 रेटिंग दी गई है, जो इसे स्प्लैश प्रूफ और डस्ट प्रूफ बनाती है.

गर्मियों में कार का सफर के लिए एसी का दुरुस्त रहना बहुत जरूरी है. तेज धूप में भी कार का भीतरी हिस्सा ठंडक भरा रहे, उसका एसी बेहतर काम करता रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है.

प्रचंड गर्मी में भी चिल्ड रहेगी आपकी कार

झारखंड समेत पूरे देश में अब तेज गर्मी की पड़ने लगी है. इस बार गर्मी के रिकॉर्ड तोड़ होने की आशंका है. ऐसे में कार में चलते वक्त एसी दुरुस्त नहीं रहे तो सफर कष्ट भरा होगा. कई बार छोटी-छोटी लापरवाहियों/अनदेखियों की वजह से भी एसी ठीक तरह से ठंडा नहीं करता है. आइए, आज चर्चा करें कुछ ऐसी ही छोटी-छोटी बातों की जिससे प्रचंड गर्मी में भी चिल्ड रहेगी आपकी कार...

कार को छाया में पार्क करें

गर्मी के दिनों में सबसे बड़ी समस्या कार को पार्क करने को लेकर होती है. सीधी धूप में कार को पार्क करने पर कार के अंदर गर्मी भर जाती है और कार में बैठने के बाद एसी शुरू होने के बाद भी काफी देर तक गर्मी लगती रहती है. ऐसे में एसी से बेहतर कूलिंग पाने के लिए कोशिश करें कि कार ऐसी जगह पार्क की जाएं जहां धूप सीधे तौर पर न पड़ रही हो. कार को किसी ढकी हुई जगह या पेड़ के नीचे या छाया में खड़ा करके कार के केबिन को अत्यधिक गर्म होने से रोका जा सकता है.

फिल्टर साफ करें

जिस तरह घरेलू एसी के फिल्टर होते हैं, वैसे ही आपकी कार का एयर कंडीशनिंग सिस्टम भी एक फिल्टर के साथ आता है. आमतौर पर ये फिल्टर कार के केबिन के अंदर स्थित होते हैं. समय-समय पर इन फिल्टर को साफ करना जरूरी होता है. दरअसल अपने देश में गर्मी के मौसम में अक्सर धूल भरी हवा चलती है और फिल्टर उन धूल के कणों को भीतर आने से रोकता है. इस कारण फिल्टर खुद गंदा और धूल से भर जाता है और ऐसी स्थिति में उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है. यह अधिक ठंडक नहीं दे पाता. इसलिए समय समय पर इनकी सफाई जरूरी है. आमतौर पर एसी फिल्टर ग्लव बॉक्स के ठीक पीछे होता है और इसे आसानी से हटाया जा सकता है. यदि एसी का फिल्टर बहुत ज्यादा गंदा हो गया है तो बेहतर है कि इसे हटा कर नया फिल्टर लगवा लें.

जरा धीरे धीरे

गर्मी से बेहाल अक्सर हम कार स्टार्ट करते ही एसी को फुल-ब्लास्ट मोड में चालू कर देते हैं. यह तरीका गलत है. बेहतर यह होगा कि हम एसी को हम पहले सबसे कम सेटिंग में चालू करें. खिड़कियों को थोड़ा खुला रखें. गर्म और हल्की हवा को पहले बाहर निकलने दें. इसके बाद धीरे-धीरे एसी ब्लोअर की स्पीड बढ़ाएं.

एसी का नियमित इस्तेमाल करें

कार में अगर एसी है तो उसका नियमित इस्तेमाल करें, भले ही थोड़े समय के लिए ही क्यों न हो. अक्सर किफायत की फेर में हम ऐसा नहीं करते हैं. मॉडर्न कारें तापमान नियंत्रण के साथ आती हैं. इसलिए एसी को हमेशा ठंडे मोड में रहने की जरूरत नहीं होती है. कार एसी का जब हम नियमित इस्तेमाल करते हैं तो सभी पार्ट्स को जांच में रखने में मदद मिलती है. यदि सिस्टम में कोई समस्या होती है, तो यह जल्दी सामने आ पाता है और समय पर इसकी दुरुस्तगी संभव होती है.

रेग्यूलर सर्विसिंग जरूरी

घर के भीतर लगे एसी की रेगुलर जांच और सर्विस तो हम कराते हैं, पर अक्सर अपनी कार के एसी की सर्विसिंग नियमित नहीं करते. अगर आप नियमित कार एसी का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए एसी फिल्टर को बदलना भी पर्याप्त होगा. लेकिन अगर आप कार एसी का इस्तेमाल कम करते हैं, आपके लिए पूरे सिस्टम को लीक, रेफ्रिजरेंट लेवल और रुकावटों के लिए भी जांच करवाना जरूरी है. इनमें से कोई भी समस्या आपकी कार के केबिन के अंदर की कूलिंग को प्रभावित कर सकती है. इसलिए नियमित तौर पर एसी की चेकिंग और सर्विसिंग के लिए किसी तकनीशियन को बुलाएं. किसी लंबी यात्रा पर जाने से पहले कार को जरूर एक बार सर्विस के लिए दे दें. सर्विस कराने से गैस कम होना या बाकी किसी और दिक्कत के बारे में मालूम हो जाता है, जिसे ठीक किया जा सकता है.

केबिन को कुछ देर के लिए खुला छोड़ें

अगर कार सीधी धूप में पार्क की गई हो तो सफर शुरू करने से पहले केबिन को कुछ देर के लिए खुला छोड़ दें. इससे अंदर मौजूद हीट बाहर निकल जाएगी. फिर आप एसी ऑन कर रीसर्क्युलेशन मोड को इस्तेमाल कर सकते हैं.

एसी डायरेक्शन नॉब का यूज

कार के एसी में मल्टी एयर ट्रांसफर नॉब होती है. यानी हवा सामने के साथ पैरों पर और चारों तरफ जाती है. उसका यूज करना चाहिए. इसके कार तेजी से ठंडी होती है. जब कार ठंडी हो जाए तब उसके किसी एक डायरेक्शन में फिक्स कर सकते हैं.

हर साल सर्दियों के बाद मंगल पर घूमने जाती हैं ये मकड़ियां !

मंगल ग्रह जीवन की खोज लंबे अर्से से की जा रही है. पर जब मंगल से आई तस्वीरों में हजारों-लाखों की संख्या में मकड़ियां दिखीं तो वैज्ञानिक हैरान रह गए. सवाल यह है कि जिस ग्रह पर अब तक जीवन के कोई संकेत नहीं दिख सके, वहां अचानक इतनी बड़ी संख्या में मकड़ियां पहुंची तो कैसे पहुंचीं! सोशल मीडिया पर जब ये तस्वीरें आई तो लोगों ने एलियन तक की प्रजाति करार दिया. लेकिन जांच के बाद वैज्ञानिकों ने जो खुलासे किए, वे इन प्रतिक्रियाओं से बिल्कुल अलग हैं.

क्या है मामला

यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर में लगे कलर एंड स्टीरियो सरफेस इमेजिंग सिस्टम ने ये तस्वीरें ली हैं. पहली बार इस तरह की तस्वीर 4 अक्टूबर 2020 में ली गई थी. उसके बाद से लगातार हर साल ऐसी तस्वीर सामने आती रहती है. ये आमतौर पर मंगल ग्रह के कॉर्डिनेट 323°ई/75°एस पर दिखाई देती हैं. एक्सोमार्स के अलावा यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस स्पेसक्राफ्ट ने भी ऐसी तस्वीरें ली थीं. मंगल पर बनी मकड़ियों की आकृति को समझने के लिए जब वैज्ञानिकों ने कोशिश की तो पाया कि ये दरअसल एरेनिफॉर्म्स हैं. ये मंगल की सतह पर ऊंचाई-गहराई से बनते हैं. ये धरती पर कहीं नहीं पाए गए हैं और मंगल पर ये कैसे बने, यह एक रहस्य ही है. वैज्ञानिकों के मुताबिक संभवतः कार्बनडायऑक्साइड की

बर्फ के बिना पिघले भाप में तब्दील होने के कारण ये बनते हैं. दरअसल वसंत के मौसम में जब सूरज की किरणें मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पड़ती हैं, तब वहां सर्दियों में जमा हुई कार्बन डाईऑक्साइड इस तरह की मकड़ियों जैसा आकार ले लेती हैं. सूरज की रोशनी कार्बन डाईऑक्साइड की निचली परत को पिघलाती है, तो ऊपर की परतें इस तरह से आकृतियां बनाती हैं, जैसे मकड़ी हो.

सूरज की रोशनी का असर

जमीन के अंदर से निकलने वाली CO_2 गैस के ऊपर गहरे रंग की धूल जमा रहती है. जैसे ही सूरज की रोशनी पड़ती है, तब ये जमीन के नीचे बनी दरारों से बाहर आने लगते हैं. पिघलने लगते हैं. इससे ऐसा दिखता है कि सतह पर एकसाथ लाखों मकड़ियों ने धावा बोल दिया हो. ये मकड़ियों के आकार में घूमती-फिरती दिखती हैं. असल में चलती-फिरती नहीं हैं बल्कि सूरज की रोशनी की वजह से पिघलती हैं, तो लगता है कि इनमें गति हो रही है.

पहली बार कार खरीद रहे हैं तो खंगालिए बजट और समझिए इन फीचर्स के मायने

इन दिनों पहली बार कार खरीदने की सोचने वाले कभी-कभी थोड़ा कंफ्यूज भी हो जा रहे. दरअसल कार कंपनियां अब अपने प्रोडक्ट्स में भरपूर फीचर्स दे रही हैं. इन फीचर्स का सीधा सरोकार ग्राहकों के कंफर्ट और सेफ्टी से बताया जा रहा है. लेकिन कहावत है ना कि जितना डाला गुड़ उतना मीठा होगा हलवा. सो जितने पैसे खर्च करेंगे, उतने ही अधिक फीचर्स वाली कार खरीद पाएंगे. कार खरीदते समय अपनी बजट और जरूरतों पर फोकस रहें. सभी फीचर्स हर कार में उपलब्ध नहीं होते हैं और कुछ फीचर्स दूसरों की तुलना में ज्यादा महंगे होते हैं. ऐसे में जरूरी है कि हम कार के उन फीचर्स का समझने जिसका होना हमारे लिए अधिक जरूरी है ताकि बजट कार भी खरीदने की सोचें तो हमें आराम और सुरक्षा से जुड़े बेसिक फीचर्स मिल सके.

ये हैं सुविधा फीचर्स

- **पावर विंडो और पावर लॉक्स :** इन फीचर्स की वजह से खिड़कियों और दरवाजों को खोलने और बंद करने में आसानी होती है.
- **एयर कंडीशनिंग :** यह गर्म मौसम में गाड़ी के अंदर का तापमान ठंडा रखता है.
- **हीटिंग :** यह ठंडे मौसम में गाड़ी के अंदर का तापमान गर्म रखता है.
- **इन्फोटेन्मेंट सिस्टम :** इसमें आमतौर पर एक स्टीरियो, म्यूजिक प्लेयर, और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी शामिल होती है.
- **पार्किंग सेंसर और कैमरा :** ये गाड़ी को पार्क करने में आसान बनाते हैं.

ये हैं सुरक्षा फीचर्स

- **एयरबैग :** इस फीचर की आजकल खूब चर्चा है. ये एक्सीडेंट के समय ड्राइवर और यात्रियों को बचाने में मदद करते हैं. कम से कम दो एयरबैग, आगे वाले यात्रियों के लिए, हर कार में होने चाहिए.
- **एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम :** यह गीली या फिसलन वाली सड़कों पर ब्रेक लगाने पर गाड़ी के नियंत्रण में रहने में मदद करता है.
- **इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल :** यह गाड़ी को पलटने से बचाने में मदद करता है.
- **सीटबेल्ट प्री-टेंशनर्स और लोड लिमिटर्स :** ये एक्सीडेंट के समय सीटबेल्ट पर लगने वाले दबाव को कम करते हैं.

ये फीचर्स भी काम के

अच्छी माइलेज
यह पेट्रोल/डीजल की बचत करने में मदद करता है.

पावरफुल इंजन
यह गाड़ी को तेज गति से चलाने में सक्षम बनाता है.

कंफर्टेबल ड्राइविंग
यह लंबी यात्राओं को ज्यादा सुखद बनाता है.

अच्छा स्टोरेज स्पेस
इससे गाड़ी में सामान रखने की जगह मिलती है.

शानदार गेमिंग अनुभव देगा हल्के वजन का यह लैपटॉप

हाल ही एचपी ने भारत में अपने नए गेमिंग लैपटॉप की सीरीज को लॉन्च किया है. यह एचपी ओमेन ट्रांसेंड 14 सीरीज के लैपटॉप हैं. कंपनी का दावा है कि इन्हें खासतौर पर गेमर्स के लिए डिजाइन किया गया है. आइए, इस लैपटॉप के खास फीचर्स और कीमत के बारे में जानकारी हासिल करें-

एआई सपोर्ट वाला एच पी का ओमन ट्रांसेंड 14 सीरीज लैपटॉप गेमिंग के लिए पहचान रखता है पर जो यूजर्स कंटेंट क्रिएशन के लिए कोई बेहतरीन लैपटॉप डिवाइस चाहते हैं उनके लिए भी इसके खास फीचर्स दिए गए हैं, ऐस दावा कंपनी का है. कंपनी का कहना है कि गेमिंग हो या मल्टी टास्किंग, यह लैपटॉप बखूबी परफॉर्म कर सकता है. लैपटॉप में 2.8 के रिजॉल्यूशन वाला 120 हट्र्ज वीआरआर ओएलईडी डिस्प्ले दिया गया है. यह लैपटॉप आईमैक्स इंहांस्ड सर्टिफाइड डिस्प्ले के साथ आता है. ऑटो डाइनेमिक रिफ्रेश रेट फीचर है. यह फीचर गेमप्ले के दौरान यूजर्स के एक्सपीरिएंस को शानदार बनाता है.

लैपटॉप में इंटेल कोर अल्ट्रा प्रोसेसर का इस्तेमाल किया गया है. ग्राफिक्स के लिए एनवीआईडीआईए जीफोर्स आरटीएक्स 4060 ग्राफिक्स प्रोसेसर है. एआई फीचर्स से लैपटॉप लैस है. यूजर इसकी मदद से लाइव ट्रांसक्रिप्ट और मीटिंग व क्लासेज के समय पर रियल टाइम कैप्शन भी इस्तेमाल कर सकता है. इसके साथ ही ऑडियो ट्रांसक्रिप्शन और एआई जेनरेटेड नोट्स भी यह दे सकता है.

डिवाइस में इंटेल के साथ मिलकर तैयार किया गया नया कूलिंग डिवाइस भी लगाया गया है. यह सिस्टम एक वैपर चैम्बर की मदद से एक प्रेशराइज्ड जोन बनाता है जिससे कि रियर वेंट्स के माध्यम से हीट बाहर फेंक दी जाती है. लैटिस लैस कीबोर्ड डिजाइन इसकी अन्य खासियत है. यह एज-टू-एज की-कैप के साथ आता है. इससे लैपटॉप पर टाइप करने का अनुभव बहुत शानदार रहेगा. इसमें टाइप-सी 140 वाट एडैप्टर का सपोर्ट है और बैटरी लाइफ 11.5 घंटे की बताई गई है.

महज 1.637 किलोग्राम वजन के इस लैपटॉप की कीमतल भारत में करीब 1,74,999 रुपए बताई गई है. इसके साथ 7,787 रुपए का हाइपर एक्स बैग, एक हाइपर एक्स माउस और एक हेडसेट फ्री मिलेगा.

1.637 किलोग्राम है लैपटाप का वजन

11.5 घंटे का बैटरी बैकअप

2.8 k के रिजॉल्यूशन वाला लैपटॉप

120 हट्र्ज वीआरआर ओएलईडी डिस्प्ले

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

ब्रीफ खबरें

आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी अपने-अपने मैच जीते

लंदन। आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है. आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिये. पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिये. आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है. एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया.

थॉमस कप : इंग्लैंड को हराकर भारत क्वार्टर में

चेंगडू (चीन)। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था. एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई. सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया. दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढत दिला दी. दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया.

तीरंदाज दीपिका कुमारी टॉप्स में फिर शामिल

नयी दिल्ली। शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है. दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है. दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता. अभी तक पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सके हैं. आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा.

टी-20 इस आईपीएल में एक कदम और आगे

चेन्नई : सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी-20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है. सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया. आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है. इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था. कमिंस ने मैच के बाद कहा, 'टी-20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है और इस सत्र में तो यह एक कदम आगे चला गया. हमारे पास गेंदबाजी के अधिक विकल्प नहीं है.

टी-20 विश्व कप के लिए टीम में दूसरे विकटकीपर के रूप में चयन का दावा करने का मौका

लखनऊ बनाम मुंबई मुकाबले में राहुल पर चयनकर्ताओं की नजरें

एजेंसी। लखनऊ

टी-20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी. टी-20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है. पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आये हैं. उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया. अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं. वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है. पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है. विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है. वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है. ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके.

लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था : लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था. अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी. उनके सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने रविवार को मैदान के चारों ओर धुना था. युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले. ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो काफी महंगे साबित हुए. मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये उसे सारे मैच जीतने होंगे. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी-20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी. इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

नंबर गेम

144.27 की औसत से अभी तक वह 2024 सत्र में 378 रन बना चुके हैं केएल

160.60 स्ट्राइक रेट वैसे ऋषभ पंत का और संजू सैमसन का 161.08 रहा है.

टीमें

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.
- **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड.

मैच का समय : शाम 7 . 30 से.

गेंदबाजों से एक कदम आगे रहते हैं गायकवाड़ : हस्सी

एजेंसी। चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही रूतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली. पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाये. हस्सी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा, 'गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है. मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है.' उन्होंने कहा, 'वह चतुर बल्लेबाज है. उसे पता है कि कब आक्रामक खेलना है और कब नहीं. वह स्पिन और सीम दोनों को बखूबी खेल लेता है और मैदान के चारों ओर रन बनाता है.' उन्होंने कहा, 'वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है. उसकी बल्लेबाजी देखने में मजा आता है. हम खुशकिस्मत हैं कि वह हमारी टीम में है.' यह पूछने पर कि गायकवाड़ ने कप्तानी को किस तरह से संभाला है. हस्सी ने स्वीकार किया कि 'सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ' की जगह लेना चुनौतीपूर्ण होता है. उन्होंने कहा, 'उसके लिये भी चुनौतीपूर्ण था. वह ऐसे कप्तान की जगह ले रहा था जो भारत का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहा है.'

एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी : बृजेश सागर और सुमित के पदक पक्के

एजेंसी। अस्ताना (कजाखस्तान)

भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिये. बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया. दोनों मुक्केबाजों ने एक-एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की. सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया. जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी. भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं. पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निझ्रेरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी.

वेलावन सेंथिल कुमार ने जीता बाश ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट

एजेंसी। पेरिस

भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है. दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया. सेंथिल ने जीत के बाद कहा,'मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया. मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका.'

टी-20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

एजेंसी। आकलैंड

- अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम में शामिल.

केन विलियमसन चौथी बार टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे, जबकि अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है. कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर है. टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी-20 विश्व कप नहीं खेले हैं. विलियमसन छठी बार टी-20 विश्व कप खेलेंगे. वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी-20 विश्व कप होगा. न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी-20 विश्व कप टीम में जगह मिली है. तेज गेंदबाज बेन सीयर्स भी टीम के साथ कवर के तौर पर रहेंगे. टखने की चोट के कारण एडम मिल्ने बाहर हैं जबकि काइल जैमीसन कमर की चोट के कारण टीम में नहीं हैं.

न्यूजीलैंड टीम

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी.

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिये लाहौर, कराची रावलपिंडी का किया चयन

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिये कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है. भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा. पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है. भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो? आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा. पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, 'हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के लिये शेड्यूल भेज दिया है. आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही. उन्होंने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी.'

इस्तांबुल ओलंपिक क्वालीफायर भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं

- डब्ल्यूएफआई ने बिश्केक एशियाई क्वालीफायर टीम को ही रखा बरकरार

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था. इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था. पता चला है कि डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था. एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा.

भारतीय पहलवानों के पास कोटा हासिल करने का अच्छा मौका

भारतीय पहलवानों के पास इस्तांबुल में पेरिस खेलों के कुछ और कोटा हासिल करने का अच्छा मौका है, क्योंकि कुश्ती की तीन शैलियों के छह वजन वर्गों में से प्रत्येक में 54 ओलंपिक कोटा स्थान दांव पर लगे हुए हैं. यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'प्रत्येक भार वर्ग में तीन पेरिस ओलंपिक स्थान दांव पर लगे हैं – फाइनल में जगह बनाने वाले दो खिलाड़ियों को एक–एक और दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ के विजेता को एक.' बयान के अनुसार, 'ग्रीको रोमन स्पर्धा नौ मई को शुरू होगी जिसके बाद महिला कुश्ती और फ्रीस्टाइल वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता 13 मई को समाप्त होगी.'

भारतीय टीम

फ्रीस्टाइल: अमन (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा). **ग्रीको रोमन:** सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा). **महिला कुश्ती:** मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा).

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन ने कहा

दो साल में कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी लक्ष्य

संवाददाता। कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी. अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी-20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा. भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते. वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है. कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता हो या अब से दो साल बाद.' उन्होंने कहा, 'मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे. यदि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है तो हमारे पास हमेशा ट्रॉफी जीतने का अच्छा मौका होगा.'

टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए समय की कमी

कर्स्टन ने स्वीकार किया कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी–20 विश्व कप की तैयारियों के लिए उनके पास समय की कमी है क्योंकि उन्हें आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी होगी. उन्होंने कहा, 'मैं अभी एक जिम्मेदारी निभा रहा हूं. इसलिए इससे दूर जाना मुश्किल था, मुझे यहां अपना अनुबंध देखना है, लेकिन योजनाएं पहले से ही तैयार हैं. अंतरिम मुख्य कोच के रूप में अजहर महमूद बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. हम इस समय बातचीत कर रहे हैं. मैं टीम को समझ रहा हूं और वे कैसे खेल रहे हैं. मैं उन्हें खेलते हुए देख रहा हूं, जो शानदार है.'

गिलेस्पी का पाकिस्तान टीम को संदेश, केवल सकारात्मक व आक्रामक रहो

ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो नहीं हो

एजेंसी। लाहौर

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें. उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है. पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया, जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है, जिनके मार्गदर्शन में 2011 में भारत ने एकदिवसीय विश्व कप जीता था. वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं. पीसीबी के पॉडकास्ट में गिलेस्पी के हवाले से कहा गया, 'मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है. कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो!' कहा, 'आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है. मैं वहां जाकर कहूंगा : बस सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें. अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और प्रशंसकों का मनोरंजन करें.'

पाकिस्तान के पास कुशल खिलाड़ी हैं, लेकिन निरंतरता पर काम करने की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट और 97 एकदिवसीय मैचों में क्रमश: 259 और 142 विकेट लेने वाले गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के पास कुशल खिलाड़ी हैं, लेकिन निरंतरता एक ऐसी चीज है जिस पर उन्हें काम करने की जरूरत है. गिलेस्पी ने कहा, 'अगर हम जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में उतनी निरंतरता ला सकें तो उम्मीद है कि स्कोर बोर्ड पर रन होंगे और हम कुछ जीत हासिल कर सकते हैं. पाकिस्तान को खेलते हुए देखकर मुझे पता है कि वे बहुत प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं.' उन्होंने कहा, 'लेकिन कभी–कभी आप कमेंटेटरों को भी प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के बारे में बात करते हुए सुनते हो, पाकिस्तान कैसे प्रदर्शन में अधिक निरंतरता ला सकता है और मैच में लंबे समय तक बने रह सकता है.'

ब्रीफ खबरें

दो पक्षों में मारपीट चार लोग हुए घायल

गोपालगंज । जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर रामपुर गांव में दो पक्षों के बीच भूसा रखने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गई. इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया. जिसमें एक पक्ष से युवती समेत चार लोग जख्मी हो गए. युवती की हालत नाजुक बताई जा रही है. तत्काल इलाज के लिए उन्हें गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डाक्टरों के देखरेख में उनका चल रहा है. जख्मी लोगों में सोनम कुमारी, राजेश शर्मा, नीरज शर्मा और पत्नी लीलावती देवी शामिल है.

हाइवा ने युवक को रौंदा, मचा कोहराम

वैशाली । वैशाली जिले में तेज रफ्तार हाइवा ने एक युवक को रौंद दिया. इस घटना में युवक की मौत हो गई. जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया. मामला जिले के काजीपुर थाना क्षेत्र के सामा चक गांव का है. मृतक अपने घर से बाहर निकल चौक पर रविवार की देर रात जा रहा था तभी तेज रफ़्तार हाइवा ने सड़क पार करते समय कुचल दिया. जिसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गया. हालांकि आनन-फानन में परिजनों ने युवक को सदर अस्पताल हाजीपुर लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक काजीपुर थाना क्षेत्र के टिंकू राय बताया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

सड़क दुघर्टना में चार घायल, दो गंभीर

भागलपुर । जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा के समानांतर गोपालपुर वैकल्पिक बायपास पर सोमवार को एक कार अनियंत्रित होकर पलटी खाते हुए सड़क किनारे एक निर्माणाधीन घर से जा टकरायी. इस घटना में कार में सवार चार लोग घायल हो गए. कार चला रहे मनन झा और श्रेया गंभीर रूप से घायल हैं. जबकि निर्मल और एक युवती आंशिक रूप से घायल हुए हैं. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. घटना की सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं.

राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य ने अपना नामांकन पत्र किया दाखिल, बोलीं

मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने सारण नहीं आई हूं

संवाददाता ।पटना

सारण लोकसभा सीट से राजद की उम्मीदवार रोहिणी आचार्य ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. नामांकन दाखिल करने के दौरान पूरा लालू परिवार मौजूद था. पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती भी साथी पहुंचीं थीं. नामांकन के बाद हुई जनसभा में डॉ. रोहिणी आचार्य ने कहा कि मैं आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करने सारण में नहीं आई हूं. सारण में मैं अपना सब कुछ छोड़ कर आ चुकी हूं. मैं कोई राजनेता नहीं हूं बल्कि आप ही की बेटी-बहन हूं. आपके सुख-दुख को आपके साथ बाटूंगी. आपके साथ रहूंगी. वहीं दूसरी ओर छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला

किया. लालू प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बदलने नहीं देंगे. बीजेपी आरक्षण को समाप्त करना चाहती है, लेकिन हम सबको जागरूक रहना है.

बता दें कि सारण लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को चुनाव होना है. रोहिणी आचार्य की लड़ाई बीजेपी के प्रत्याशी और मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी से होनी है. एक तरफ जहां रोहिणी आचार्य क्षेत्र में दौरा कर जीत का दावा कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर राजीव प्रताप रूडी को भी अपने काम पर भरोसा है और वह भी आश्वस्त हैं कि उनकी जीत पक्की है. अब देखना होगा कि चुनाव के बाद क्या कुछ होता है.

इंडिया गठबंधन की सरकार लाइए, हम आपके लिए काम करेंगे

लालू यादव ने कहा कि बेटी रोहिणी आचार्य जो लगातार आपके बीच रह रही उसे भारी मतों से जिताने का काम करिए. देश को बचाना है. संविधान को बचाना है. लोकतंत्र और संविधान को हम मिटने नहीं देंगे. बीजेपी पिछड़े वर्ग का हक छीनना चाहती है. आप सब लोग इकट्ठा रहिए. सारण मेरी कर्म भूमि रही है. सारण में हमने बहुत काम किया है. पासी समाज में लोग हमारे वोटर हैं. आप इंडिया गठबंधन की सरकार को लाइए, हम आपके लिए काम करेंगे.

शिवहर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद लवली आनंद ने भरा पर्चा

शिवहर । सोमवार को शिवहर संसदीय सीट के लिए पूर्व सांसद लवली आनंद ने अपना नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के सामने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. वहीं इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए लवली आनंद ने कहा कि आज मैंने शिवहर संसदीय क्षेत्र से नामांकन कर दिया है. जो लोग भी आनंद मोहन को बाहुबली बोलते हैं. मैं उन्हें बता दूं कि वो एक बाहुबली नहीं बल्कि एक कलम वाले नेता हैं. वो एक कवि हैं, साहित्यकार हैं, स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हैं और हमारे परिवार ने आजादी की लड़ाई में कई कुर्बानियां दी हैं. उन्होंने कहा कि इस बार हमलोग बिहार की सभी चालीस सीटें जितने जा रहे हैं.

मोतिहारी बालिका गृह से 9 लड़कियां हुईं फरार, 2 बरामद, छापेमारी जारी

पूर्वी चंपारण । जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के बरियारपुर स्थित बालिका गृह से नौ लड़कियां फरार हो गईं है. घटना की जानकारी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है. वही इसकी सूचना पर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर छतौनी थाना पुलिस ने सदर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बच्चियों को बरामद किया है. जबकि अन्य सात की तलाश जारी है. एक साथ 9 बच्चियों के बालिका गृह से फरार होने के बाद बालिक गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है. इस बाबत छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एएसपी सदर के नेतृत्व में दो लड़कियों को बरामद किया है, जबकि अन्य लड़कियों की तलाश की जारी है.

अमित शाह ने चुनावी सभा को किया संबोधित, बोले-

देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व देने वाला नेता चाहिए

संवाददाता ।मधुबनी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के पास अगले पांच सालों के लिए प्रधानमंत्री पद का कोई एक चेहरा नहीं होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व चाहिए. झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश दिए जाने की अपील की.

उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला अंतर्गत फुलपरास विधानसभा क्षेत्र जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने किया था, का सम्मान कांग्रेस और राजद की सरकारों ने नहीं किया पर हमारे नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करके बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मान प्रदान किया है. शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े समाज से आते हुए जो लोकप्रियता हासिल की वह

आज भी कई लोगों की ईर्ष्या का कारण बनी हुई है. शाह ने कहा, गरीब घर से आने वाले कर्पूरी ठाकुर जी ने बिहार में गरीब, दलित और पिछड़ों की आवाज बुलंद की थी और गरीब चाय वाले के घर में जन्म लेने वाले मोदी जी भी देश भर के पिछड़ों, गरीबों, दलितों, आदिवासियों और वंचितों का कल्याण करने वाले नेता के रूप में उभरे हैं.

राजनीति में जातिवाद समाप्त हो जाएगा : उन्होंने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की वकालत करते हुए कहा कि इससे बिहार की

अमित शाह ने कहा-

- प्रधानमंत्री मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करके बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मान दिया है

राजनीति में जातिवाद समाप्त हो जाएगा और योग्यता के आधार पर राजनीति की शुरूआत होगी तथा बिहार एवं देश के अंदर से भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा. शाह ने कहा कि देश के खजाने की पाई-पाई, जिस पर गरीब का अधिकार है, वह गरीब को मिले इसके लिए मोदी जी का जीतना जरूरी है. उन्होंने कहा, आप सोचिए कि अगर यह 'घमंडिया इंडी गठबंधन' जीतता है तो देश का प्रधानमंत्री कौन होगा, क्योंकि इनके पास तो ऐसा कोई नेता नहीं है. मुझे बताइए क्या लालू प्रसाद को देश का प्रधानमंत्री बना सकते हैं? क्या स्टालिन या ममता बनर्जी इस पद को संभाल सकते हैं? राहुल बाबा के बारे में क्या दूर-दूर तक भी सोच सकते हैं? अगर भगवान ना करें, 'इंडी' गठबंधन की सरकार आई तो इन्होंने कहा था कि एक-एक साल हम प्रधानमंत्री पद बांट लेंगे. एक साल शरद पवार, एक साल लालू जी, एक साल ममता जी, एक साल स्टालिन और कुछ समय बचेगा तो राहुल बाबा बनेंगे. देश इस तरह से चल सकता है क्या? शाह ने कहा कि जब देश पर कोरोना का संकट आया तो मजबूत नेतृत्व ने देश को संभालकर इससे बाहर निकाला.

उन्होंने कहा कि देश पर आतंकवाद का साया था तो देश के मजबूत नेतृत्व, मोदी जी ने देश को इससे बाहर निकाला. गृहमंत्री ने कहा कि देश और बिहार में नक्सलवाद था तो इसे खत्म करने का काम मजबूत नेतृत्व ने किया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही जी-20 का आयोजन हुआ व पूरी दुनिया में भारत का सम्मान भी मजबूत नेतृत्व ने ही बढ़ाया. उन्होंने कहा, देश को मजबूर नेतृत्व नहीं चाहिए, देश को मजबूत नेतृत्व चाहिए.

बरात की आतिशबाजी से फल मंडी में लगी आग, सैकड़ों दुकान जलकर राख

संवाददाता ।पूर्णिया

पूर्णिया जिले में रविवार देर रात खुश्की बाग चौराहे के पास मिलन पारा फल मंडी में भीषण आग लग गई. आग लगने का कारण वहां से गुजर रहे बारात के आतिशबाजी को बताया जा रहा है. फल मंडी में आग इस कदर लगी की किसी को कुछ समझ में नहीं आया और लोगों में अफरातफरी ही मच गई. अगलगी की सूचना पर एक के बाद एक छह दमकल की गाड़ियां आयी और इसके बाद लगभग 3:30 बजे सुबह में आग पर काबू पाया गया. घटना की सूचना

पर पूर्णिया के जिला अधिकारी कुंदन कुमार तथा एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे. थोड़ी देर बाद निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव भी वहां पहुंचे. आग इतनी भीषण थी की कई किलोमीटर तक लाल लपटें दिखाई पड़ रही थी. इस अगलगी में करोड़ों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है.

हत्या के मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को हुई उम्रकैद

पटना । सारण जिले के मशरक से तीन बार विधायक रहे तारकेश्वर प्रसाद सिंह को हत्या एवं अपहरण मामले में उम्रकैद की सजा मिली है. कोर्ट ने पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की निवासी शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता के 1996 में अपहरण के बाद हत्या मामले में शामिल होने का दोषी पाया है. छपरा के एमपी-एमएलसी कोर्ट ने इस मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इसी कांड में दो अभियुक्त संजीव सिंह एवं पूर्व मुखिया देवनाथ राय को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. सोमवार को जेल से ही वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिये उनकी पेशी हुई. एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सुधीर कुमार सिन्हा ने पानापुर थाने में दर्ज प्राथमिकी के दोषी पूर्व विधायक पर आर्म्स एक्ट के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई. इससे पहले 19 अप्रैल को उन्हें दोषी ठहराया गया था.

18 जिलों में भीषण गर्मी व लू की चेतावनी जारी

पटना । पूरे बिहार में इन दिनों भीषण गर्मी और लहर वाली पछुआ हवा की चपेट में आ चुका है. पिछले दो सप्ताह से बिहार के सभी जिलों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ उष्ण लहर और लू का कहर जारी है. खासकर दक्षिण बिहार के अधिकतर जिलों के तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्म पछुआ हवा और लहर की स्थिति बनी हुई है. मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के 18 जिलों में अत्यधिक हिट वेब के साथ भीषण उष्ण लहर और लू की चेतावनी दी है.

कारोबार

ट्रांस इंडिया रियल ने सीईओ किया नियुक्त

मुंबई । ऑलकार्गो समूह की कंपनी ट्रांस इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड ने राम वालासे को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है. कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ट्रांस इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर वालासे समूह की रियल एस्टेट शाखा की व्यवसाय वृद्धि और वित्तीय रणनीतियों का नेतृत्व करेंगे. ऑलकार्गो समूह में शामिल होने से पहले वालासे ने वीबीएचसी वैल्यू होम्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में काम किया है.

वारी एनर्जीज को 400 मेगावाट का मिला ठेका

नयी दिल्ली । वारी एनर्जीज को गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी से 400 मेगावाट मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला है. वारी एनर्जीज ने एक बयान में कहा, ये मॉड्यूल, मॉडलों व विनिर्माताओं की अनुमोदित सूची में शामिल हैं. ये 540 डब्लूपी से 570 डब्लूपी के बीच हैं. बयान के अनुसार, कंपनी को 400 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति सौदे के लिए गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड से आशय पत्र मिला है. चेयरमैन हितेश चिमनलाल दोशी ने कहा, हम इस परियोजना पर जीआईपीसीएल के साथ सहयोग करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं.

टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

नयी दिल्ली । टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता किया है. टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा. वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा, हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है. इस समझौते का लक्ष्य बेड़े मालिकों तथा डीलरशिप को उनके व्यावसायिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है.

मालदीव ने कहा-इन मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाये गये हैं

मालदीव में एमडीएच की बिक्री पर लगी रोक

भाषा ।नयी दिल्ली

भारतीय मसाला कंपनी एमडीएच को पहचान की जरुरत नहीं है. जब से कंपनी बाजार में उतरी है तब से हर घर की जरुरत बन चुकी है. लेकिन आज इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं. वहीं सिंगापुर और हांगकांग ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी. अब इस कड़ी में मालदीव भी जुड़ गया है. मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है. मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाये गये हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी. अथॉरिटी ने कहा कि इन ब्रांड्स के मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में इंपोर्ट और यूज किए जाते हैं. बता दें कि इस महीने की शुरुआत में हांगकांग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में कीटनाशक बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स



मसालों की बिक्री पर बैन लगा दिया था. रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है. वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है. एफडीए के प्रवक्ता ने रॉयटर्स को बताया कि एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है.

हालांकि एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को जल्द ही खारिज किया और कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं. इनके कोई ठोस सबूत

एमडीएच मशाला

- मालदीव में बड़ी मात्रा में एमडीएच यूज किए जाते हैं
- सरकार ने इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी

अमेरिका में भी कंपनी के मसालों की जांच हो रही है

नहीं है. एमडीएच ने कहा कि हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है. इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हांगकांग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है. कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी प्रभावशाली 105 साल पुरानी विरासत, हमारे उपभोक्ताओं का विश्वास बनाए रखने में हमारे समर्पण पर जोर देती है.

गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति एमडीएच की प्रतिबद्धता हमारे दिवंगत संस्थापक अध्यक्ष महाशय धर्मपाल गुलाटी द्वारा निर्धारित मानकों को बनाए रखने के प्रति हमारे समर्पण में झलकती है. जिनकी विरासत को उनके बेटे एमडीएच समूह के अध्यक्ष महाशय राजीव गुलाटी आगे बढ़ा रहे हैं. उनका सिद्धांत केवल प्रचार करना और बेचना नहीं है. जिन प्रोडक्ट का वे खुद उपयोग कर रहे हैं, वे काफी सुरक्षित और हेल्दी होगा. हेल्दी मसालों के उत्पादन पर कंपनी का अटूट फोकस है.

स्पाइस बोर्ड के अनुसार, 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर एथिलीन ऑक्साइड ज्वलनशील और रंगहीन गैस बनाता है. यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है. इसका इस्तेमाल मेडिकल इक्विपमेंट्स को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर एथिलीन ऑक्साइड को ''ग्रुप वन कार्सिनोजेन'' के रूप में वर्गीकृत करती है. यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है.

आईवीएमए ने कृष्णा एल्ला को एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया

हैदराबाद । आईवीएमए ने भारत बायोटेक के सह-संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा एम एल्ला को

अप्रैल 2024 से दो साल की अवधि के लिए एसोसिएशन का नया अध्यक्ष घोषित किया है. भारत बायोटेक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अदार सी. पूनावाला की जगह अब एल्ला आईवीएमए अध्यक्ष होंगे. पूनावाला 2019 से मार्च 2024 तक इस पद पर रहे. मौजूदा दो साल के कार्यकाल के लिए बायोलॉजिकल ई की प्रबंध निदेशक महिमा दातला उपाध्यक्ष, भारत बायोटेक के मुख्य वित्त अधिकारी टी. श्रीनिवास कोषाध्यक्ष होंगे. वहीं डॉ. हर्षवर्द्धन आईवीएमए के महानिदेशक के रूप में बने रहेंगे. एल्ला ने कहा, टीके वैश्विक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं. आईवीएमए मिशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर एक इंसान चाहे वे कहीं भी रहता हो उसकी जीवन रक्षक टीकाकरण तक पहुंच हो. डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा, एल्ला की विशेषज्ञता तथा उद्यमशीलता टीका उद्योग के समक्ष 21वीं सदी में पेश हो रही कठिन चुनौतियों से निपटने के लिए उपयुक्त है.

सेबी ने बीएसई के लिए नियामक शुल्क पर नया निर्देश किया जारी

एजेंसी ।नयी दिल्ली

बाजार नियामक सेबी के बीएसई को प्रीमियम मूल्य के बजाय उसके विकल्प अनुबंधों के अनुमानित मूल्य के आधार पर शुल्क का भुगतान करने का निर्देश देने के बाद एक्सचेंज के अब अधिक नियामक शुल्क चुकाने का अनुमान है. सेबी के इस कदम के बाद बीएसई के शेयर सोमवार को एनएसई पर 18.64 प्रतिशत तक गिरकर 2,612.0 रुपये के निचले स्तर पर आ गए. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अनुमानित तथा प्रीमियम मूल्यों के बीच बड़े अंतर के कारण सेबी को बीएसई के

नियामक शुल्क भुगतान में वृद्धि होगी. यह विसंगति गणना पद्धति से उत्पन्न होती है, जिसमें अनुबंध के आकार को अंतर्निहित कीमत से गुणा करना शामिल है. एक्सचेंज ने शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा, बीएसई को विकल्प अनुबंध के बजाय अनुमानित मूल्य पर विचार करने की सलाह दी है.

ब्लूपाइन ने एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ का लिया ऋण

एजेंसी ।नयी दिल्ली

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है. कंपनी बयान के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है. इससे सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7

लाख मकानों को बिजली मिलेगी. ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बयान में कहा, गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

पहल दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद मकतूम ने नये एयरपोर्ट के निर्माण की मंजूरी दी

मकतूम हवाई अड्डा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा

भाषा ।नयी दिल्ली

दुनिया में दुबई की पहचान बिजनेस सिटी के रूप में है. दुनियाभर के कारोबारी यहां पर आते हैं और कारोबार करते हैं. इसे देखते हुए दुबई प्रशासक ने यहां पर दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट बनाने की योजना बनाई है. अभी दुबई एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे बिजी हवाई अड्डे के तौर पर जाना जाता है. इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल हर साल करोड़ों लोग करते हैं. आगे जो नया एयरपोर्ट बनकर तैयार होगा उसका नाम अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा.

इस नए एयरपोर्ट को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने बीते रविवार को

मंजूरी दी. उन्होंने बताया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा. इसमें 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे. इस एयरपोर्ट की क्षमता सालाना करीब 26 करोड़ यात्रियों की होगी. यह एयरपोर्ट नया ग्लोबल सेंटर बनेगा. दुबई के शासक ने आगे कहा कि यह एयरपोर्ट, वर्तमान दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आकार से पांच गुना बड़ा होगा.

वहीं आने वाले सालों में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी

बनेगा एयरपोर्ट

- मकतूम एयरपोर्ट में 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे
- इसकी क्षमता सालाना 26 करोड़ यात्रियों की होगी

ऑपरेशन को इसमें ट्रांसफर कर दिया जाएगा. इस एयरपोर्ट को बनाने में अरबों रुपये खर्च होंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के इस सबसे बड़े एयरपोर्ट को बनाने में करीब 35 अरब डॉलर यानी करीब 2.9 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे. ये रकम इतनी ज्यादा है कि इसमें करीब दो दर्जन बुर्ज खलीफा बनकर तैयार हो सकते हैं. दरअसल बुर्ज खलीफा की लागत 12,500 करोड़ बताई जाती है.

दुबई में पहली बार नई विमानन तकनीकें भी देखने को मिलेंगी. दुबई साउथ में हवाई अड्डे के चारों ओर एक पूरा शहर बसाया जाएगा. यह एयरपोर्ट कई मामलों में बेहद खास होगा. अल मकतूम इंटरनेशलन एयरपोर्ट अभी के दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आकार का पांच गुना होगा. इस एयरपोर्ट पर पांच रनवे होंगे. एयरपोर्ट रसद और एविएशन सेक्टर्स में दुनिया की अग्रणी कंपनियों की मेजबानी करेगा. इस परियोजना से दस लाख लोगों के हाउसिंग प्रोजेक्ट का काम पूरा होगा. यह विश्व स्तर पर विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करेगा.

कुंदन एनर्जी को जलविद्युत परि. स्थापित करने की मिली मंजूरी

एजेंसी ।नयी दिल्ली

कुंदन ग्रीन एनर्जी को उत्तराखंड के ओखली में 42 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है. कुंदन ग्रीन एनर्जी ने एक बयान में कहा कि ओखली परियोजना राज्य में 1,000 करोड़ रुपये के निवेश पर कुल 80 मेगावाट ग्रीनफील्ड जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए पिछले साल उत्तराखंड सरकार के साथ हस्ताक्षरित

समझौते का हिस्सा है. कंपनी ने कहा, कुंदन ग्रीन एनर्जी को 42 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के लिए उत्तराखंड के ओखली में ग्रीनफील्ड संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी मिली है.

लोकसभा चुनाव : राजनाथ सिंह ने किया नामांकन पत्र दाखिल

एजेंसी। लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. सिंह ने भाजपा के राज्य मुख्यालय से प्रमुख नेताओं और समर्थकों के साथ करीब दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया.

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया गया. निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी की उपस्थिति में अपना

नामांकन पत्र दाखिल किया. प्रदेश भाजपा मुख्यालय से निकले जुलूस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा हाथ में पार्टी का चिन्ह 'कमल का फूल' लेकर राजनाथ सिंह और राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी एक खुले वाहन पर सवार थे. पर्चा दाखिल करने से पहले उन्होंने लखनऊ के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर और हनुमान सेतु मंदिर में पूजा-अर्चना भी की. पूरे रास्ते भर उत्साही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारे लगाते हुए, फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर और ढोल बजाते हुए अपना उत्साह जाहिर किया.

स्मृति ईरानी ने अमेठी से दाखिल किया नामांकन

अमेठी (उप्र)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को अमेठी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया. ईरानी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य नेताओं के साथ, पर्चा दाखिल करने से पहले गौरीगंज में भाजपा कार्यालय से एक रोड शो किया. जिलाधिकारी के आदेश पर रोड शो को कलेक्ट्रेट से करीब 200 मीटर पहले ही रोक दिया गया, जहां से ईरानी पर्चा दाखिल करने गयीं. रोड शो में उत्तर प्रदेश के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और ईरानी के पति जुबिन ईरानी भी शामिल हुए. स्मृति ईरानी ने पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी

को हराकर गांधी परिवार और कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी सीट जीती थी. कांग्रेस ने अभी तक इस सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है. हालांकि यहां पार्टीजनों का मानना है कि राहुल गांधी फिर से इस सीट से चुनाव लड़ेंगे. अमेठी में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है.

प्रज्वल रेवन्ना के मामले पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा के पोते एवं हासन लोकसभा सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की 'सेक्स स्कैंडल' के मामले कथित संलिप्तता का जिक्र करते हुए सोमवार को सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप क्यों हैं? कांग्रेस महासचिव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, जिस नेता के कंधे पर हाथ रखकर प्रधानमंत्री फोटो खिंचवाते हैं, जिस नेता का चुनाव प्रचार करने 10 दिन पहले प्रधानमंत्री स्वयं जाते हैं, मंच पर उसकी प्रशंसा करते हैं. प्रियंका गांधी ने कहा, आज कर्नाटक का वह नेता देश से फरार है. उसके जघन्य अपराधों के बारे में सुनकर ही दिल दहल जाता है. सैकड़ों महिलाओं का जीवन जिसने तहस-नहस कर डाला.

जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी बोले

कांग्रेस देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बना रही है

एजेंसी। बागलकोट (कर्नाटक)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे. यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ है. उन्होंने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है. हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है. लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है.

उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे. उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित

खास बातें

- हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता
- कर्नाटक सरकार ने ओबीसी का आरक्षण मुसलमान को दिया

आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी. इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है. मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं. मोदी ने कहा, ये लोग धर्म के आधार पर, अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है. रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा, बागलकोट (बागलकोट) से भाजपा उम्मीदवार पी सी गद्दीगौदर और बीजापुर (बीजापुर) से सांसद रमेश जिगाजिनागी भी मौजूद थे. संसद में एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकतर सांसदों के भाजपा से होने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं। क्या आप ऐसा होने देंगे? उन्होंने कहा, मैं आज अपने दलित, आदिवासी और ओबीसी भाई-बहनों को यह गारंटी देना चाहता हूं. मैं कांग्रेस के ऐसे इरादों को सफल नहीं होने दूंगा. आपके अधिकारों, आपके आरक्षण की रक्षा के लिए मोदी किसी भी हद तक जाएगा. मैं आपको इसका आश्वासन दे रहा हूं.

बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना

नौ लोगों की मौत, 23 घायल

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित एक अन्य की मौत हो गयी है. 23 अन्य लोग घायल हो गये हैं. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास एक पिकअप वाहन रविवार रात एक अन्य मालवाहक वाहन से टकरा गया जिसके कारण नौ लोगों की मौत हो गयी और 23 अन्य लोग घायल हो गये. उन्होंने बताया कि मृतकों में पांच महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं. बताया कि पथर्रा गांव के लोग पिकअप वाहन में सवार होकर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने तिरैया गांव गये थे. रविवार रात जब वे लौट रहे थे तभी उनका वाहन सड़क

किनारे खड़े एक छोटे ट्रक से टकरा गया. अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जिनकी पहचान भूरी निषाद, नीरा साहू, गीता साहू, अग्निया साहू, खुशबू साहू, मधु साहू, रिकेश निषाद और ट्विंकल निषाद के रूप में की गयी है.

पुलिस जांच करने में जुटी

उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग घायल हो गये. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. उन्होंने बताया कि घायलों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया और उनमें से चार लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में भेजा गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है.

कांग्रेस ने पंजाब के लिए 4 उम्मीदवार घोषित किए

नयी दिल्ली । कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को पंजाब की चार सीट के वास्ते उम्मीदवार घोषित किए जिनमें प्रमुख नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का है जिन्हें लुधियाना से टिकट दिया गया है. पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को गुरदासपुर से, खदूर साहिब सीट से कुलबीर सिंह जीरा को उम्मीदवार बनाया गया है. पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंघला को आनंदपुर साहिब लोस क्षेत्र से वर्तमान सांसद मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है.

स्कूल भर्ती घोटाले

उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच पर लगाई रोक

एजेंसी । नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शिक्षक भर्ती मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की सीबीआई जांच का निर्देश देने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी. हालांकि, शीर्ष अदालत ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द करने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. उच्चतम न्यायालय नियुक्तियां रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रहा था. प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नियुक्तियां रद्द करने के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वह मामले पर छह मई को सुनवाई करेगी. यह देखते हुए कि लगभग 25,000 लोगों की नौकरियां छीनना एक गंभीर मामला है.

पश्चिमी केन्या में बांध टूटने से 40 लोगों की मौत

नैरोबी । अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है. केन्या पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारी स्टीफन किरुई ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया. पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई. ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है. बांध टूटने के बाद पानी नीचे की ओर बहने लगा. केन्या में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. बाढ़ के कारण अब तक करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है.

हूती विद्रोहियों ने दागी थी मिसाइलें

आईएनएस कोच्ची ने 22 भारतीय समेत 30 क्रू मेंबर को बचाया

एजेंसी। मुंबई

26 अप्रैल को अरब सागर में भारतीय नौसेना के आईएनएस कोच्ची द्वारा पनामा के झंडे वाले कच्चे तेल के टैंकर एमवी एंड्रोमेडा स्टार को रेस्क्यू किये जाने की खबर है. हूती विद्रोहियों ने इस कच्चे तेल के टैंकर पर मिसाइल दागी थी. इस टैंकर पर 22 भारतीय समेत 30 क्रू मेंबर सवार थे. हमले के बाद टैंकर ने तुरंत इमरजेंसी मदद मांगी. टैंकर के सबसे निकट मौजूद रहा भारतीय नौसेना का आईएनएस कोच्ची तुरंत हरकत में आया और उसे समर्थित हूती विद्रोहियों से छुड़ाया. इस घटना को लेकर अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा

कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने यमन से तीन एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागी. उनका निशाना लाल सागर में मौजूद व्यवसायिक पोत माइशा और एमवी एंड्रोमेडा स्टार था. जानकारी सामने आयी है कि एमवी एंड्रोमेडा स्टार पनामा के झंडे वाला जहाज है, जिसका संचालन सेशेल्स करता है.

राजस्थान से तस्करी के मामले में छह गिरफ्तार

जोधपुर। राजस्थान में एनसीबी और एटीएस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े होने के सिलसिले में छह और लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 45 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है. अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि इसी के साथ उन्होंने सिरोही जिले में मादक पदार्थ बनाने वाले चौथे अड्डे का भंडाफोड़ किया है. एनसीबी के उप महानिदेशक (अभियान) ज्ञानेश्वर सिंह के मुताबिक, एनसीबी और एटीएस ने लगभग तीन महीने की गहन जांच के बाद 27 अप्रैल को राजस्थान और गुजरात में मादक पदार्थ बनाने वाले तीन अड्डों का भंडाफोड़ किया था और वहां से 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया था. साथ ही उन्होंने सात लोगों को गिरफ्तार किया था.

दंतेवाड़ा में 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी । दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को सात महिला नक्सलियों समेत 23 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे. उन्होंने बताया कि नक्सली पुलिस के पुनर्वास अभियान 'लोन वर्राटू' से प्रभावित हैं तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश हैं.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ सड़कें खोदने, सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए पेड़ काटकर गिराने तथा नक्सलियों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान पोस्टर और बैनर लगाने का आरोप है. उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही, जून 2020 में शुरू किए गए पुलिस के 'लोन वर्राटू' (अपने घर/गांव वापस लौटो) अभियान के तहत अब तक 177 इनामी नक्सली सहित कुल 761 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है. इससे पहले इस महीने की 24 तारीख को जिले में तीन महिला नक्सलियों समेत 18 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था.

नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

कोटा (राजस्थान) । राजस्थान में कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यर्थी का शव छात्रावास के कमरे में पंखे से लटका मिला है. पुलिस ने बताया कि मृतक के माता-पिता ने संदेह जताया है कि उनके बेटे की हत्या की गयी है. पुलिस के अनुसार, कोटा में जनवरी से अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा संदिग्ध आत्महत्या करने का यह आठवां मामला है. पिछले साल कोटा में 26 अभ्यार्थियों ने कथित आत्महत्या की थी. पुलिस ने बताया कि मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था और एक साल से अधिक समय से यहां एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था. उसके माता-पिता ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है.

ब्रीफ खबरें

गोली चलाने वाले संदिग्ध को मार गिराया

केन्नेर (अमेरिका) । अमेरिका में लुइसियाना के तीन पुलिस अधिकारी एक संदिग्ध हमलावर के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए. बाद में पुलिस ने संदिग्ध को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी. डब्ल्यूजीएनओ-टीवी' के मुताबिक, जेफरसन पेरिश शेरिफ के कार्यालय के एक स्नाइपर ने केन्नेर में एक घर में संदिग्ध को मार गिराया. उसने घर में घुसने का प्रयास कर रहे तीन पुलिस अधिकारियों पर गोली चलायी थी.

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर परिवहन हुआ बंद

जम्मू। जम्मू कश्मीर के अनेक हिस्सों में रात को बारिश के बाद भूस्खलन की अनेक घटनाओं के मद्देनजर सोमवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया. कश्मीर को देशभर से जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर रामबन जिले के मेहर, गांगरू, मोम पस्सी और किश्तवाड़ी पाथेर में भूस्खलन की घटनाओं के बाद यातायात बंद कर दिया गया. अधिकारियों ने कहा कि बारिश जारी होने की वजह से मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा है.

पाकिस्तान में अपहृत न्यायाधीश हुए रिहा

पेशावर (पाकिस्तान) । पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहृत एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश को कैद से मुक्त कर दिया गया है. खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी. न्यायाधीश का 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल खान जिले के पास अपहरण कर लिया गया था. न्यायाधीश के वाहन चालक को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया था.

तीन दिन के बंद के बाद दुकानें खुलीं

कोहिमा। नगालैंड में भूमिगत रह कर काम करने वाले (अंडरग्राउंड) समूहों द्वारा वसूली के खिलाफ प्रदर्शन के तहत एक औद्योगिक निकाय द्वारा बंद आहूत किए जाने के तीन दिन बाद सोमवार को व्यावसायिक प्रतिष्ठान फिर से खुले. दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान अलग-अलग समय पर फिर से खुले क्योंकि इस पूर्वोत्तर राज्य में बंद का समर्थन कर रहे औद्योगिक निकायों ने सोमवार को अलग-अलग समय पर छूट देने की घोषणा की थी.

सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया

रायपुर । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किस्टाराम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेसेलपाड़ और आस-पास के जंगलों में किस्टाराम एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डीआरजी, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था.

कॅरियर-काउंसिलिंग

ग्राफिक डिजाइन और वीडियो प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में बनाएं कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची

एक ग्राफिक्स और मल्टीमीडिया कोर्स एक एजुकेशनल प्रोग्राम है जो छात्रों को ग्राफिक डिजाइन, वीडियो प्रोडक्शन, वेब डिजाइन, एनीमेशन और अन्य मल्टीमीडिया तकनीकों से संबंधित विभिन्न स्किल्स सिखाता है. छात्र विज्ञापन, मनोरंजन, एजुकेशन और कम्युनिकेशन जैसे विभिन्न एप्लीकेशन के लिए विजुअल और ऑडियो कंटेंट बनाने के लिए विभिन्न सॉफ़्टवेयर टूल और टेक्नीक्स का उपयोग करना सीखते हैं. कोर्स में आमतौर पर ग्राफिक डिजाइन सिद्धांत, रंग सिद्धांत, टाइपोग्राफी, वीडियो संपादन, वेब विकास, एनीमेशन और डिजिटल इमेजिंग जैसे विषय शामिल हैं.

ग्राफिक्स एंड मल्टीमीडिया कोर्स करने के लिए टॉप कोर्सेज

- ग्राफिक डिजाइन में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए).
- मल्टीमीडिया डिजाइन में बैचलर ऑफ साइंस (बीएस).
- डिजिटल मीडिया में बैचलर ऑफ साइंस (बीएस).
- विजुअल कम्युनिकेशन डिजाइन में बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए).
- कंप्यूटर ग्राफिक्स टेक्नोलॉजी में बैचलर ऑफ साइंस (बीएस).
- ग्राफिक डिजाइन में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए).
- मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस).
- डिजिटल मीडिया में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस).
- विजुअल कम्युनिकेशन डिजाइन में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए).
- कंप्यूटर ग्राफिक्स टेक्नोलॉजी में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस).

करियर स्कोप

- बॉलीवुड
- टॉलीवुड
- रीजनल और लोकल न्यूज चैनल
- वेबसाइट्स
- गेमिंग इंडस्ट्री
- एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री

भारतीय विश्वविद्यालय

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- सृष्टि स्कूल ऑफ आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंडस्ट्रीयल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), दिल्ली
- डिजाइन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- पर्ल एकेडमी, दिल्ली
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- डीजे एकेडमी ऑफ डिजाइन, कोयम्बटूर
- रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना

रिक्रूटर्स

- विडेन कैनेडी
- ओगिल्वी एंड माथर
- पिक्सर एनिमेशन स्टूडियो
- ड्रीमवर्क्स एनिमेशन
- इलेक्ट्रॉनिक आर्ट
- स्कोलास्टिक कॉर्पोरेशन
- पियर्सन शिक्षा
- गूगल
- एडोब
- माइक्रोसॉफ्ट
- एप्पल इंक.
- अमेजन
- आईबीएम
- सिस्को सिस्टम्स
- इंटेल कॉर्पोरेशन
- ————-

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)